THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 138 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.4/5 2082 बुधवार, 13 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये



# 'जो कैदी सजा पूरी कर चुके, उन्हें तुरंत रिहा करें'

## > सुप्रीम कोर्ट का राज्यों को अहम निर्देश



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है।

अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

**सभी राज्यों के सचिवों को दिया निर्देश**

जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी पाए गए सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश देते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है। पीठ ने कहा, 'इस आदेश की प्रति रजिस्ट्री द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई आरोपी या दोषी सजा की अवधि से अधिक समय तक जेल में तो बंद नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने आदेश की एक प्रति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भेजने का भी निर्देश दिया ताकि इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधिक सेवा प्राधिकरणों के सभी सदस्य सचिवों को भेजा जा सके और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को इस बारे में सूचित किया जा सके।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यादव को अपनी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था। पीठ ने कहा, '9 मार्च, 2025 के बाद अपीलकर्ता को और अधिक कारावास में नहीं रखा जा सकता। 10 मार्च, 2025 को ही अपीलकर्ता को उसकी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था।'

### दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दी गई थी चुनौती

सुखदेव यादव की याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे तीन सप्ताह के लिए फर्लो पर रिहा करने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। 3 अक्टूबर, 2016 को, सर्वोच्च न्यायालय ने नीतीश कटारा के अपहरण और हत्या में के लिए विकास यादव और उनके चचेरे भाई विशाल यादव को 25 साल की जेल की सजा सुनाई थी।

वहीं सह-दोषी सुखदेव यादव को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। नीतीश कटारा के उत्तर प्रदेश के राजनेता डी.पी. यादव की बेटी भारती से संबंध थे। अलग-अलग जाति से होने के चलते डीपी यादव के परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। इसी लिए भारती के भाइयों विशाल और विकास यादव ने नीतीश कटारा की 16 और 17 फरवरी, 2002 की मध्यरात्रि को एक विवाह समारोह से अपहरण करके हत्या कर दी।

### वोटर वेरिफिकेशन पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

## विपक्षी सांसद 'मिंता देवी' की तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा दोपहर 3 बजे तक और राज्यसभा दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

विपक्ष के हंगामे के कारण विधेयकों पर चर्चा नहीं हो पा रही है। सोमवार को भी बिना चर्चा के 8 विधेयक बिना बहस के ही पास हो गए। लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, नेशनल एंटी-डोपिंग (संशोधन) बिल, इनकम टैक्स (नंबर 2) बिल और टैक्सेशन लॉ (संशोधन) बिल पास हुआ। राज्यसभा में गोवा में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्समायोजन से जुड़ा बिल, मर्चेंट शिपिंग बिल, मणिपुर विनियोग बिल और मणिपुर जीएसटी (संशोधन) बिल पास किए गए। विपक्ष के 300 सांसदों ने वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग के दफ्तर तक मार्च निकाला था। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। हालांकि 2 घंटे बाद इन्हें छोड़ दिया गया था।

# खबरें जरा हटके

## घर बेच परिवार के साथ किराये पर रहने लगा था शख्स, फिर हुआ चमत्कार, ईनाम में मिला करोड़ों का फार्महाउस!



588 रुपये की टिकट पर फॉर्महाउस मिलना चमत्कार की तरह था. अपना घर खरीदने का सपना किसका नहीं होता है. पर एक घर बनाने में, बहुत से लोगों की तो उम्र ही बीत जाती है. दुनिया के हर देश में प्रॉपर्टी की दामों के बढ़ने के कारण यह और भी मुश्किल होता जा रहा है. युवाअवस्था में जो लोग अपने भविष्य की अनिश्चितता के साथ अपना करियर शुरू करते हैं, उनके लिए घर का सपना कब पूरा होगा यह जानना भी एक सपने की ही तरह होता है. पर दो बच्चों के एक पिता के लिए घर का सपना किसी चमत्कार से कम नहीं था क्योंकि उन्हें उनके सपनों का घर एक लॉटरी की तरह हासिल हुआ, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना ही नहीं की थी.

**घर बिकने के बाद नहीं थी उम्मीद**

यूके के वेल्स में रहने वाले 46 साल के नाथन बेलिस कभी नहीं सोचा था कि वे फिर से अपने घर के मालिक बन पाएंगे. आठ साल पहले, बेहतर नौकरी की तलाश में परिवार के साथ वेल्स के एक हिस्से में ट्रांसफर होने के लिए उन्होंने अपना घर बेच दिया था. लेकिन बढ़ती घरों की कीमतों और कम वेतन ने उनके सपने को और मुश्किल बना दिया. एक यार्ड मैनेजर और स्लिंगर सिग्नलर का काम करने वाले नथान के लिए फिर से घर खरीदना असंभव हो गया था. उन्होंने बताया कि उनके इलाके में कम वेतन के बावजूद पर्यटकों की भीड़ के कारण घरों की कीमतें आसमान छू रही थीं. एक फेसबुक पोस्ट ने उनकी जिंदगी बदल दी. नाथन को ट्रामवे पाथ नामक एक प्रतियोगिता कंपनी की पोस्ट दिखी. इस पोस्ट में लोगों के घर जीतने की कहानियां नाथन को बहुत असली लगीं थी. नाथन हमेशा राइटमूव पर घरों की तस्वीरें देखकर सपने देखते थे, उन्होंने बिना अपनी पत्नी को बताए, पांच पाउंड यानी 588 रुपये का रैफल टिकट खरीदा. उन्होंने बताया, "इस रैफल में कुछ ऐसा था जो वास्तविक लगा. यह कोई काल्पनिक पुरस्कार नहीं था, बल्कि ऐसा कुछ था जो मेरे जैसे लोग जीत सकते थे."

### सिंधु जल संधि

## 'ऐसी बातों से अगर हमारी खोपड़ी सनक गई तो एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा'

### बिलावल पर मिथुन का वार



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सिंधु जल संधि पर बिलावल भुट्टो के कथित विवादित बयान पर भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने पाकिस्तान और बिलावल भुट्टो को लताड़ लगाई और उन्हें चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की आवाम समझदार है। वे अच्छे लोग हैं। हमें उनसे कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर ऐसी बातें करते रहेंगे और हमारी खोपड़ी सनक गई तो फिर एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा। हमने एक बांध बनाने के बारे में भी सोचा है, जहां 140 करोड़ लोग पेशाब करेंगे। उसके बाद हम बांध खोल देंगे और सुनामी आ जाएगी।' मिथुन ने साफ किया कि मेरे मन में पाकिस्तान के लोगों के खिलाफ कुछ भी नहीं है। मैंने यह सब बिलावल भुट्टो लिए कहा है।

## स्वतंत्रता दिवस पर हमले की साजिश नाकाम

**राजस्थान से पांच आरोपी काबू**
**जालंधर सीआई और एसबीएस नगर पुलिस को सफलता**

चंडीगढ़, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जालंधर काउंटर इंटेलिजेंस ने एसबीएस नगर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में बीकेआई आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह नेटवर्क पाक स्थित बीकेआई ऑपरेटिव हरविंदर रिंदा के निर्देशों पर विदेशी हैंडलर मन्नू अगवान, गोपी नवांशहरिया और जीशान अख्तर द्वारा संचालित किया जा रहा है।

राजस्थान के टोंक और जयपुर से पुलिस ने पांच गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इस मॉड्यूल ने हाल ही में एसबीएस नगर में एक शराब की दुकान के अंदर हमले की योजना बनाई थी और उसे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐसे ही हमले करने का काम सौंपा गया था। गिरफ्तार आरोपियों को विदेश स्थित जीशान अख्तर और बीकेआई मास्टरमाइंड मन्नू अगवान से सीधे निर्देश मिल रहे थे।

# 'कांग्रेस दिशाहीन हो गई है'

## दिवंगत कांग्रेसी नेता अहमद पटेल के बेटे ने की पीएम मोदी की तारीफ



अहमदाबाद, 12 अगस्त (एजेंसियां)। दिवंगत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अहमद पटेल के बेटे फैसल पटेल ने अपने एक बयान में कांग्रेस पार्टी को दिशाहीन बता दिया है और पीएम मोदी की जमकर सराहना की। फैसल पटेल के इस तरह से कांग्रेस पर खुलकर निशाना साधने और भाजपा नेतृत्व की तारीफ करने से इस बात के कयास शुरू हो गए हैं कि फैसल पटेल आने वाले दिनों में पाला भी बदल सकते हैं।

**'हमारे देश का नेतृत्व अच्छा काम कर रहा'**

फैसल पटेल ने कहा कि 'हमारा देश हमारे सुरक्षाबलों की वजह से सुरक्षित है। मुझे लगता है कि जो देश इस समय देश चला रहे हैं, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डॉ. एस जयशंकर, अमित शाह, राजनाथ सिंह और सुधांशु त्रिवेदी आदि शामिल हैं, वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमारी अपनी समस्याएं हैं जैसे महंगाई, बेरोजगारी आदि, लेकिन ये लोग अच्छा काम कर रहे हैं।'

**'मैंने अभी तक कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ी'**

फैसल पटेल ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि 'कांग्रेस अपनी ही दुनिया में चल रही है। वे दिशाहीन हैं और यही भाजपा चाहती है। भाजपा अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों को बंद कर अपना पूरा नियंत्रण स्थापित करना चाहती है।' हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि वे कांग्रेस पार्टी से नाराज नहीं हैं। फैसल ने कहा कि 'पूरी कांग्रेस पार्टी उनका परिवार है और मेरे पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से अच्छे संबंध हैं। मैं अभी भी कांग्रेस पार्टी में हूं और मैंने अभी तक कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ी है। बस मैंने कुछ समय के लिए सार्वजनिक जीवन से अवकाश लिया है। गुजरात के लोग और स्थानीय नेता मेरे बारे में अच्छी बातें ही बोलते हैं।'

'फैसल पटेल ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि 'राहुल गांधी एक मेहनती नेता हैं। कांग्रेस में शशि थरूर, डीके शिवकुमार, रेवंत रेड्डी, दीपेंद्र हुड्डा और सचिन पायलट जैसे कुछ बहुत ही प्रतिभाशाली और बुद्धिमान नेता हैं।

वे बहुत ही सक्षम नेता हैं। पार्टी में कुछ अंदरूनी समस्याएं हैं। मेरा मानना है कि पार्टी चलाने वाले वरिष्ठ नेताओं को सही सलाह नहीं दी जाती। उनके सलाहकार अच्छा काम नहीं कर रहे हैं। वे आते-जाते रहते हैं, लेकिन पार्टी को जो वरिष्ठ नेता हैं, उनकी सलाह पर ध्यान नहीं दिया जाता।' उन्होंने कहा कि 'सशस्त्र बलों ने बहुत अच्छा काम किया।

## देखने में पिद्दी सा घर, सिर्फ दो कदम चलते ही खत्म हो जाता है फ्लैट, लेकिन कीमत सुनकर उड़ जाएंगे होश!



दुनिया में अजीबोगरीब चीजें अक्सर हमारा ध्यान खींच लेती हैं और जब बात घरों की हो तो यह और भी दिलचस्प हो जाता है. ब्रिटेन में एक ऐसा ही पिद्दी सा घर आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं. यहां के साउथ यॉर्कशायर के शेफील्ड में 'हॉलवे होम' नाम का यह घर इतना संकरा है कि आप एक ही बार में दोनों दीवारों को छू सकते हैं. यह अनोखी प्रॉपर्टी सिर्फ 21 वर्ग मीटर में फैली हुई है, जिस वजह से सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि यह घर सिर्फ 'दो कदम में खत्म' हो जाता है. लेकिन कीमत होश उड़ा देने वाली है. यह प्रॉपर्टी 60,000 (लगभग 63 लाख रुपये) में बिक्री के लिए उपलब्ध है. 'फैक्ट्री कन्वर्जन फ्लैट' के रूप में लिस्ट किए गए इस घर में सिर्फ एक कमरा है, जो एक लंबी गली जैसा दिखता है और एक बाथरूम है.

घर के अंदर के हालात को देखकर आप भी चौंक जाएंगे. दरअसल, मौजूदा किराएदार ने इस छोटे से घर में एक सिंगल गद्दा और एक छोटा दो सीटों वाला सोफा किसी तरह एडजस्ट किया हुआ है. तस्वीरों में देखा जा सकता है कि गद्दे के पास ही एक लैपटॉप और कीबोर्ड रखा है, जो शायद ऑफिस और लाउंज दोनों का काम करता है. रसोई के सामान को भी एक कॉम्पैक्ट जगह में करीने से लगाया गया है, जिसमें एक हॉब, ओवन, फ्रिज और कुछ अलमारियां शामिल हैं. बाथरूम में भी जगह की कमी है, जिसमें एक बॉक्सी शावर, सिंक और टॉयलेट है. हालांकि, एजेंट्स ने इस छोटे से फ्लैट को "छात्रों के लिए आदर्श" या "पहली बार निवेश करने वालों के लिए एक शानदार अवसर" के रूप में बताया है. हालांकि, सोशल मीडिया पर लोग इस फ्लैट को देखकर भड़क गए. प्रॉपर्टी साइट पर कई लोग इस घर को देखकर हैरान हैं और इसकी कीमत पर सवाल खड़े कर रहे हैं.

# लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग

## कनाडा की पार्टी बोली-देश-विदेश में हिंसा की जिम्मेदारी ली, दक्षिणी एशियाई को टारगेट कर रहा




जालंधर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा में बढ़ते गैंग अपराध और हिंसक घटनाओं के बीच फिर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग उठी है। कंजरवेटिव पार्टी ने संघीय सरकार से इस गैंग को आतंकी घोषित करने की अपील की है।

उनका कहना है कि यह गैंग पूरे देश में हिंसक अपराध, धमकियां और डर फैलाने वाली घटनाओं में शामिल है, खासकर ब्रिटिश कोलंबिया, अल्बर्टा और ओंटारियो में दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी के नेताओं ने सरकार को एक पत्र भेजा, जिसमें बताया गया कि यह गैंग सोशल मीडिया पर खुलेआम कई हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है। इनमें हाल ही में सरे के एक कैफे पर हुई गोलीबारी भी शामिल है, जो मशहूर कॉमेडियन और बॉलीवुड अभिनेता कपिल शर्मा का कैफे है। इसके अलावा, यह गैंग जून 2023 में सरे गुरुद्वारा के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भी संदिग्ध माना जाता है।

**जैसा कंजरवेटिव सांसद ने पब्लिक सेफ्टी मंत्री को भेजे गए लेटर में कहा**

कंजरवेटिव पार्टी के पब्लिक सेफ्टी शैडो मिनिस्टर फ्रैंक कैपुटो ने पब्लिक सेफ्टी मंत्री गैरी आनंद संगरी को लिखे पत्र में कहा- लॉरेंस बिश्नोई गैंग की गतिविधियां इसे आतंकी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करती हैं। यह गैंग कनाडा और विदेश में हिंसक घटनाओं की जिम्मेदारी ले चुका है। इसकी गतिविधियों में राजनीतिक गोलीबारी, दक्षिण एशियाई कनाडाई नागरिकों से वसूली और हिंसा शामिल है।

यह गैंग राजनीतिक, धार्मिक और वैचारिक कारणों से ऐसी घटनाओं में शामिल होता है और इनके सदस्य खुलेआम ऐसे कृत्यों का बखान करते हैं, ताकि अन्य संभावित लक्ष्यों को डराया जा सके। आपसे आग्रह करता हूं कि लॉरेंस गैंग को आतंकी घोषित किया जाए, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सरकार के सभी स्तरों को इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए आवश्यक कानूनी औजार मिल सकें। इस घोषणा से सरकार को इस गैंग के खिलाफ वित्तीय, आपराधिक और संपत्ति संबंधी प्रतिबंध लगाने का अधिकार मिलेगा। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड ईबी, अल्बर्टा की प्रीमियर डेनियल स्मिथ, ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन और सरे की मेयर ब्रेंडा लॉक सहित कई नेताओं ने इस पर सहमति जताई है।

## दिल्ली में दरिंदगी : स्विमिंग सीखने आई दो बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म

### एक ने मां को बताई आपबीती; दी थी ये धमकी

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। नरेला स्थित स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने गई नौ और 12 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान अनिल और उसके साथी मुनील के रूप में हुई है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने घटना की पुष्टि की है। घटना 5 अगस्त की है। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक दोनों बच्ची स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने जाती है।

आरोप है कि 5 अगस्त को 9 साल की बच्ची वहां गई थी, जिसे अनिल ने पकड़कर एक कमरे में ले गया, जहां 12 साल की बच्ची पहले से मौजूद थी। जहां आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान उसका साथी आ गया और उसने भी दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से पीड़िताओं ने अपने परिवार वालों को घटना के बारे में नहीं बताया। साथ ही स्विमिंग पूल में जाना छोड़ दिया। नौ साल की बच्ची के स्विमिंग में नहीं जाने पर उसकी मां ने पूछताछ की, तब बच्ची ने घटना के बारे में बताया। उसके बाद परिवार वालों ने घटना की शिकायत नरेला थाने में की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक ही युवती से शादी करने वाले दो भाइयों को खूब पसंद कर रहे लोग



हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में रहने वाले दो सगे भाइयों की अनोखी शादी इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। खास बात यह है कि दोनों भाइयों ने एक ही युवती से शादी की है। इस अनोखे रिश्ते को लोग न सिर्फ स्वीकार कर रहे हैं बल्कि खूब पसंद भी कर रहे हैं। शादी की फोटोज और वीडियो वायरल होने के बाद इनके फेसबुक पेज पर फॉलोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। अब इनके फेसबुक पेज पर 50 हजार से अधिक फॉलोअर्स हो गए है। सोशल मीडिया पर लोग इन्हें समर्थन दे रहे हैं और कई लोग इस रिश्ते को आपसी समझ, भरोसे और सामंजस्य की मिसाल बता रहे हैं।

**दोनों भाइयों ने डाला वीडियो**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों भाइयों का यह निर्णय आपसी सहमति से हुआ और परिवार ने भी इसे स्वीकार किया। तीनों एक साथ रहते हैं और अपने जीवन को खुशहाल तरीके से जी रहे हैं। फेसबुक पर इनके वीडियो और तस्वीरें बड़ी संख्या में शेयर हो रही हैं। लोग कमेंट कर अपनी राय दे रहे हैं। किसी ने इसे अनोखा लेकिन सुंदर रिश्ता कहा तो किसी ने इसे प्यार और समझ का बेहतरीन उदाहरण बताया। वहीं फेसबुक पर 50 हजार फॉलोअर्स हो जाने पर दोनों भाइयो ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वो अपने चाहने वालों का धन्यवाद कर रहे हैं।

## स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म रिश्तेदार समेत पांच हिरासत में

केंद्रपाड़ा, 12 अगस्त (एजेंसियां)। ओमडिशा में स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीड़िता के रिश्तेदार समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि केंद्रपाड़ा जिले के एक गांव में 15 वर्षीय एक लड़की के साथ उसके एक करीबी रिश्तेदार समेत पांच लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। सभी पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

**रक्षाबंधन के दिन किया कुकर्म**

उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा की छात्रा ने सोमवार को राजनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि नाबालिग का एक रिश्तेदार 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर उसके घर आया और उसे एक सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि नाबालिग के रिश्तेदार ने उसे पास के गांव के एक मंदिर में जाने के लिए कहा था, लेकिन वह उसे अपराध स्थल पर ले गया।

**अपराध की योजना पहले ही बना ली गई थी**

उन्होंने बताया कि नाबालिग ने यह भी आरोप लगाया कि घटनास्थल के पास मौजूद चार अन्य लोगों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने कहा, 'ऐसा लग रहा है कि अपराध की योजना पहले ही बना ली गई थी। लड़की का रिश्तेदार ही मुख्य आरोपी है।' अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने इस बारे में अपने परिवार को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## कमरा करवाया बुक फिर युवक-युवती ने किया सुसाइड

सिरसा, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सिरसा में जाट धर्मशाला के सामने एक होटल में युवक व युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते सुसाइड कर लिया। युवती ने जहरीला पदार्थ खाया था और युवक ने खुद को पंखे से फांसी लगा ली। दोनों की मौत की सूचना होटल मालिक ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं, युवती के परिजन भी उसे ढूंढते हुए होटल में पहुंच गए। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है, जहां पर परिजनों के बयानों के आधार पर पोस्टमार्टम किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक होटल में दिए दस्तावेजों के अनुसार युवक की पहचान मौजूखेड़ा निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई है और युवती मंजू गांव शाहपुरिया की रहने वाली थी।

### 'जब इंसानियत मर गई सड़क पर'

## पत्नी का शव बाइक पर बांध 50 किमी चला बेबस पति, मदद को नहीं रुकी कोई गाड़ी



सिवनी, 12 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के सिवनी में नागपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर हुए दर्दनाक हादसे में पत्नी की मौत के बाद पति को सड़क किनारे खड़े होकर मदद मांगनी पड़ी, लेकिन कोई वाहन नहीं रुका। मजबूर होकर पत्नी का शव बाइक की पिछली सीट पर बांधा और 50 किलोमीटर सफर किया। नागपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा और उससे भी ज्यादा इंसानियत को शर्मसार करने वाला मंजर देखने को मिला। सड़क किनारे मदद के लिए तड़पते एक व्यक्ति को किसी ने नहीं रोका, मजबूरन उसने अपनी पत्नी का शव बाइक की पिछली सीट पर बांधकर 50 किलोमीटर तक सफर किया।

**लोणारा से लौटते वक्त हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, सिवनी जिले के करनपुर निवासी अमित यादव पत्नी ग्यारसी के साथ नागपुर के लोणारा से अपने गांव लौट रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ग्यारसी सड़क पर गिर गईं और ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आकर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ट्रक चालक फरार हो गया। पत्नी को खून से लथपथ देखकर अमित ने हाथ जोड़कर गुजरते वाहनों को रोकने की कोशिश की, लेकिन कोई मदद के लिए नहीं रुका। कई मिनट तक इंतजार के बाद उन्होंने पत्नी के शव को कपड़े से बाइक की पिछली सीट पर बांधा और गांव की ओर निकल पड़े। करीब 50 किलोमीटर आगे पुलिस की नजर पड़ी। यह नजारा देखकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। उन्होंने बाइक रोककर शव को नागपुर के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 138 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.4/5 2082 बुधवार, 13 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। यह नोटिस इसलिए जारी किया गया है, क्योंकि एयरलाइन की ओर से करीब 1,700 पायलटों के प्रशिक्षण में कथित तौर पर कुछ चूक हुई हैं। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि यह नोटिस पिछले महीने एयरलाइन से मिले दस्तावेजों और जवाबों की जांच करने के बाद जारी किया गया। डीजीसीए ने पाया कि करीब 1,700 पायलटों के 'सी' श्रेणी या महत्वपूर्ण हवाई अड्डों के प्रशिक्षण ऐसे सिम्युलेटर पर कराए गए, जो प्रमाणित नहीं थे। इसमें मुख्य पायलट और सहायक पायलट भी शामिल हैं।

# 'आधार नागरिकता का सबूत नहीं'

> जिंदा लोगों को मृत बताने पर चुनाव आयोग बोला-गलतियां स्वाभाविक
> सांसद मनोज झा की याचिका पर बिहार एसआईआर पर हुई सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

पटना, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर सुनवाई हुई। आरजेडी सांसद मनोज झा की तरफ से पैरवी कर रहे वकील कपिल सिब्बल ने कहा- बिहार की वोटर लिस्ट में 12 जीवित लोगों को मृतक बताया गया है।

चुनाव आयोग की तरफ से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा- इस प्रकार की एक्सरसाइज में कुछ गलतियां स्वाभाविक थीं। यह दावा करना कि मृतकों को जीवित और जीवित को मृत घोषित किया गया, यह सही किया जा सकता है, क्योंकि यह एक मसौदा था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहें, क्योंकि प्रक्रिया शुरू होने से पहले वोटरों की संख्या, प्रोसेस से पहले और अब मृतकों की संख्या समेत अन्य कई सवाल उठेंगे। मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में सुनवाई चल रही है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय चुनाव आयोग के इस विचार का समर्थन किया कि आधार को नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए, और कहा कि इसका स्वतंत्र रूप से सत्यापन किया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति कांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल से कहा, चुनाव आयोग का यह कहना सही है कि आधार को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसका सत्यापन किया जाना चाहिए।

### संसद के बाहर विपक्ष का प्रदर्शन : चुनाव आयोग और सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। चुनावों में कथित धांधली, वोट चोरी और एसआईआर प्रक्रिया पर राजनीतिक हंगामा बरकरार है। इसी क्रम में मंगलवार को विपक्ष के सदस्यों ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत 'इंडिया' ब्लॉक के लगभग सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। विपक्ष '124 साल की मिंता देवी' की टी-शर्ट पहनकर आया, जिनका कथित तौर पर फर्स्ट वोटर में नाम दर्ज है। विपक्ष का आरोप है कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं, जनता के अधिकार छीन रहे हैं। एसआईआर पर कांग्रेस सांसद कार्ति पी. चिदंबरम ने कहा, यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। अगर चुनाव आयोग की पूरी बुनियाद ही संदेह के घेरे में है, तो चुनाव नतीजे भी संदिग्ध हैं और लोकतंत्र कमजोर होता है।

### तेलंगाना में वकील दंपति की हत्या की जांच सीबीआई को सौंपी

नई दिल्ली, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में वकील दंपति की हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया है। वकील दंपति की हत्या साल 2021 में तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में हुई थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया। जांच सीबीआई को सौंपने के लिए याचिका वकील गट्टू वामन राव के पिता गट्टू किशन राव ने दायर की थी। गट्टू वामन राव के साथ ही उनकी पत्नी पीवी नागमनी की भी हत्या कर दी गई थी। दंपति तेलंगाना उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करते थे। आरोपियों ने चाकू और अन्य धारदार हथियारों से रामगिरि मंडल के एक गांव में दंपति की गाड़ी पर हमला किया था और हमले के बाद मौके से फरार हो गए थे। दंपति ने पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के मामले में अदालत में याचिका दायर की थी।

# पेद्दम्मा तल्ली मंदिर विवाद में भाजपा अध्यक्ष नजरबंद

### हिंदू संगठन के कार्यक्रम में होना था शामिल



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के बंजारा हिल्स इलाके में पेद्दम्मा तल्ली मंदिर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अब इस मामले में राज्य सरकार ने तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष रामचंद्र राव को उनके घर में ही नजरबंद कर दिया है। रामचंद्र राव पेद्दम्मा तल्ली मंदिर मामले को लेकर हिंदू संगठन द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल होने वाले थे। जैसे ही पुलिस की इसकी सूचना मिली तो कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को नजरबंद कर दिया गया।

**राव को हिंदू संगठन के कार्यक्रम में शामिल होना था**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष रामचंद्र राव पेद्दम्मा तल्ली मंदिर में आयोजित होने वाले एक प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदू संगठनों ने किया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने रामचंद्र राव को घर में ही नजरबंद कर लिया। इस पर रामचंद्र राव ने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार, हिंदुओं की धार्मिक गतिविधियों को सीमित कर रही है। गौरतलब है कि राज्य सरकार और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बीते दिनों हैदराबाद के बंजारा हिल्स जैसे हाईप्रोफाइल इलाके में स्थित एक मंदिर को अवैध बताकर ढहा दिया था। हिंदू संगठन और भाजपा समर्थक इसका विरोध कर रहे हैं और मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं। रामचंद्र राव ने कहा कि मंगलवार तड़के पुलिस मेरे घर आई और मुझे बताया गया कि मुझे नजरबंद कर दिया गया है। पूछने पर उन्होंने बताया कि ये पेद्दम्मा तल्ली मंदिर से जुड़ा है। मंदिर को सरकार ने अवैध बताकर ढहा दिया था। स्थानीय लोग अब मंदिर का पुनर्निर्माण करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले पुलिस ने भाजपा नेता माधवी लता को भी इस मामले में नजरबंद किया था।

# राहुल ने कहा-पिक्चर अभी बाकी है



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की 'फर्स्ट टाइम' वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा- हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है।

राहुल ने कहा- चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। ईसी का कर्तव्य है कि वो 'एक व्यक्ति एक वोट' को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नई पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

## 'दोषी पाए गए लोगों का रद्द किया जाएगा ओसीआई कार्ड'

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने मंगलवार को जानकारी दी कि उन लोगों का ओसीआई कार्ड अब रद्द कर दिया जाएगा, जिन्हें कम से कम दो साल की जेल की सजा हुई हो या जिनके खिलाफ ऐसे अपराध में आरोपपत्र दाखिल हुआ हो, जिसकी सजा सात साल या उससे ज्यादा हो सकती है। ओसीआई कार्ड भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को बिना वीजा भारत आने की सुविधा प्रदान करता है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव स्वीकार किया

### * तीन सदस्यीय समिति गठित

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए बहुदलीय नोटिस स्वीकार करने के बाद उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया।

इससे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस जांच समिति में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी.वी. आचार्य शामिल हैं। बिरला ने कहा, समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव जांच समिति की रिपोर्ट मिलने होने तक लंबित रहेगा। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ने कहा कि उन्हें 21 जुलाई को रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित 146 लोकसभा सदस्यों की ओर से न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव मिला था। 14 मार्च को उनके सरकारी आवास पर जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली से इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के संबंधित कानूनों और फैसलों का हवाला देने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने पाया कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के थे। ओम बिरला ने कहा कि बेदाग चरित्र, वित्तीय और बौद्धिक ईमानदारी न्यायपालिका में एक आम व्यक्ति के विश्वास की नींव है।



उन्होंने कहा, मौजूदा मामले से जुड़े तथ्य भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124, अनुच्छेद 217 और अनुच्छेद 218 के अनुसार कार्रवाई के योग्य हैं।

# लोकसभा में भारतीय पत्तन विधेयक पारित

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में सोमवार को भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 पारित कर दिया गया। यह विधेयक ऐसे समय में पारित हुआ, जब विपक्ष बिहार में मतदाता सूची से जुड़े मुद्दे पर हंगामा कर रहा था। विधेयक को निचले सदन में ध्वनि मत से पारित किया गया, जबकि विपक्षी सांसद नारेबाजी करते रहे। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही शाम साढ़े चार बजे तक स्थगित कर दी गई।

यह विधेयक भारत के बंदरगाहों से जुड़े कानूनों को एक साथ जोड़ने, बंदरगाह के विकास को सुव्यवस्थित करने, व्यापार करने में आसानी बढ़ाने और देश के समुद्री तटों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के मकसद से लाया गया है। इस विधेयक में प्रमुख बंदरगाहों के अलावा अन्य बंदरगाहों के लिए राज्य समुद्री बोर्ड बनाने का प्रावधान है। साथ ही, बंदरगाह क्षेत्र के विकास के लिए समुद्रीय राज्य विकास परिषद बनाने का भी प्रावधान है। विधेयक में यह भी प्रावधान है कि बंदरगाहों पर प्रदूषण, आपदा, आपात स्थिति, सुरक्षा, नेविगेशन और डाटा प्रबंधन को लेकर बेहतर व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, भारत की अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों का पालन, बंदरगाहों का संरक्षण और बंदरगाहों से जुड़े विवादों के समाधान के लिए विवाद निवारण तंत्र भी बनाने का भी प्रावधान है।

### विशेषज्ञ समिति ने कहा-देश में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं

**भारत में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं :**

एक विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि भारत में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं है। ये टीके उन जगहों के लिए बनाए गए हैं, जहां मलेरिया का संक्रमण मध्यम स्तर से अधिक होता है और बच्चों की मौत का खतरा ज्यादा होती है। सरकार की ओर से मंगलवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी गईज। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने यह जानकारी एक सवाल के लिखित जवाब में दी। उनसे पूछा गया था कि क्या भारत का पहला मलेरिया टीका आर21/मैट्रिक्स-एम ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और भारत के सीरम इंस्टीट्यूट ने मिलकर तैयार किया है और क्या इसे भारत में इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई है।

मंत्री ने कहा, भारत में मलेरिया के टीके के इस्तेमाल को एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी, जिसने सिफारिश की है कि भारत उन मापदंडों में नहीं आता, जहां इस टीके की जरूरत हो, क्योंकि यह टीका उन क्षेत्रों के लिए बनाया गया है, जहां मलेरिया का संक्रमण ज्यादा होता है और बच्चों की मौत का खतरा रहता है। फार्मास्युटिकल्स (दवाइयों) और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर अब तक कोई अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) नहीं लगाया गया है। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले कुछ उत्पादों पर 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ सात अगस्त से लागू हुआ है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि भारत के कुल माल निर्यात के करीब 55 प्रतिशत मूल्य वाले उत्पाद इस जवाबी टैरिफ के दायरे में आ सकते हैं। इसके अलावा, 27 अगस्त से कुछ अन्य उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में अब तक ऐसा कोई अतिरिक्त टैरिफ नहीं लगाया गया है। प्रसाद ने कहा कि सरकार निर्यातकों और उद्योगों सहित सभी संबंधित पक्षों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि इस बात को समझा जा सके कि जवाबी शुल्क का क्या असर पड़ रहा है।

## संसद सत्र : 'गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की योजना नहीं'

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के हंगामे के बीच मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित की गई। इस बीच सरकार ने कई सवालों के जवाब दिए। सरकार ने एक सांसद के सवाल के जवाब में कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की योजना नहीं है। वहीं एक देश, एक चुनाव वाली संसदीय समिति के कार्यकाल में विस्तार किया गया है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने संसद को बताया कि केंद्र सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने वाला कोई कानून बनाने की योजना नहीं बना रही है। लोकसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बघेल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण के तहत पशुओं का संरक्षण एक ऐसा मामला है।

# 'हम देश के हर नागरिक के संरक्षक हैं'

### जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने पर सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को खुद को देश के सभी नागरिकों का 'संरक्षक' बताया। अदालत ने कई मामलों में जांच एजेंसियों की ओर से मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को तलब करने पर स्वत: संज्ञान लिया और अपना फैसला सुरक्षित रखा।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान पीठ ने टिप्पणी की, हम देश के सभी नागरिकों के संरक्षक हैं। पीठ ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि न्याय प्रशासन के एक हिस्से के रूप में वकीलों को संरक्षण दिया जाना चाहिए। किसी वकील के किसी अपराध में शामिल होने के मुद्दे पर, पीठ ने कहा कि उसने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें गढ़ने के संबंध में सलाह देने की उनकी सामान्य कार्यप्रणाली से कोई भी भटकाव उन्हें मिली प्रतिरक्षा को समाप्त कर देगा।

मेहता ने कहा कि जांच एजेंसियों को कभी भी किसी वकील को पेशेवर राय देने के लिए नहीं बुलाना चाहिए। मामले में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि मुद्दा न्याय तक पहुंच का है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक वकील के खिलाफ इस आधार पर एफआईआर दर्ज की गई कि उनके मुवक्किल ने कहा था कि उन्होंने उन्हें नोटरीकृत हलफनामा देने के लिए अधिकृत नहीं किया था। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि वह वकीलों के दो वर्ग नहीं बना सकती।

## 10-15 साल पुराने वाहनों के मालिकों को बड़ी राहत

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा-कोई सख्ती न की जाए

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों को फिलहाल बड़ी राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी.आर.गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। यह फैसला तब आया, जब दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर जबरदस्ती कोई कार्रवाई न की जाए। शीर्ष कोर्ट ने कहा, नोटिस जारी किया जाए। चार हफ्तों में जवाब मांग गया है। इस बीच, हम निर्देश देते हैं कि डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई सख्ती न की जाए।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
बुधवार, 13 अगस्त, 2025 

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: सिर्फ अपनी नहीं बल्कि दुसरो की गलतियों से भी सीखो, क्योंकि लक्ष्य बड़ा है और समय कम

# उत्तम ने सिंचाई विभाग में सीडीओ के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण के आदेश दिए

## सिंचाई मंत्री ने सचिवालय में विस्तृत समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने मंगलवार को तेलंगाना के सिंचाई विभाग के केंद्रीय डिज़ाइन संगठन (सीडीओ) के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक उपायों की घोषणा की। उन्होंने शीर्ष इंजीनियरिंग प्रतिभाओं की तत्काल भर्ती, अत्याधुनिक तकनीक के अधिग्रहण और परियोजना डिज़ाइनों के लिए समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया।

मंगलवार को सचिवालय में एक विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने "डिज़ाइन विभाग को नवीनतम सुविधाओं और सॉफ़्टवेयर से सुसज्जित और मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता" पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि यह संगठन, जिसका "विविध इतिहास" रहा है, कभी राज्य और देश का गौरव था।

उन्होंने कहा, लगभग सौ साल पहले निजाम सागर परियोजना के डिज़ाइन से लेकर प्रमुख योजनाओं के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने तक, डिज़ाइन विभाग ने उत्कृष्टता की प्रतिष्ठा हासिल की है। इस मानक को बहाल किया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में, राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण और न्यायिक आयोग की प्रतिकूल टिप्पणियों के कारण सीडीओ की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने परिचालन संबंधी बारीकियों में न जाते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणियों ने सरकार के लिए संगठन के कामकाज की समीक्षा करना और सुधार शुरू करना अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने कहा, हम इस संस्थान की विश्वसनीयता को कम नहीं होने दे सकते। यह समीक्षा कमियों की पहचान करने और उन्हें शीघ्रता से भरने के बारे में है। उत्तम कुमार रेड्डी ने निर्देश दिया कि सीडीओ में सभी रिक्तियों को बिना किसी देरी के भरा जाए, और इस बात पर ज़ोर दिया कि सिंचाई विभाग के सबसे प्रतिभाशाली और योग्य इंजीनियरों को सभी स्तरों पर सीडीओ में तैनात किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि आईआईटी और एनआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों से हाल ही में भर्ती किए गए इंजीनियरों को संगठन में नियुक्त किया जाए, ताकि नई तकनीकी विशेषज्ञता और डिज़ाइन के नए दृष्टिकोण सामने आ सकें। उन्होंने कहा, सर्वश्रेष्ठ लोगों की भर्ती करना ही पर्याप्त नहीं है, हमें उन्हें वहां नियुक्त करना चाहिए जहां वे अधिकतम प्रभाव डाल सकें। सीडीओ एक ऐसी ही जगह है।

उन्होंने बताया कि जटिल सिंचाई परियोजनाओं के लिए सटीक इंजीनियरिंग और नवाचार की आवश्यकता होती है जो केवल उच्च प्रशिक्षित पेशेवर ही प्रदान कर सकते हैं। मंत्री ने सीडीओ द्वारा सर्वोत्तम संभव डिजाइन तैयार करने के लिए नवीनतम अत्याधुनिक डिजाइन सॉफ़्टवेयर, आधुनिक उपकरण और उन्नत सुविधाओं की "युद्धस्तर पर" खरीद का आदेश दिया। उन्होंने सेवारत या सेवानिवृत्त, दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों को योग्यता के आधार पर सलाहकार के रूप में नियुक्त करने का आह्वान किया और कहा कि सिद्ध विशेषज्ञता वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों को चुनिंदा रूप से नियुक्त किया जा सकता है। सिंचाई परियोजनाओं में इलेक्ट्रोमैकेनिकल इंजीनियरिंग के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गहन विशेषज्ञता वाले सलाहकारों को पूरी तरह से जांच-पड़ताल के बाद नियुक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया, यह एक अत्यधिक विशिष्ट क्षेत्र है, और हमें ऐसे विशेषज्ञों की आवश्यकता है जो परिचालन चुनौतियों का पूर्वानुमान लगा सकें और उसके अनुसार डिज़ाइन तैयार कर सकें। बैठक के दौरान, उत्तम कुमार रेड्डी ने व्यक्तिगत रूप से सीडीओ इंजीनियरों से उन मुद्दों को साझा करने के लिए कहा जिनके लिए उन्हें सरकारी सहायता की आवश्यकता है। नेल्लिकल्लू योजना, डिंडी परियोजना और ऐसी अन्य योजनाओं सहित कई प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के लिए लंबित डिज़ाइन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## अमेरिका में हैदराबाद की महिला की मौत



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की एक युवती की अमेरिका के शिकागो में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, डुंडीगल के गांडी मैसम्मा इलाके के बालाजी नगर के श्रीनु राव की बेटी श्रीजा वर्मा (23) कुछ समय पहले उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चली गई थी और शिकागो में रह रही थी। सोमवार की रात, जब श्रीजा अपने अपार्टमेंट से डिनर के लिए पास के एक रेस्टोरेंट की ओर जा रही थीं, तो कथित तौर पर एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। श्रीजा को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। श्रीजा के रिश्तेदारों ने उनके पार्थिव शरीर को यथाशीघ्र भारत लाने के लिए अमेरिका में तेलुगू संघों से सहायता मांगी है।

# ईको-टूरिज्म विकास पर ध्यान केंद्रित करें : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने वन विभाग कमांड कंट्रोल सेंटर में समीक्षा की



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राज्य में ईको-टूरिज्म के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि सिंगापुर जैसे देशों में केवल 30 एकड़ में नाइट सफारी की सुविधा उपलब्ध हो। राज्य में नदियों और झरनों से युक्त विशाल वन क्षेत्र होने का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को राज्य के संसाधनों का सदुपयोग करने के लिए योजनाएं बनानी चाहिए। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को वन विभाग के कमांड कंट्रोल सेंटर में समीक्षा की।

इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि अमराबाद और कव्वाल टाइगर रिजर्व के जंगल होने के बावजूद, तेलंगाना के लोग बाघों को देखने के लिए दूसरे राज्यों के बांदीपुर और ताडोबा जैसे स्थानों पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अमराबाद और कव्वाल टाइगर रिजर्व के जंगलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए सुविधाएं प्रदान करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि भूमि विवादों को सुलझाने के लिए वन और राजस्व विभागों के बीच एक संयुक्त सर्वेक्षण कराया जाए।

रेड्डी ने कहा कि कलेक्टरों को इस मामले पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने वारंगल काकतीय चिड़ियाघर के विकास के लिए योजनाएं बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हैदराबाद के बाद राज्य के सबसे बड़े शहर वारंगल में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से चिड़ियाघर विकसित करने की संभावनाओं पर एक अध्ययन किया जाना चाहिए। उन्होंने वन्य जीवों के हमलों में मारे गए या घायल हुए लोगों और अपने पशुधन और पालतू जानवरों को खोने वालों को मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया है कि इसके लिए आवश्यकतानुसार सीएमआरएफ से धनराशि का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि वन विभाग और संबंधित कार्य करने वाले विभागों के अधिकारी वन विभाग के दायरे में आने वाली सड़कों और अन्य विकास कार्यों के लिए आवश्यक अनुमतियों के संबंध में आपस में समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण विभाग से जल्द से जल्द अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि वन्यजीवों की सुरक्षा और उनकी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए जंगलों में लगाए गए सभी कैमरों को कमांड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाए। वन एवं पर्यावरण मंत्री कोंडा सुरेखा, राज्य वन विभाग के प्रमुख सचिव अहमद नदीम, मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी वेमुला श्रीनिवासुलु, प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ.सी. सुवर्णा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एलुसिंह मेरु और अन्य वरिष्ठ अधिकारी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

# विनायक चतुर्थी उत्सव की तैयारी को लेकर सीपी ने चर्चा की

## विसर्जन जुलूसों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत निर्देश दिए



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। महानिदेशक एवं पुलिस आयुक्त, सी.वी. आनंद ने आगामी विनायक चतुर्थी उत्सव के मद्देनजर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना और विसर्जन के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने हैदराबाद शहर के सभी पुलिस कर्मियों, उप-निरीक्षकों से लेकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, हैदराबाद शहर तक, के साथ इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के दौरान, आयुक्त ने मूर्तियों की स्थापना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, विसर्जन के समय तक मंडप आयोजकों के साथ समन्वय कैसे करें और विसर्जन जुलूसों के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत निर्देश दिए। पिछले तीन वर्षों से, मिलाद-उन-नबी उत्सव गणेश नवरात्रि समारोहों के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी कोई अपवाद नहीं है, इसलिए आयुक्त ने दोनों आयोजनों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर एस.आई. और पुलिस स्टेशन एस.एच.ओ. को अपने-अपने क्षेत्रों में मंडपों का पूरा विवरण एकत्र करने का निर्देश दिया। यह जानकारी जियो-टैगिंग की सुविधा प्रदान करेगी, जो विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधन और मूर्तियों की आवाजाही पर नज़र रखने के लिए उपयोगी होगी। आयुक्त ने आगे सलाह दी कि मंडप आयोजकों के साथ समन्वय करने और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुलिस स्टेशन स्तर पर नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में विक्रम सिंह मान, अतिरिक्त सीपी कानून और व्यवस्था, पी. विश्व प्रसाद, अतिरिक्त सीपी अपराध, जोएल डेविस, संयुक्त सीपी यातायात, परिमाला हाना नूतन, संयुक्त सीपी प्रशासन के. अपूर्वा राव, डीसीपी विशेष शाखा, के. पुष्पा, डीसीपी स्मित आईटी सेल और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## प्रदर्शनकारी बेरोजगार युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गांधी भवन में मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया जब कई बेरोजगार युवकों ने परिसर में घुसने की कोशिश की और कांग्रेस सरकार से विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने का वादा पूरा करने की मांग की। पुलिस ने उन्हें एहतियातन हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका इरादा गांधी भवन में कांग्रेस नेताओं को ज्ञापन सौंपने का था और घेराव करने की उनकी कोई योजना नहीं थी। हालांकि, सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर तैनात पुलिसकर्मियों ने गेट पर ही उनका प्रवेश रोक दिया। जैसे ही युवाओं ने अंदर घुसने की कोशिश की, पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिससे इलाके में यातायात बाधित हो गया। यहां तक कि जब कुछ लोगों ने अपने ज्ञापन की प्रतियां भी दिखाईं, तो उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया।

कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ नारे लगाते हुए युवाओं ने मांग की कि पिछले साल राज्य विधानसभा में पेश किए गए नौकरी कैलेंडर के अनुसार भर्ती अधिसूचना जारी की जाए।

उन्होंने सरकार से ग्रुप I, II और III की अधिसूचनाएं तुरंत जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हम किसी नई नौकरी की मांग नहीं कर रहे हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि कांग्रेस सरकार विधानसभा और चुनावों के दौरान किए गए वादों के अनुसार अधिसूचनाएं जारी करे।

## बाल पोर्न क्लिप साझा करने के आरोप में दो बुजुर्ग गिरफ्तार

मंचेरियल, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को मंदामरी में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों से संबंधित अश्लील क्लिप साझा करने के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 50 साल से ज़्यादा उम्र के दो लोगों को इंस्टाग्राम और फ़ेसबुक पर बच्चों की अश्लील क्लिप शेयर करने के आरोप में गिरफ़्तार किया गया है। पुलिस ने नेशनल सेंटर फ़ॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन, नई दिल्ली से मिली सूचना के आधार पर तेलंगाना साइबर सुरक्षा शाखा से मिली शिकायत के आधार पर दोनों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट पर अश्लील वीडियो देखने, शेयर करने या फॉरवर्ड करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# युवा नाविकों ने चेक गणराज्य में विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित

## पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अयाज शेख के अधीन लिया प्रशिक्षण



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद सरकारी स्कूल (नल्लागुट्टा और बंसीलालपेट) के 14 वर्षीय कप्तान विनोद दांडू और चालक दल के सदस्य बद्रीनाथ निरुडू (14 वर्ष) (दोनों सुहेम शेख के यॉट क्लब से) ने चेक गणराज्य के लेक लिपनो में हाल ही में संपन्न विश्व चैंपियनशिप के लिए अर्हता प्राप्त की थी और शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 14वें स्थान पर रहे। विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने से पहले दोनों ने कैडेट वर्ग में एक गहन शिविर में सिर्फ दो महीने के लिए उनके और कैडेट वर्ग में पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अयाज शेख के अधीन प्रशिक्षण लिया।

दिलचस्प बात यह है कि अंडर-17 कैडेट क्लास नौकायन नौका (जो वर्ष 2000 तक दशकों तक भारत में बड़े पैमाने पर चलाई गई थी) को हैदराबाद यॉट क्लब के अध्यक्ष और उच्च प्रदर्शन निदेशक द्वारा हुसैन सागर में भारत में पुनः लाया गया है और कुछ ही महीनों में इसने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। विनोद और बद्रीनाथ दोनों ने दो बार एकल अंक में स्थान प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय बेड़े को चौंका दिया, जिसमें 12 दौड़ों में दूसरा स्थान भी शामिल था, तथा सात यूरोपीय देशों, भारत और ऑस्ट्रेलिया की 104 नौकाओं वाले विश्व बेड़े में कुल मिलाकर 14वें स्थान पर रहे।

इस अंडर-17 वर्ग की पुनः शुरूआत से भारतीय नाविकों के लिए बहुत कम उम्र में डबल हैंडर में भाग लेने के द्वार खुल गए हैं। देश भर के नाविक अब बिना किसी चिंता के पांच-छह साल की उम्र से ही नौकायन शुरू कर सकते हैं। डबल हैंडर में भारत के प्रतिष्ठित नाविकों में से एक और कैडेट राष्ट्रीय चैंपियन, पुष्पराजन मुट्टू कहते हैं कि कैडेट क्लास की नाव एक अद्भुत अवधारणा थी। उन्होंने कहा, एक ऐसा पतवार जो झीलों के समतल पानी से लेकर समुद्र की बड़ी लहरों तक 4-30 नॉट की गति से चल सकता है।

उन्होंने कहा, पाल बहुत सरल हैं, फिर भी इसमें नौकायन के अधिकांश पाठ हैं जो नौकायन की मूल बातें बनाते हैं (जो उच्च प्रदर्शन की नींव रखते हैं) न केवल दो-हाथ वाली नौकाओं के लिए बल्कि एकल-हाथ वाली नौकाओं के लिए भी आधारशिला है। मुख्य कोच सुहेम शेख ने कहा कि यह पहली बार नाव चलाने वालों के लिए सर्वश्रेष्ठ नौकाओं में से एक है, क्योंकि कप्तान आसानी से युवा चालक दल को खेल से परिचित करा सकता है, तथा इसमें एक स्पिननेकर सहित तीन पाल हैं। मुट्टू ने कहा, भारत में कैडेट क्लास नौकायन फिर से शुरू करना एक शानदार पहल है और इस पुराने गौरव को भारत में वापस लाने के लिए सुहेम शेख को बधाई।

## कांग्रेस नौकरी चाहने वालों के साथ असामाजिक तत्वों जैसा कर रही व्यवहार

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता अनुगुला राकेश रेड्डी ने मंगलवार को गांधी भवन में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की गिरफ्तारी की निंदा की और कांग्रेस सरकार पर उनके साथ असामाजिक तत्वों जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं ने चुनावों के दौरान कांग्रेस के लिए प्रचार किया था, अब उन्हें चुप कराया जा रहा है और दो लाख सरकारी नौकरियों को भरने के पार्टी के वादे को पूरा करने की मांग करने पर उन्हें पेड आर्टिस्ट करार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, बेरोजगार, जिन्हें कभी भगवान माना जाता था, अब कांग्रेस के लिए भूत बन गए हैं।

उन्होंने मांग की कि सरकार स्थानीय निकाय चुनावों से पहले नौकरी की अधिसूचना जारी करे और जीओ 46 और जीओ 29 के खिलाफ लड़ने वाले बेरोजगार युवाओं के खिलाफ मामले वापस ले। उन्होंने कसम खाई कि बीआरएस बेरोजगार युवाओं को उनकी लड़ाई में पूरा समर्थन देगा। कांग्रेस द्वारा जारी किए गए रोजगार कैलेंडर को 'बेरोज़गार कैलेंडर' करार देते हुए, राकेश रेड्डी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने पिछले सत्र में इसे विधानसभा में पेश किया था, लेकिन बीआरएस विधायकों के बार-बार अनुरोध के बावजूद इस पर बहस से परहेज किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री कांग्रेस शासन के दौरान सृजित रोज़गार के परस्पर विरोधी आंकड़े पेश कर रहे हैं, जिससे उनके झूठे दावों का पर्दाफ़ाश हो रहा है।

# बाल तस्करी रैकेट में फर्टिलिटी क्लिनिक मालिक के खिलाफ 8 और मामले दर्ज

## सरोगेसी घोटाले में गोपालपुरम पुलिस की कार्रवाई

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोपालपुरम पुलिस ने यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर्स की मालिक डॉ.ए. नम्रता और उनके कई सहयोगियों के खिलाफ अवैध सरोगेसी और बाल तस्करी के व्यापक रैकेट में कथित संलिप्तता के लिए आठ और आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। संगठित आपराधिक नेटवर्क में उनकी कथित भूमिका के लिए नम्रता, उनके बेटे जयंत कृष्णा, एक वकील, डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, एजेंट और जन्म देने वाले माता-पिता सहित कुल 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उत्तरी क्षेत्र की डीसीपी एस रश्मि पेरुमल ने बताया कि नम्रता कथित तौर पर एक बड़ा घोटाला चलाती थी जिसमें कमज़ोर दंपतियों का भावनात्मक और आर्थिक शोषण किया जाता था। इस रैकेट में दंपतियों से 11 लाख से 22 लाख रुपये तक की वसूली की जाती थी, कानूनी सरोगेसी का वादा किया जाता था, और बाद में एजेंटों के एक नेटवर्क के ज़रिए अनजान माताओं से प्राप्त बच्चों को सौंप दिया जाता था। ग्राहकों को नकली डीएनए और मेडिकल रिपोर्ट दिखाकर बच्चों को अपना बताया जाता था।

नम्रता पहले हैदराबाद, विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा और गुंटूर में धोखाधड़ी, सरोगेसी धोखाधड़ी और बाल तस्करी से जुड़े 15 आपराधिक मामलों में शामिल रही हैं, जिनमें से कुछ पर अभी भी मुकदमा चल रहा है। उन्होंने सिकंदराबाद, कोंडापुर, विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा, नेल्लोर, राजमंड्री, भुवनेश्वर और कोलकाता में क्लीनिक चलाए। डीसीपी ने बताया, निःसंतान दम्पतियों से वादा किया गया था कि क्लिनिक कानूनी सरोगेसी का प्रबंध करेगा। हकीकत में, कमज़ोर माताओं से लड़की के लिए 3.5 लाख रुपये और लड़के के लिए 4.5 लाख रुपये में बच्चे खरीदे गए, जबकि ग्राहकों से 40 लाख रुपये तक वसूले गए। धोखाधड़ी को छिपाने के लिए फर्जी दस्तावेज और डीएनए रिपोर्ट तैयार की गईं।

## फैक्ट्री में विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत

भुवनगिरी, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। यदाद्री भुवनगिरी जिले के पेद्दा कंदुकुर के पास प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स कंपनी में मंगलवार को हुए विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दहशत में आकर, काम पर मौजूद कर्मचारी फैक्ट्री से भागने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मृतक कर्मचारी की पहचान गोदावरीखानी निवासी सदानन्दम के रूप में हुई है। कई घायलों को तुरंत इलाज के लिए भुवनगिरी क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विस्फोट के सही कारण की जांच की जा रही है।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

विज्ञापन सं. 04/2025

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-केन्द्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई), भावनगर एवं सीएसआईआर-केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान(सीएसआईआर-सीआईएमएपी), लखनऊ के निदेशक के पदों हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 04/2025 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर),अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 20/09/2025 को अथवा उससे पहले भेजें।

CBC-36202/11/0016/2526

एक और लड़की के आत्मदाह पर विपक्ष हमलावर

# बेटियों में सुरक्षा का विश्वास पैदा नहीं कर सकी भाजपा

भुवनेश्वर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। ओडिशा में लगातार सामने आ रहे नाबालिग लड़कियों के आत्मदाह के मामलों को लेकर विपक्ष ने हमला बोला है। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य की भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा बेटियों में सुरक्षा का विश्वास पैदा नहीं कर सकी। सरकार ऐसी व्यवस्था बनाने में फेल रही जहां बेटियां सुरक्षित, सम्मानित महसूस करें। एक महीने के अंदर इसी तरह की घटनाओं में चार लड़कियों की मौत हो चुकी है।



पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि यह जानकर बहुत दुःख, सदमा और पीड़ा हुई कि बरगढ़ के गैसिलाट की एक और लड़की ने खुद को आग लगाकर जान दे दी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उस बच्ची के साथ हैं और परिवार के साथ प्रार्थनाएं हैं। ईश्वर परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि यह बेहद दुखद है कि हमारी लड़कियां अपनी जान लेने के लिए खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क रही हैं और यह हृदयविदारक है। एक महीने के भीतर ऐसी ही परिस्थितियों में चार बच्चियों की जान जा चुकी है। हर मासूम की मौत में ओडिशा की एक बेटी का दर्द छिपा है जो इतना असहनीय हो गया कि उसे अपनी जान लेने के अलावा कोई और रास्ता नहीं सूझा। ये चार मौतें कोई छिटपुट मामले नहीं हैं। ऐसी कई लड़कियां हैं जो हर दिन अपराध का शिकार होकर सबसे दुखद तरीके से मर रही हैं।

पूर्व सीएम ने कहा कि एनकी हताशा सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है। हर त्रासदी उनकी चीखें न सुन पाने की नाकामी को दर्शाती है। भाजपा प्रशासन व्यवस्था में विश्वास पैदा करने में नाकाम रहा है, जहां हमारी बेटियां सुरक्षित, मूल्यवान और सुनी हुई महसूस करें। भाजपा सरकार इन मामलों को रोकने के लिए कब तक इंतज़ार करेगी? भाजपा सरकार की दर्दनाक चुप्पी और निष्क्रियता ओडिशा की बेटियों को और भी असुरक्षित बना रही है।

**बरगढ़ में 13 वर्षीय छात्रा ने दी जान**

ओडिशा के बरगढ़ जिले के एक गांव में कथित तौर पर खुद को आग लगाने वाली 13 वर्षीय स्कूली छात्रा ने सोमवार को बुर्ला के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। बरगढ़ जिले के प्रभारी बोलांगीर के एसपी अभिलाष जी ने बताया कि बुर्ला स्थित वीर सुरेंद्र साईं आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में लड़की की मौत हो गई। आठवीं कक्षा की छात्रा ने खुद को आग लगाने के लिए पेट्रोल का इस्तेमाल किया।' यह घटना 12 जुलाई से अब तक तीन अन्य महिलाओं की जलकर मौत के बाद हुई है। उसी दिन बालासोर में एक 20 वर्षीय छात्रा ने अपने कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली और 14 जुलाई को एम्स भुवनेश्वर में उसकी मौत हो गई। 19 जुलाई को बालांगा में एक नाबालिग लड़की को कथित तौर पर तीन बदमाशों ने आग लगा दी और 2 अगस्त को एम्स दिल्ली में उसकी मौत हो गई। तीसरी ऐसी घटना 6 अगस्त को केंद्रपाड़ा जिले में हुई, जब पट्टामुंडई (ग्रामीण) थाना क्षेत्र में एक तृतीय वर्ष की स्नातक छात्रा का जला हुआ शव उसके घर से मिला।

## 'सिर्फ आधार, पैन या वोटर आईडी से नहीं बन सकते भारतीय नागरिक'

मुंबई, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी होना ही यह साबित नहीं करता कि वह भारतीय नागरिक है।

अदालत ने यह टिप्पणी उस समय की जब उसने एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार कर दिया, जिस पर आरोप है कि वह बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत आया और फर्जी दस्तावेज बनाकर यहां रह रहा था। बता दें कि आरोपी बाबू अब्दुल रुफ सरदार पर आरोप है कि वह पिछले 10 साल से ज्यादा समय से भारत में रह रहा है और उसके पास नकली आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी है। न्यायमूर्ति अमित बोर्कर की पीठ ने कहा कि नागरिकता कानून, 1955 स्पष्ट रूप से तय करता है कि कौन भारतीय नागरिक होगा और नागरिकता कैसे मिलेगी या खत्म होगी। आधार, पैन या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज सिर्फ पहचान और सरकारी सेवाओं के लिए होते हैं, लेकिन वे नागरिकता का सबूत नहीं होते।

# त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप

> मंत्री शिवनकुट्टी ने की पुनर्मतदान की मांग

त्रिशूर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप लगा है। इसे लेकर केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने चुनाव आयोग से फिर से चुनाव कराने की मांग की है।



त्रिशूर लोकसभा सीट से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी जीत मिली थी। इस सीट पर भाजपा नेता सुरेश गोपी ने 74,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। उन्होंने त्रिकोणीय मुकाबले में सीपीआई के वीएस सुनील कुमार और कांग्रेस उम्मीदवार के मुरलीधरन को हराया था।

इस मुद्दे पर वरिष्ठ माकपा नेता शिवनकुट्टी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले और बाद में निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर के आरोप लगे हैं। भाजपा के भीतर गोपी का विरोध करने वाले भी कह रहे हैं कि मतदाता सूची में 30,000 से 60,000 वोट जोड़े जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अब यह बात सामने आई है कि जिले के कई अपार्टमेंटों में आठ से 15 वोट शामिल थे।

शिवनकुट्टी ने कहा कि चुनाव आयोग को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र में दोबारा चुनाव कराना चाहिए। इसके लिए एक वास्तविक और सही मतदाता सूची तैयार की जानी चाहिए। मामले में सुरेश गोपी की लगातार चुप्पी पर शिवनकुट्टी ने कहा कि वह चुप हैं, क्योंकि वह इस मामले पर सच्चा जवाब नहीं दे सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि गोपी मीडिया और लोगों का सामना करने से डर रहे हैं। इसका मतलब है कि उन्होंने मतदाता सूची में हेराफेरी करके और लाखों रुपये खर्च करके चुनाव जीता है। उन्होंने सुरेश गोपी से त्रिशूर के सांसद पद से इस्तीफा देने की मांग की। शिवनकुट्टी ने कहा कि यदि उनकी रुचि हो तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और नया चुनाव लड़ना चाहिए।

**भाकपा नेता ने लगाए थे आरोप**

वरिष्ठ भाकपा नेता वीएस सुनील कुमार ने भाजपा पर मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि वह त्रिशूर से गोपी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में भगवा पार्टी द्वारा की गई कथित हेराफेरी को साबित करने के लिए सबूतों के साथ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

## वह एक सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे : ओवैसी



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ ताजा परमाणु धमकी की निंदा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस पर राजनीतिक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। औवेसी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मामले को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया दी। पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की परमाणु धमकी पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'पाकिस्तान के सेना प्रमुख के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि यह अमेरिका की ओर से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह एक 'सड़कछाप आदमी' की तरह बोल रहे हैं। हमें यह भी समझने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना और उनके डीप स्टेट से लगातार खतरे को देखते हुए हमें अपना रक्षा बजट बढ़ाना होगा, ताकि हम तैयार रह सकें।'

## मंत्री केएन राजन्ना के निष्कासन के विरोध में उतरे समर्थक, मधुगिरी में हंगामा, निकाला गया मार्च

तुमकुरु, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेस विधायक और सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना के सरकार से निष्कासन को लेकर विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को उनके निर्वाचन क्षेत्र तुमकुरु जिले के मधुगिरी में समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। समर्थकों ने अपने नेता के समर्थन में मार्च निकाला। वहीं शहर में जगह-जगह प्रदर्शन हुए। इसके अलावा राजन्ना के खास पार्षद गिरिजा मंजूनाथ ने मधुगिरी नगरपालिका से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस को लेकर दिए गए बयान के बाद सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना से इस्तीफा ले लिया गया था। इसे लेकर उनके समर्थक विरोध में उतर आए। समर्थकों ने राजन्ना को बिना किसी वैध कारण के हटाने के लिए कांग्रेस आलाकमान की निंदा करते हुए नारे लगाए। साथ ही अपने नेता के लिए न्याय की मांग की।

समर्थकों ने मंगलवार दोपहर को बंद का आह्वान भी किया। पुलिस ने भीड़ को शांत करने की कोशिश की लेकिन गुस्साए समर्थकों ने दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करने पर मजबूर किया।

# जींद में बेटी होने पर 21 गांवों को भोज कराया

*8 हजार लोग पहुंचे, शादी के 19 साल बाद पैदा हुई, खाप उपप्रधान ने कुआं पूजन भी कराया*

जींद, 12 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के जींद में शादी के 19 साल बाद एक दंपती के घर बेटी का जन्म हुआ। संतान के लिए 19 साल से तरस रहे दंपती ने उम्मीद छोड़कर भाई का बेटा तक गोद लिया था। मगर, 19 साल एक महीने के बाद बिना किसी दवा लिए दंपती को संतान प्राप्ति का सुख मिला। बेटी के जन्म पर दंपती ने गांव ही नहीं, आसपास के 21 गांवों को चूल्हा न्योता देते हुए भव्य जश्न मनाया।



आमतौर पर बेटे के जन्म पर की जाने वाली कुआं पूजन की रस्म भी की। डीजे बजा। खुशी में परिवार और महिलाएं खूब थिरकीं। कार्यक्रम में 24 खापों के प्रधान समेत करीब आठ हजार लोग नवजात बेटी को आशीर्वाद देने पहुंचे। ये जश्न हुआ गांव थुआ में। बेटी के पिता सुरेंद्र कालीरमण खाप के उपप्रधान भी हैं। उनका कहना है कि यह समाज के लिए संदेश भी है कि बेटी और बेटा बराबर होते हैं।

**सिलसिलेवार तरीके से पढ़ें 19 साल के इंतजार और इस जश्न की कहानी...**

2006 में हुई थी शादी, 3 जगह से इलाज कराया: उचाना हलके के गांव थुआ निवासी सुरेंद्र की 9 जून 2006 को झील गांव की कृष्णा के साथ सुरेंद्र की शादी हुई। शादी के काफी समय बाद भी संतान नहीं हुई, तो उन्होंने पहले कैथल, उसके बाद हिसार और चंडीगढ़ से मेडिकल ट्रीटमेंट लिया।

**10 से ज्यादा बार गर्भपात झेला, कोख में बच्चे की ग्रोथ नहीं हुई**

सुरेंद्र ने बताया कि पत्नी गर्भवती होतीं, लेकिन कोख में बच्चा ग्रोथ नहीं कर पाता। दूसरे-तीसरे महीने में ही गर्भपात हो जाता। 10 से ज्यादा बार उनकी पत्नी कृष्णा को गर्भपात का दर्द झेलना पड़ा। जब उन्होंने डॉक्टर से पता किया तो पीजीआई के डॉक्टरों ने बताया कि कृष्णा का जो ब्लड ग्रुप है, उसके कारण यह दिक्कत आ रही है। इसी कारण संतान सुख प्राप्ति की संभावना कम है।

पीठ पीछे ताने मिलने लगे तो भाई का बेटा गोद लिया: आसपास की महिलाएं आपस में बातें बनाने लग गईं। पीठ पीछे ताने दिए जाने लगे थे। जैसे-जैसे समय बीतता रहा, वह बच्चे की उम्मीद छोड़ने लगे। तब सुरेंद्र व उनकी पत्नी ने बच्चा गोद लेने का मन बनाया। सुरेंद्र ने अपने बड़े भाई के बेटे को गोद ले लिया। एक साल पहले कृष्णा फिर से गर्भवती हुईं। दूसरे-तीसरे महीने तक किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। 10 जुलाई को बेटी का जन्म, नाम रखा भूमि: इस बार मेडिकल टेस्ट करवाए गए तो बच्चे की ग्रोथ ठीक लगी। इसके बाद उन्होंने सावधानी बरतनी शुरू कर दी।

कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का केस

## 1990 के सरला भट्ट हत्याकांड में एसआईए की छापेमारी, यासिन मलिक के घर भी दबिश

श्रीनगर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी ने 1990 में कश्मीरी पंडित महिला सरला भट्ट हत्याकांड में मंगलवार को कई जगहों पर छापा मारा है। ये हत्याकांड 35 साल पहले हुआ था। जांच टीम ने यासिन मलिक के घर पर भी रेड की है। एसआईए की टीम मध्य कश्मीर पहुंची है। राज्य जांच एजेंसी 35 साल पहले हुई एक कश्मीरी पंडित महिला की हत्या की जांच के लिए पहुंची है। मध्य कश्मीर में कई जगहों पर छापे मारी चल रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि सरला भट्ट की हत्या के सिलसिले में प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट से जुड़े कई लोगों के घरों पर रेड मारी है। बता दें कि सरला भट्ट का शव श्रीनगर शहर में मिला था, जो अप्रैल 1990 में सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अपने छात्रावास से लापता हुई थी। जेकेएलएफ के पूर्व नेता पीर नूरुल हक शाह उर्फ एयर मार्शल उन लोगों में शामिल थे। जिनके घरों की तलाशी एजेंसी के अधिकारियों ने ली। बता दें कि एजेंसी ने हाल ही में इस मामले की जांच अपने हाथों में ली थी।



## चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को किया तलब

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। इसके लिए राज्यभर की राजनीति में सियासी गर्माहट तेज है। हालांकि इस गर्माहट का बड़ा कारण चुनाव आयोग और बंगाल सरकार के बीच जारी तनातनी भी है। वहीं इस तनातनी ने तूल तब पकड़ ली जब मंगलवार को चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को मतदाता सूची संशोधन में कथित अनियमितताओं के आरोपी अधिकारियों को न हटाने के फैसले पर स्पष्टीकरण देने के लिए दिल्ली तलब किया।

# आवारा कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत का नया आदेश

**कहा-सुप्रीम कोर्ट परिसर में बचा हुआ खाना खुले में न फेंके**

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को सड़क से हटाकर आश्रय गृहों में भेजने के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नए निर्देश जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुत्तों के काटने से बचने के लिए कोर्ट परिसर में बचा हुआ खाना खुले में न फेंकें। निर्देश में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के गलियारों और परिसर की लिफ्ट में आवारा कुत्तों के घूमने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

मंगलवार को शीर्ष अदालत ने निर्देश में कहा कि सभी बचे हुए खाद्य पदार्थों को केवल उचित रूप से ढके हुए कूड़ेदानों में ही फेंका जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में भोजन को खुले स्थानों या बिना ढके कंटेनरों में नहीं फेंकना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जानवरों को भोजन की ओर आकर्षित होने और उसे खाने के लिए इधर-उधर भटकने से रोकने के लिए यह जरूरी है। इससे कुत्तों के काटने का जोखिम काफी कम हो जाता है और स्वच्छता के मानक भी बने रहते हैं। इस निर्देश को लागू करने में आपका सहयोग सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

**सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया था**

शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा था कि आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज होने की वजह से स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। खासकर छोटे बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय के साथ कुत्तों के आश्रयों की संख्या बढ़ानी होगी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने दिल्ली के अधिकारियों को छह से आठ हफ्तो में लगभग 5,000 कुत्तों के आश्रय स्थल बनाने का निर्देश दिया।

**'क्या रेबीज के शिकार बच्चों को वापस ला पाएंगे?'**

बीते दिन पीठ ने कहा था, 'अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को पकड़कर उन्हें इकट्ठा करने वाले ऐसे बल के आड़े आता है और अगर हमें इसकी सूचना दी जाती है, तो हम ऐसे किसी भी प्रतिरोध के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।' पीठ ने आगे टिप्पणी की कि क्या पशु कार्यकर्ता और तथाकथित प्रेमी रेबीज के शिकार बच्चों को वापस ला पाएंगे? पीठ ने कहा, 'क्या वे उन बच्चों को जीवन वापस दे पाएंगे? जब परिस्थिति की मांग हो, तो आपको कार्रवाई करनी होगी।'

# उत्तराखंड त्रासदी-तबाह धराली फिर से नहीं बसेगा

*पूरा गांव नई जगह शिफ्ट होगा, 10 साल में 3 आपदा आईं; सरकार बोली-43 लोग लापता*



देहरादून, 12 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरकाशी में बादल फटने के बाद आई आपदा में तबाह हुआ धराली गांव अब दोबारा उस जगह नहीं बसेगा। सीएम हाउस में हुई बैठक में यह फैसला हुआ है। तय हुआ कि धराली गांव सुरक्षित जगह शिफ्ट होगा। नदियों के किनारे और लैंडस्लाइड वाले संवेदनशील क्षेत्रों में कोई भी नया निर्माण नहीं होगा। इस तरह की संवेदनशील जगहों वाले अन्य गांव भी शिफ्ट किए जा सकते हैं। बीते 10 साल में धराली इलाके में तीन आपदाएं आईं। तीन बार गांव तबाह हुआ, लेकिन हर बार स्थानीय लोगों ने वहां नई इमारतें खड़ी कर लीं। फिलहाल आपदा के 7 दिन बाद भी धराली गांव लाखों टन मलबे में दबा है। उत्तरकाशी के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकेंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। सरकार ने सोमवार को बताया कि कुल 43 लोग लापता हैं। इनमें से एक ही शव मिल पाया है।

**धराली के विस्थापन के लिए लोगों से बातचीत शुरू**

अपर सचिव बंशीधर तिवारी ने बताया कि धराली के विस्थापन के लिए स्थानीय लोगों से चर्चा शुरू कर दी है। लोग चाहते हैं कि उन्हें 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाया जाए। वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी।

**स्थानीय लोग बोले- 60 से ज्यादा लोग लापता**

पहले दिन सरकार ने 4 लोगों की मौत और 30 लोगों के लापता होने की पुष्टि की थी।

जबकि 10 अगस्त को कहा गया कि 15 लोग लापता हैं, इनका कहीं कुछ पता नहीं। दूसरी तरफ, स्थानीय लोग 60 के लापता होने की बात शुरू से कहते रहे, लेकिन मौसम और सड़कें टूटी होने के चलते इन्हें ढूंढ़ने के प्रयास शुरू नहीं हो पाए। लापता में 29 नेपाली मजदूर भी थे। मोबाइल नेटवर्क आने के बाद इनमें से 5 से संपर्क हो गया है। 24 की तलाश जारी है।

## भूस्खलन से 398 सड़कें बंद, चंबा में हाईवे धंसा चलती बस पर पहाड़ी से गिरे पत्थर

शिमला, 12 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश से कई क्षेत्रों में भूस्खलन व पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। सैकड़ों सड़कें बाधित हैं। कई इलाकों में बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। राज्य में मंगलवार सुबह 10:00 बजे तक तीन नेशनल हाईवे सहित 398 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 669 बिजली ट्रांसफार्मर व 529 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 213 सड़कें बंद हैं। कुल्लू में 84 सड़कें व 367 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। चंबा में चलती बस पर पहाड़ी से पत्थर गिर गए। इससे दो यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।

बताया जा रहा है कि 40 के करीब सवारियां लेकर निजी बस चांजू से भंजराड़ू के लिए निकली थी। चांजू से तीन किमी सफर तय करने के बाद बस चूरसेऊ के समीप पहुंची। इस दौरान अचानक पहाड़ी से गिरे पत्थर बस की छत को तोड़कर अंदर आ गिरे। इससे दो यात्री घायल हो गए। बस में पत्थर गिरने सवारियों में चीख-पुकार मच गई। चालक-परिचालक ने बस को सड़क के किनारे रोक कर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को निजी वाहन के जरिये पीएचसी बघेईगढ़ ले जाया गया। जहां पर उन्हें प्राथमिक उपचार देखकर छुट्टी कर दे दी गई।

# प्रियंका गांधी के आरोपों का इस्राइल ने दिया जवाब, कहा–आपकी ढकोसलेबाजी शर्मनाक

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। गाजा में पत्रकारों की मौत को लेकर आरोप लगाने पर प्रियंका गांधी को इस्राइल ने जवाब दिया है। भारत में इस्राइल के राजदूत ने कहा कि आपकी ढकोसलेबाजी शर्मनाक है। हमास के आंकड़ों पर विश्वास न करें। इस्राइल ने हमास को खत्म कर दिया है। इससे पहले प्रियंका गांधी ने कहा था कि अल-जजीरा के पांच पत्रकारों की हत्या फलस्तीनी धरती पर किया गया जघन्य अपराध है। जो लोग सच के लिए खड़े होने का साहस करते हैं, उनका हौसला इस्राइली हिंसा से कभी नहीं टूटेगा।




प्रियंका गांधी के पोस्ट पर जवाब देते हुए भारत में इस्राइल के राजदूत रियूवेन अजार ने लिखा कि आपकी ढकोसलेबाजी शर्मनाक है। इस्राइल ने 25,000 हमास आतंकियों को मार गिराया। लोगों को मानव जीवन की भयानक क्षति हमास की नागरिकों के पीछे छिपने की घिनौनी रणनीति का परिणाम है। यह निकासी या सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोलीबारी और रॉकेट हमलों के कारण हुआ है। इस्राइल ने गाजा में 20 लाख टन भोजन पहुंचाया, जबकि हमास उसे जब्त करने की कोशिश कर रहा है, जिससे भुखमरी पैदा हो रही है। पिछले 50 वर्षों में गाजा की आबादी 450% बढ़ी है।

वहां कोई नरसंहार नहीं हुआ। हमास के आंकड़ों पर विश्वास न करें। इससे पहले प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि इस्राइल नरसंहार कर रहा है। उसने 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18,430 बच्चे थे। उसने सैकड़ों लोगों को भूख से मार डाला है। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। लाखों लोगों को भूख से मरने का खतरा है। इन अपराधों को चुपचाप और निष्क्रियता से बढ़ावा देना अपने आप में एक अपराध है। यह शर्मनाक है कि भारत सरकार इस्राइल द्वारा फलस्तीन के लोगों पर इस तबाही को ढाए जाने के दौरान चुप बैठी है। प्रियंका ने यह भी कहा था कि अल-जजीरा के पांच पत्रकारों की निर्मम हत्या फलस्तीनी धरती पर किया गया एक और जघन्य अपराध है। ऐसी दुनिया में जहां अधिकांश मीडिया सत्ता और व्यापार का गुलाम है, इन बहादुर आत्माओं ने हमें याद दिलाया कि सच्ची पत्रकारिता क्या होती है? ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 13 अगस्त- 2025

## भारत से बॉसगीरी नहीं चलेगी

भारत ने ट्रंप को कड़ा देने में जरा सी भी मुरौव्वत नहीं बरती है। भारत ने दो टूक कहा कि वह अपने हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। जब भी बात होगी तब बराबरी के स्तर पर ही होगी। रविवार को मध्य प्रदेश रायसेन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ 'बॉस' भारत की तरक्की से जलते हैं। अब उन्हें समझना होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है, जबकि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दिनों दिन आर्थिक संकट से जूझने की ओर बढ़ रही है। बार-बार सीजफायर और टैरिफ का दंभ भरने वाले डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा का शालीनता को बरकरार रखा है। लेकिन अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा करारा था। उनकी बात का संकेत है कि भारत अपने हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को 'डेड' बताने से भी कोई गुरेज नहीं किया था। देखा जाए तो राजनाथ सिंह ने इशारों ही इशारों में इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ 'बॉस' भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं है कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर इसी तरह की बात कही है। आखिर कौन नहीं जानता कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5% पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3% है। आईएमएफ के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17% का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20% तक पहुंचने का अनुमान है। कोरोना महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद वह आजतक बढ़त बनाए हुए है। खुद अमेरिका इस हकीकत से अनजान है कि उसकी अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर से गुजर रही है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर सताने लगा है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर पडने वाला है। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो उसा असर दूसरे देशों पर भी पडे बिना नहीं रहेगा। ट्रेड और टैरिफ पर जिस तरह से ट्रंप सख्त रुख अपनाए हैं वह किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही तो चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज किया जाना किसी खतरे से कम नहीं होगा। इसीलिए पीएम मोदी ने किसानों और मछुआरों को लेकर चिंता व्यक्त की थी।

## अमेरिका की साजिश पाक की परमाणु धमकी




मनोज कुमार अग्रवाल

एक ओर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अनाप शनाप टैरिफ दर लागू कर भारत के खिलाफ अपना शैतानी नजरिया साफ कर दिया है दूसरी ओर भारत सरकार के अमेरिकी टैरिफ के सामने झुकने से इंकार करने और कुछ लडाकू विमानों की खरीद के सौदे निरस्त करने से अमेरिका की हताशा बढ़ गई है। ऐसे में वह पाकिस्तान के नेतृत्व के जरिए भारत के खिलाफ विष वमन करा अपनी हसरत पूरी करने का षडयंत्र कर रहा है लेकिन न सिर्फ पाक को अपनी ओकात का आकलन कर लेना चाहिए वरन अमेरिका को भी भारतीय नेतृत्व के दृढ़ ईरादों और मजबूत आत्मबल व संसाधनों पर नजर डालकर ही कोई हिमाकत करना चाहिए। भारत हर मुसीबत और मुद्दे पर मुकाबला करने का साहस रखता है।

आपको बता दें कि अभी भारतीय मीडिया में पाकिस्तान की इतिहास की सबसे बड़ी धमकी जोर-शोर से छपी है कि पाकिस्तानी सेनाप्रमुख आसिम मुनीर ने अमरीका के एक कार्यक्रम में यह कहा कि अगर भारत सिंधु नदी पर बांध बनाकर पाकिस्तान में आते पानी को रोकेगा, तो हम उस बांध के बनने का इंतजार करेंगे, और फिर उसे दस मिसाइलों से उड़ा देंगे। समाचारों में कहा गया है कि फील्डमार्शल का दर्जा प्राप्त आसिम मुनीर ने अमरीका के फ्लोरिडा में प्रवासी पाकिस्तानियों के एक बंद कार्यक्रम में कहा कि अगर भविष्य में भारत के साथ किसी युद्ध में उनके देश का अस्तित्व खतरे में पड़ा, तो वे परमाणु युद्ध छेड़ देंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक परमाणु हथियार संपन्न देश है, और अगर उसे लगेगा कि वह डूब रहा है, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। बता दें कि भारत की एक प्रमुख समाचार वेबसाइट, द प्रिंट पर बीते दिन आए इस समाचार के बाद यहां से इसे उठाकर भारत के अधिकतर प्रमुख अखबारों ने इसे छापा। समाचार में यह भी लिखा हुआ है कि अमरीका में हुए इस कार्यक्रम में लोगों के मोबाइल फोन बाहर रखवा दिए गए थे, और वहां मौजूद लोगों से बात करके बाद में द प्रिंट ने भाषण के इन हिस्सों से यह समाचार बनाया है। यह याद रखने की जरूरत है कि अभी कुछ हफ्ते पहले आसिम मुनीर को अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति भवन में खाने पर आमंत्रित किया था, और दोनों के बीच खासी लंबी चर्चा हुई थी। इसके अलावा भी पाकिस्तानी सेनाप्रमुख की अमरीका में कई दूसरे फौजी और सरकारी नेताओं से बात-मुलाकात होती रही है। यह लोकतांत्रिक देशों में कुछ अटपटी बात लगेगी क्योंकि निर्वाचित लोकतंत्रों में निर्वाचित प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति ऐसी बात-मुलाकात करते हैं, लेकिन पाकिस्तान एक बुरी तरह से नाकामयाब लोकतंत्र दिखता है जिसमें सेना एक समानांतर सरकार चलाती है, या कि सरकार के ऊपर से अपना काबू रखती है। इसलिए आसिम मुनीर के नाम से निकली इस बात को गंभीरता से लेने की जरूरत है। अब भारत के एक समाचार स्रोत से निकलकर भारत में चारों तरफ इसे छपे अब करीब चौबीस घंटे हो रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान या अमरीका के किसी भी समाचार स्रोत में ऐसा समाचार नहीं है। हो सकता है कि बंद कमरे में पाकिस्तानी फौजी मुखिया की कही यह बात पाकिस्तान में छापना लोगों के लिए आसान न हो, लेकिन अमरीका में तो मीडिया पर ऐसा कोई खतरा नहीं रहता है, और अगर सवा सौ लोग ऐसे डिनर पर मौजूद थे, और पाकिस्तानी फौजी प्रमुख उसमें बोलने वाले थे, तो अमरीकी मीडिया की भी कुछ दिलचस्पी उसमें हो सकती थी। जब द प्रिंट से परे किसी स्रोत पर यह समाचार नहीं मिला, तो इंटरनेट पर चारों तरफ इस बयान को ढूंढने की कोशिश की। लेकिन चैटजीपीटी से लेकर जेमिनी तक ने सिवाय द प्रिंट के और किसी जगह इस बयान की शुरूआत नहीं पाई। करीब चौबीस घंटे बाद भी पाकिस्तानी मीडिया पर इसकी कोई प्रतिक्रिया एआई टूल्स नहीं देख पाए। और द प्रिंट पर इस असाधारण और अभूतपूर्व बयान में बहुत बड़ी धमकियां गिनाई गई हैं जिनमें आसिम मुनीर के शब्दों में यह कहा गया कि पाकिस्तान अपने हमले की शुरूआत भारत के पूर्वी इलाके से करेगा जहां उसके सबसे मूल्यवान संसाधन है, और फिर वह पश्चिम की ओर बढ़ेगा।

# आजादी में भूमिका पर आरएसएस ने आलोचकों को दिया जवाब



अशोक भाटिया

हर साल हम भारत की आजादी की तारीख नजदीक आते ही इतिहास के उन पन्नों का जिक्र जरूर होता हैं जिसमें हमारे वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी से लेकर उनके संघर्ष की दास्तान होती है। मंगल पांडे, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भगत सिंह, उधम सिंह, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू से लेकर न जाने कितने असंख्य लोगों ने भारत माता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। लेकिन इसके साथ भारत में एक ऐसा संगठन है जिसकी देशभक्ति पर हमेशा से सवाल उठता आया है, उससे हमेशा से एक सवाल पूछा गया कि आपका देश की आजादी में क्या योगदान था? अब तक तो आप यह समझ ही गए होंगे की हम किसकी बात कर रहे हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की। इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वतंत्रता संग्राम का लेखा-जोखा स्वाभाविक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी शताब्दी की दहलीज पर है। ऐसे में यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है कि स्वतंत्रता संग्राम में संघ का क्या योगदान है? खास कर संघ विरोधी नेता सवाल उठा देते है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था ।देश की आजादी में योगदान को लेकर उठते सवालों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आलोचकों को जवाब देते भी रहते है। राष्ट्रिय स्वयं संघ ने कुछ वर्ष पूर्व एक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डाक्यूमेंट्री जारी कर देश की आजादी के लिए चले सभी बड़े आंदोलनों में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और स्वयंसेवकों के योगदान का जिक्र किया था । संघ का कहना है कि आजादी के आंदोलन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह अलग बात है कि स्थापना के बाद से संगठन को कभी श्रेय लेने की आदत नहीं रही। लेकिन, समाज में सुनियोजित साजिश के तहत संघ को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां फैलाई जाती हैं। इतिहास के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन अक्सर इस भूमिका को अनदेखा कर दिया गया। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित इस संगठन का उद्देश्य हिंदुओं को एकजुट करना और उन्हें देश की स्वतंत्रता के लिए तैयार करना था। क्रांतिकारी संगठन अनुशीलन समिति में अपनी भागीदारी से गहराई से प्रभावित डॉ. हेडगेवार इस उद्देश्य के लिए समर्पित थे। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया, जहाँ उन्होंने चिकित्सा का अध्ययन किया और ब्रिटिश विरोधी कार्यों के लिए 1921 और 1931 में दो बार जेल गए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक मुख्य उद्देश्य भारत के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करना था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का समर्पण स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और कई लोगों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। 1929 में, जब कांग्रेस ने अपने लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' (पूर्ण स्वतंत्रता) की घोषणा की, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी सभी शाखाओं में इसका जश्न मनाया।

1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सक्रिय रूप से शामिल थे। उनका नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे नेता एमएस गोलवलकर ने किया था। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में, रमाकांत देशपांडे के नेतृत्व में चिमूर में स्वयंसेवकों ने एक जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू किया जो हिंसक हो गया। परिणामस्वरूप, कुछ ब्रिटिश अधिकारियों की जान चली गई। यह घटना, जिसे 'चिमूर आष्टी प्रकरण' के रूप में जाना जाता है, आंदोलन के इतिहास में एक उल्लेखनीय अध्याय है। एक और वीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति सिंध के सक्खर से हेमू कलानी थे, जिन्होंने रेलवे फिशप्लेट्स को हटाकर ब्रिटिश सेना के आंदोलन को पटरी से उतारने का प्रयास किया था। उन्हें अपने कार्यों के लिए 1943 में सेना अदालत द्वारा मौत की सजा भी सुनाई गई थी। सोलापुर के कांग्रेस कमेटी के सदस्य गणेश बापूजी शिंकर ने 1948 में संघ पर प्रतिबंध हटाने के लिए दबाव बनाने हेतु सत्याग्रह में भाग लिया था ( महात्मा गांधी की हत्या के बाद नेहरू सरकार ने गलत तरीके से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में प्रतिबंध हटाना पड़ा था )। सत्याग्रह में शामिल होने से पहले उन्होंने लोकतांत्रिक नैतिकता के आधार पर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपना रुख स्पष्ट करते हुए एक बयान जारी किया और यह 12 दिसंबर, 1948 को प्रकाशित हुआ। वे कहते हैं, "मैंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। उस समय पूंजीवादी और कृषक समुदाय सरकार से डरे हुए थे। इसलिए, हमें उनके घरों में सुरक्षित आश्रय नहीं दिया गया। हमें भूमिगत काम करने के लिए संघ (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) कार्यकर्ताओं के घरों में रहना पड़ा। संघ के लोग हमारे भूमिगत काम में खुशी-खुशी हमारी मदद करते थे। वे हमारी सभी जरूरतों का भी ख्याल रखते थे। इतना ही नहीं, अगर हममें से कोई बीमार पड़ जाता था, तो संघ के स्वयंसेवक डॉक्टर हमारा इलाज करते थे। संघ के स्वयंसेवक, जो वकील थे, निडरता से हमारे मुकदमे लड़ते थे। उनकी देशभक्ति और मूल्य आधारित जीवनशैली निर्विवाद थी।

दिल्ली के संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दिल्ली इकाई के प्रमुख) लाला हंसराज के घर का इस्तेमाल प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अरुणा आसफ अली ने भूमिगत रहने के लिए किया था। अगस्त 1967 में हिंदी दैनिक हिंदुस्तान में प्रकाशित एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया, मैं 1942 के आंदोलन में भूमिगत थी; दिल्ली के संघचालक लाला हंसराज ने मुझे 10-15 दिनों के लिए अपने घर में शरण दी और मेरी पूरी सुरक्षा का प्रबंध किया। उन्होंने इस बात का ध्यान रखा कि किसी को भी मेरे उनके घर पर रहने की खबर न मिले। प्रसिद्ध वैदिक विद्वान पंडित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर औंध (महाराष्ट्र) के संघचालक थे। उन्होंने क्रांतिकारी भूमिगत नेता नाना पाटिल के ठहरने की व्यवस्था अपने घर पर की थी। पाटिल को 'पात्री सरकार' के नए विचार के साथ प्रयोग करने के लिए जाना जाता है। पाटिल के सहयोगी किसनवीर अंग्रेजों के खिलाफ भूमिगत अभियान चलाते समय सतारा (महाराष्ट्र) के संघचालक के घर पर रुके थे। प्रसिद्ध समाजवादी नेता अच्युतराव पटवर्धन अंग्रेजों के खिलाफ भूमिगत आंदोलन के दौरान कई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयंसेवकों के घरों पर रुके थे।

संघ के स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए भारत छोड़ो आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। विदर्भ के अष्टी चिमूर क्षेत्र में समानान्तर सरकार स्थापित कर दी। अमानुषिक अत्याचारों का सामना किया। उस क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक स्वयंसेवकों ने अपना बलिदान किया। नागपुर के निकट रामटेक के तत्कालीन नगर कार्यवाह श्री रमाकान्त केशव देशपाण्डे उपाख्य बालासाहब देशपाण्डे को आन्दोलन में भाग लेने पर मृत्युदण्ड सुनाया गया। आम माफी के समय मुक्त होकर उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की। देश के कोने-कोने में स्वयंसेवक जूझ रहे थे। मेरठ जिले में मवाना तहसील पर झण्डा फहराते स्वयंसेवकों पर पुलिस ने गोली चलाई, अनेक घायल हुए। आंदोलनकारियों की सहायता और शरण देने का कार्य भी बहुत महत्व का था। केवल अंग्रेज सरकार के गुप्तचर ही नहीं, कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता भी अपनी पार्टी के आदेशानुसार देशभक्तों को पकड़वा रहे थे। ऐसे जयप्रकाश नारायण और अरुणा आसफ अली दिल्ली के संघचालक लाला हंसराज गुप्त के यहाँ आश्रय पाते थे। प्रसिद्ध समाजवादी अच्युत पटवर्धन और साने गुरुजी ने पूना के संघचालक भाऊसाहब देशमुख के घर पर केन्द्र बनाया था। 'पतरी सरकार ' गठित करने वाले प्रसिद्ध क्रान्तिकमीं नाना पाटिल को औंध (जिला सतारा) में संघचालक पं।सातवलेकर ने आश्रय दिया। महाराष्ट्र के औंध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नेतृत्व करने वाले पंडित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने नाना पाटिल को शरण दी, जो एक ऐसे नेता थे जिन्होंने 'पात्री सरकार' या वैकल्पिक सरकार स्थापित करने की कोशिश की थी।

## एक 'हां' से बदल सकती हैं अनगिनत जिंदगियां



प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

जीवन का सबसे अनमोल उपहार क्या हो सकता है? वह क्षण, जब एक इंसान अपनी मृत्यु के बाद भी किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दे, किसी की धड़कनों को नया राग दे दे, किसी की आंखों में फिर से दुनिया की रंगत लौटा दे। विश्व अंगदान दिवस, जो हर साल 13 अगस्त को मनाया जाता है, हमें यही सिखाता है—करुणा, त्याग और मानवता की वह शक्ति, जो सीमाओं को तोड़कर जीवन को अमर बना देती है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान है—एक ऐसी पुकार, जो हमें याद दिलाती है कि हमारी एक छोटी-सी हां, किसी की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल सकती है। भारत जैसे देश में, जहां लाखों लोग अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में सांसे गिन रहे हैं, यह दिवस हमें एकजुट होकर मिथकों को तोड़ने, जागरूकता फैलाने और मानवता के लिए एक कदम आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

अंगदान एक ऐसा नेक कार्य है, जो न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि मानवता के प्रति विश्वास को भी मजबूत करता है। यह वह पुल है, जो अनजान दिलों को जोड़ता है, जो मृत्यु को जीवन में बदल देता है। फिर भी, भारत में अंगदान की स्थिति चिंताजनक है। नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एनओटीटीओ) के अनुसार, हर साल करीब 1.8 लाख लोग गुर्दे की विफलता, 80,000 लोग यकृत की विफलता और 50,000 लोग हृदय रोगों के कारण प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में हैं। इसके बावजूद, भारत में अंगदान की दर प्रति दस लाख लोगों पर केवल 0.86 दाता है, जो वैश्विक औसत से कहीं कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़े बताते हैं कि अंगों की कमी के कारण हर साल लाखों लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। यह आंकड़ा न केवल एक सांख्यिकी है, बल्कि उन अनगिनत परिवारों की त्रासदी है, जो अपने प्रियजनों को खो देते हैं, सिर्फ इसलिए कि समय पर अंग उपलब्ध नहीं हो सका।

भारत में अंगदान को लेकर सबसे बड़ी बाधा है जागरूकता की कमी और गलत धारणाएं। कई लोग मानते हैं कि अंगदान उनकी धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है, जबकि हिंदू, इस्लाम, ईसाई, सिख और जैन जैसे सभी प्रमुख धर्म मानवता की सेवा को सर्वोच्च मानते हैं। उदाहरण के लिए, हिंदू धर्म में दान को परम पुण्य माना जाता है, और अंगदान को जीवन रक्षक दान के रूप में देखा जा सकता है। फिर भी, मिथक जैसे कि अंगदान से शरीर का अपमान होता है या यह अगले जन्म को प्रभावित करता है, लोगों को इस निर्णय से रोकते हैं।

इसके अलावा, मृत्यु के बाद अंगदान के लिए परिवार की सहमति अनिवार्य है, और अक्सर भावनात्मक या सामाजिक दबाव के कारण परिवार इसकी अनुमति देने से हिचकते हैं। विश्व अंगदान दिवस का उद्देश्य इन मिथकों को तोड़ना और एक ऐसी संस्कृति विकसित करना है, जहां अंगदान को सम्मान और गर्व का प्रतीक माना जाए। अंगदान की प्रक्रिया को समझना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जीवित अंगदान में व्यक्ति अपने गुर्दे या यकृत का हिस्सा दान कर सकता है, क्योंकि ये अंग पुनर्जनन की क्षमता रखते हैं। मृत्यु के बाद अंगदान में हृदय, फेफड़े, यकृत, गुर्दे, अग्न्याशय और आंखों जैसे अंग दान किए जा सकते हैं। मस्तिष्क मृत्यु (ब्रेन डेथ) के बाद अंगदान की प्रक्रिया सख्त चिकित्सकीय और कानूनी प्रोटोकॉल के तहत होती है, जो नैतिकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। भारत में ट्रांसप्लांट ऑफ ह्यूमन ऑर्गन्स एक्ट, 1994 इस प्रक्रिया को नियंत्रित करता है, और एनओटीटीओ जैसे संगठन अंग आवंटन को निष्पक्ष बनाते हैं। फिर भी, इस प्रक्रिया को और सरल करने की जरूरत है। यदि ऑनलाइन पंजीकरण को प्रोत्साहित किया जाए और परिवारों को पहले से इस निर्णय के बारे में जागरूक किया जाए, तो अंगदान की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

विश्व अंगदान दिवस उन प्रेरणादायक कहानियों को भी सामने लाता है, जो मानवता की ताकत को दर्शाती हैं। 2020 में, चेन्नई के एक युवक ने मस्तिष्क मृत्यु के बाद और महिदपुर, उज्जैन के विश्वास जवाहर डोसी ने अपने अंग दान किए, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिला। ऐसी कहानियां हमें यह विश्वास दिलाती हैं कि एक व्यक्ति का निर्णय कई जिंदगियों को रोशन कर सकता है। फिर भी, भारत में अंगदान की कमी का एक बड़ा कारण है संगठित प्रणाली का अभाव। कई अस्पतालों में प्रत्यारोपण की सुविधाएं सीमित हैं, और ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह लगभग न के बराबर है। इसके अलावा, प्रशिक्षित चिकित्सकों और तकनीकी संसाधनों की कमी भी एक चुनौती है। यदि सरकार और गैर-सरकारी संगठन मिलकर काम करें, तो इस कमी को दूर किया जा सकता है।

भारत में अंगदान बढ़ाने के लिए स्पेन की ऑप्ट-आउट प्रणाली से प्रेरणा ली जा सकती है, जहां हर व्यक्ति स्वतः अंगदाता माना जाता है। भारत में यह लागू करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार का 1 जुलाई 2025 से अंगदाताओं के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर देने का आदेश एक प्रेरक कदम है। युवाओं को स्कूल, कॉलेज और सोशल मीडिया के जरिए जागरूक किया जा सकता है। प्रभावशाली हस्तियां, धार्मिक नेता और सामुदायिक संगठन इस मुहिम को गति दे सकते हैं। सरकार को अंगदाताओं के परिवारों को आर्थिक सहायता और सार्वजनिक सम्मान जैसे प्रोत्साहन देना चाहिए, ताकि यह नेक कार्य सामाजिक गौरव का विषय बने और अधिक लोग आगे आएं। विश्व अंगदान दिवस हमें यह सिखाता है कि जीवन का असली अर्थ है दूसरों के लिए जीना। यह वह दिन है, जब हम अपने डर और संकोच को पीछे छोड़कर मानवता के लिए एक साहसिक कदम उठा सकते हैं। प्रत्येक अंगदाता एक अनाम नायक है, जो अपनी मृत्यु के बाद भी दूसरों के जीवन में उजाला बिखेरता है। भारत, जहां करुणा और सेवा की परंपरा गहरी जड़ों में बसी है, वहां अंगदान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप देना समय की मांग है। यदि हम एकजुट होकर इस दिशा में काम करें, तो वह दिन दूर नहीं जब हर जरूरतमंद को नया जीवन मिलेगा।

यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है—एक ऐसा संकल्प, जो हमें जीवन की कीमत समझाता है और हमें दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देता है। इस विश्व अंगदान दिवस पर हम यह प्रतिज्ञा लें कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी जिएंगे, और एक ऐसी दुनिया बनाएंगे, जहां हर धड़कन में मानवता की गूंज हो।

## अलविदा रजिस्टर्ड डाक - एक युग की ख़ामोश विदाई



प्रियंका सौरभ

एक सितंबर दो हज़ार पच्चीस को जब भारत डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी, तो संभवतः किसी समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर यह नहीं छपेगा, न ही किसी समाचार चैनल पर विशेष चर्चा होगी। यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है — उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिये की साइकिल की घंटी सुनकर अपने दिन की शुरुआत की। जिन्होंने पत्रों के माध्यम से रिश्तों को जिया और डाकघर की कतारों में खड़े होकर संवाद की प्रतीक्षा की।

रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी। यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज़ पर स्याही से अपने जज़्बातों को उकेरा करते थे। जब एक लिफ़ाफ़े में कई अनकही बातें, लंबा इंतज़ार और अनगिनत भावनाएँ समाहित होती थीं। जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज़, केवल कागज़ का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था — कि यह ज़रूर पहुँचेगा, सही हाथों में, सही समय पर।

रजिस्टर्ड डाक वह सेतु था, जो गाँव को शहर से, माँ को बेटे से, प्रेमिका को प्रेमी से, और नागरिक को शासन से जोड़ता था। वह न केवल संवाद का माध्यम था, बल्कि संबंधों को सुरक्षित रखने वाला प्रहरी भी था। उसकी विशेषता यह थी कि वह खोता नहीं था, वह भटकता नहीं था। उसका पंजीकरण उसकी सुरक्षा थी, और उसकी प्राप्ति की पावती एक तरह का भावनात्मक संतोष। एक समय था जब डाकिया केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि घर का परिचित चेहरा होता था। उसकी आवाज़, उसकी साइकिल की घंटी और उसकी झोली में छिपे लिफ़ाफ़ों का इंतज़ार हर किसी को रहता था। कोई सरकारी पत्र हो, किसी मामा जी की मनी ऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार — सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुँचता था। और जब पत्र मिलता, तो उसे खोलने से पहले उसे छूकर महसूस किया जाता था — उसके कागज़ की मोटाई, उसके रंग की गहराई और उस पर लगी स्याही की गंध — सबमें अपनापन होता था। लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीकी प्रगति ने हमारे संवाद के तरीक़ों को पूरी तरह से बदल दिया है। आज मोबाइल फ़ोन, त्वरित संदेश सेवाएँ, सामाजिक माध्यम, और अंतर्जाल ने पारंपरिक पत्र-व्यवस्था को लगभग समाप्त ही कर दिया है। अब किसी को इंतज़ार नहीं रहता, सब कुछ पल में भेजा और पल में प्राप्त किया जाता है। ऐसे समय में भारत डाक द्वारा रजिस्टर्ड डाक को औपचारिक रूप से बंद करने और उसे स्पीड डाक में समाहित करने का निर्णय, समयानुकूल और आवश्यक तो है, परंतु भावनात्मक रूप से पीड़ादायक भी। स्पीड डाक, निस्संदेह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक बेहतर सेवा है। इसमें गति है, निगरानी है, तकनीकी दक्षता है। परन्तु उसमें वह आत्मीयता नहीं है जो रजिस्टर्ड डाक में थी। वह अपनापन, वह धीमा मगर विश्वसनीय संवाद, वह सादगी — अब इतिहास बन जाएगी।

रजिस्टर्ड डाक का अंत केवल एक सेवा का अंत नहीं है, यह एक युग का अंत है। वह युग जिसमें शब्दों को सहेजा जाता था, जिसमें उत्तर पाने के लिए दिन नहीं, सप्ताहों की प्रतीक्षा की जाती थी। जब एक उत्तर में प्रेम, सम्मान और भावनाओं की परतें होती थीं। आज हम भले ही एक क्लिक में संवाद कर सकते हैं, लेकिन उस संवाद में स्थायित्व और गहराई का अभाव है। हम संदेश तो भेजते हैं, पर भावनाएँ नहीं। हम पढ़ते तो हैं, पर समझते नहीं। रजिस्टर्ड डाक उस युग की अंतिम निशानी थी, जहाँ संवाद सिर्फ़ बात नहीं, एक भावना होता था।

हमारे पुराने संदूक़ों में आज भी ऐसी चिट्ठियाँ मिलती हैं — पीले पड़े कागज़, स्याही से भरे अक्षर, किनारों पर समय की छाप और भीतर वह सब कुछ जो किसी समय अनमोल था। वे चिट्ठियाँ अब केवल स्मृति हैं, किंतु रजिस्टर्ड डाक ने उन्हें आज तक सुरक्षित पहुँचाया। यह उसकी सबसे बड़ी सफलता है — कि उसने शब्दों को अमर बना दिया।इस सेवा के बंद होने से एक भावात्मक सूत्र टूटेगा। यह वह सेवा थी, जिसने दूरी को भी एक बंधन बना दिया था। जिसने माँ के आँचल से बेटे तक, प्रेमिका की आँखों से प्रेमी तक, शिक्षक की सीख से छात्र तक — सबको जोड़ रखा था। अब स्पीड डाक आएगी — तेज़, सुविधाजनक, आधुनिक। परंतु उसमें वह ठहराव नहीं होगा, वह धैर्य नहीं होगा, वह प्रतीक्षा नहीं होगी जो रजिस्टर्ड डाक को विशेष बनाती थी। आज हम तकनीकी दृष्टि से जितने सक्षम हुए हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से खोखले भी हो गए हैं। संवाद तो अब भी होते हैं, पर उनमें आत्मा नहीं होती।

## यमराज की शिक्षण साधना




रामविलास जांगिड़

चित्रगुप्त ने एक दिन यमराज को बुलाकर कहा- महाराज, आपका हिसाब-किताब अब कंप्यूटर संभाल लेगा। कुछ नया आजमाइए! यमराज ने भौंहें तरेरीं- नया? क्या यमलोक में रियलिटी शो शुरू करूँ?"चित्रगुप्त ने ठंडी साँस भरी- नहीं, सरकारी स्कूल में टीचर बन जाइए। अगले सोमवार को उन्होंने अपनी भैंस को छुट्टी दी, खड़ग को ताले में बंद किया और हाजिरी रजिस्टर थामकर सरकारी स्कूल पहुँच गए। पहले दिन जैसे ही घंटी बजी, बच्चे तितर-बितर होकर भाग गए। यमराज बोले- कहाँ भागे रे आत्माओं? एक लड़के ने जवाब दिया- सर, टिफिन पीरियड है। यमराज को समझ आया कि यहाँ पहली घंटी पढ़ाई की नहीं, जिन्दगी के मजे की होती है। यमलोक में तो एक ही पुकार पर आत्मा हाजिर हो जाती है। लेकिन यहाँ...! नाम पुकारो- रामलाल? उत्तर- सर, वो बकरियाँ चराने गया है। श्यामू? सर, वो पेड़ पर चढ़ रहा है। तभी एक भैंस स्कूल में आ गई और बच्चों के बीच बैठ गई। यमराज ने गुस्से में डंडा उठाया, पर बच्चे बोले- सर, ये हमारी क्लास की पक्की सदस्य है। कल भी बैठी थी, सिर्फ बोर्ड पर नहीं लिख पाती। यमराज सोचते थे, भोजन शांति लाता है। लेकिन यहाँ मिड-डे मील में खिचड़ी के लिए ऐसा युद्ध हुआ कि दुर्योधन-पांडव भी शरमा जाएँ। एक बोला- सर, मेरी थाली में आलू नहीं पड़ा! दूसरा- मुझे तो चम्मच ही नहीं मिला! यमराज बोले- अरे, मृत्यु के बाद सब बराबर हैं।बच्चे बोले- पर मिड-डे मील में नहीं, सर। यमराज ने किताब खोली तो उसमें लिखे नए-नए शब्द देखकर उनके प्राण सूख गए- एकीकृत सामाजिक अध्ययन अनुभवात्मक शिक्षा...।

यह पढ़कर यमराज को चक्कर आ गए और वे कुर्सी से नीचे गिर गए। जैसे ही ब्लॉक अधिकारी निरीक्षण के लिए आए, बच्चे ऐसे सीधे बैठ गए जैसे सदियों से संस्कारों में डूबे हों।निरीक्षण खत्म होते ही वही बच्चे किताब को पतंग और पेंसिल को भाला बना बैठे, बाकायदा घोषित महाभारत करने लगे। यमराज बोले- ये तो यमलोक के चतुर राक्षसों से भी तेज हैं! यमराज ने माता-पिता की बैठक बुलाई। एक पिता बोले- सर, मिड डे मील में मिठाई भी खिलाएं। दूसरा बोला- मेरे लड़के को फ्री की सरकारी ड्रेस अभी तक नहीं मिली है।जैसे ही परीक्षा का नाम आया, आधे बच्चे बुखार का बहाना करने लगे। जो आए उन्होंने अपनी खाली कॉपियां यमराज के आगे रख दी।

यमराज को कहा कि वे उनकी खाली कॉपियों में नकल करके लिख दें, वरना हमारे फेल होने पर सरकार तुम्हें सस्पेंड कर देगी। यमराज को क्लास में पढ़ाने के बजाय बच्चों के झगड़े सुलझाने, मिड-डे मील गिनने, रजिस्टर भरने, ब्लॉक ऑफिस के कागज बनाने और निरीक्षण अधिकारी को चाय नाश्ते में पूरा दिन चला गया। शाम को उन्होंने कहा- चित्रगुप्त, यहाँ तो आत्मा छीनने से ज्यादा कठिन है बच्चों को ज्ञान देना! यमराज ने भैंस पर सवार होकर टीचरशिप से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने स्कूल के गेट पर एक शिलालेख लिखा- शिक्षा मृत्यु से कठिन है और सरकारी स्कूल में तो यह पुनर्जन्म से भी दुर्लभ है।

# अतीत के पछतावे में या भविष्य की चिंता में न उलझें शांति केवल वर्तमान में जीकर मिल सकती है



16 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध से ठीक पहले अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। भगवान ने गीता के माध्यम से हमें कर्म करते रहने की शिक्षा दी है। गीता में बताए गए उपदेशों को जीवन में उतार लेने से हमारी सभी समस्याएं हल हो सकती हैं।

श्रीमद् भगवद् गीता कहती है कि सुख-दुख, लाभ-हानि, जय-पराजय, ये सभी क्षणिक हैं। जब हम इन बातों को समान भाव से स्वीकार करते हैं, तब हम निडर होकर कर्म कर पाते हैं। जब हम सफलता-असफलता पर ध्यान दिए बिना काम करते हैं तो जीवन में शांति आती है।

मनुष्य का जीवन अनेक प्रश्नों से घिरा रहता है, जैसे हम इस जीवन में क्यों आए हैं?, क्या हमारा उद्देश्य केवल सुख-सुविधाएं भोगना है? गीता इन प्रश्नों के उत्तर देते हुए हमें सिखाती है कि जीवन न तो केवल उपलब्धियों से परिभाषित होता है, न ही असफलताओं से। बल्कि जीवन का मूल्य इस बात से है कि हम इसे कैसे जीते हैं और चुनौतियों का कैसे सामना करते हैं।

### वर्तमान में जीने से मिलती है शांति

हम अक्सर या तो अतीत के पछतावे में या भविष्य की चिंता में उलझे रहते हैं। गीता सिखाती है कि शांति केवल वर्तमान में जीकर ही प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान में जीना यह नहीं कहता कि आप भविष्य की योजना न बनाएं या अतीत से कुछ न सीखें, बल्कि यह कहता है कि आप बीते या आने वाले समय के वश में न हों। जब हम वर्तमान में रहते हैं, तब हमारे निर्णय स्पष्ट होते हैं, मन स्थिर होता है और जीवन में एक नई जागरूकता बनी रहती है।

गीता कहती है कि जीवन के सबसे सुंदर अनुभव संबंधों से जुड़े होते हैं, लेकिन यही संबंध जब अपेक्षाओं और मोह का रूप ले लेते हैं, तब वे दुख का कारण बनते हैं। गीता कहती है कि सच्चा प्रेम नियंत्रण या स्वामित्व नहीं चाहता, बल्कि सच्चा प्रेम स्वतंत्रता देता है। इसलिए अत्यधिक मोह से बचना चाहिए।

जब हम किसी को बिना बदलने की चाह के, बिना बंधन के प्रेम करते हैं, तब वह प्रेम शुद्ध और शांतिपूर्ण बन जाता है, संबंध तब आनंद का कारण बनते हैं, वे बोझ की तरह महसूस नहीं होते हैं।

समाज में सफलता और असफलता को जीवन का मापदंड माना जाता है, लेकिन गीता कहती है कि कर्म करते समय फल की चिंता न करें। जब आप बिना फल की इच्छा के कर्म करते हैं, तब वह कर्म एक साधना बन जाता है। सफलता और असफलता केवल बाहरी घटनाएं हैं, ये आत्म शांति नहीं देती हैं। सच्ची शांति कर्म में निष्ठा और समभाव में होने से मिलती है।

### जीत-हार को समान मानकर आगे बढ़ें

**सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।**
**ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि।।**

जीवन में कठिनाइयां आना स्वाभाविक है। गीता कहती है कि परेशानियां जीवन का दंड नहीं, बल्कि ये शिक्षक की तरह होती हैं। जब हम दुख को स्वीकारते हैं और उसका सामना करते हैं तो वह हमें मजबूत बनाता है। आत्मिक विकास केवल सुख से नहीं होता। संघर्ष और कष्ट हमें भीतर से जागरूक और संवेदनशील बनाते हैं। हमें परेशानियों से भागना नहीं चाहिए, बल्कि सकारात्मक सोच के साथ उनका सामना करना चाहिए। सुख-दुख, लाभ-हानि, जीत-हार को समान मानकर अपने कर्म करते रहना चाहिए।

### मृत्यु के भय से बचें

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।।

गीता मृत्यु को अंत नहीं, आत्मा के एक नए चरण की शुरुआत मानती है। मृत्यु का भय केवल तब तक रहता है, जब तक हम शरीर को ही सब कुछ मानते हैं। आत्मा शाश्वत है, ये न जन्म लेती है, न मरती है। जब ये बोध होता है, तब हम मृत्यु से डरना छोड़ देते हैं और जीवन को अधिक गहराई से जीने लगते हैं, हर क्षण को पूर्ण रूप से स्वीकार करने लगते हैं।

### जीवन को सफलता या असफलता से न मापें

जीवन केवल सफलताओं या असफलताओं से नहीं मापा जाता, बल्कि इस बात से जीवन को समझें कि हमने अपने मार्ग को कितनी शालीनता और समभाव से तय किया है। गीता हमें सिखाती है कि यदि हम वर्तमान में जीएं, प्रेम करें, परंतु किसी के अत्यधिक मोह में बंधें नहीं, बिना फल की चिंता के कर्म करें, और जीवन-मरण के चक्र को समझें तो जीवन के उस उच्चतम उद्देश्य की ओर बढ़ते हैं, जिसे आत्मबोध कहते हैं। जीवन में इस तरह आगे बढ़ने से शांति मिलती है।

# जन्माष्टमी व्रत करने से पहले लेना चाहिए संकल्प



6 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। द्वापर युग में भगवान विष्णु ने भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की रात श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया था। जन्माष्टमी केवल उपवास करने का अवसर नहीं है, ये पर्व आत्म-संयम, भक्ति और आंतरिक शुद्धि का माध्यम बनता है। जन्माष्टमी व्रत आत्मिक साधना का एक तरीका है।

व्रत प्रारंभ करने से पहले एक विशेष प्रक्रिया होती है, जिसे संकल्प कहा जाता है। संकल्प का अर्थ है कि पूर्ण श्रद्धा के साथ ये संकल्प लेना कि हम इस व्रत को निष्ठा, शुद्धता और भक्ति के साथ निभाएंगे। जन्माष्टमी की सुबह स्नान के बाद भगवान श्रीकृष्ण के सामने हाथ जोड़कर मन में संकल्प लें और कहें कि हे कृष्ण, मैं ये व्रत आपकी कृपा पाने और अपने अंतर्मन को शुद्ध करने के लिए कर रहा/रही हूं। कृपया इसे स्वीकार करें।

व्रत के तीन तरीके

निर्जला व्रतः एक बूंद जल भी नहीं लिया जाता, जब तक मध्यरात्रि में व्रत न खोला जाए।

फलाहार व्रतः फल, दूध, मेवे और व्रत के अनुकूल व्यंजन खाए जाते हैं।

आंशिक व्रतः एक बार भोजन लिया जाता है, जिसमें अनाज और सामान्य नमक नहीं होता।

### व्रत के सामान्य नियम

व्रत कर रहे हैं तो अन्न का त्याग करें। इस दिन गेहूं, चावल, दाल आदि का सेवन नहीं किया जाता। व्रत आमतौर पर फलाहार या निर्जला होता है।

हमें अपने श्रद्धा और सामर्थ्य के हिसाब से व्रत करना चाहिए। व्रत के लिए अलग भोजन तैयार करना चाहिए। व्रत का खाना साफ बर्तनों में, साफ-सुथरे रसोईघर में बनाया जाए।

इस दिन तामसिक भोजन जैसे लहसुन और प्याज मन की एकाग्रता को भंग करते हैं। इसलिए इनसे बचना चाहिए।

व्रत कर रहे हैं तो साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा-स्थल को भी साफ-सुथरा रखें।

भोजन तैयार करते समय स्वाद चखना व्रत के नियमों का उल्लंघन माना जाता है।

व्रत में सामान्य नमक का इस्तेमाल करने से बचें। व्रती के लिए सेंधा नमक शुभ माना जाता है।

जन्माष्टमी का प्रसाद या भोजन ताजा ही होना चाहिए। पुराना बासी भोजन इस दिन न खाएं।

व्रत केवल पेट का उपवास नहीं है, मन का भी है। शांत, संयमित और भक्ति भाव में रहना जरूरी है। मन को शांत रखें, क्रोध, ईर्ष्या, लालच जैसे बुरे विकारों से बचें।

श्रीकृष्ण के मंत्रों का जप धीमी आवाज में करना चाहिए। गीता का पाठ करें। श्रीकृष्ण की कथाएं पढ़ें-सुनें।

### मध्यरात्रि में करें श्रीकृष्ण का अभिषेक

पौराणिक कथा के अनुसार, श्रीकृष्ण का जन्म आधी रात में मथुरा के कारागार में हुआ था। इसी वजह से जन्माष्टमी पर मध्यरात्रि 12 बजे भगवान का अभिषेक किया जाता है। विधिवत पूजा के बाद माखन-मिश्री का प्रसाद ग्रहण करके व्रत खोला जाता है।

बाल गोपाल की प्रतिमा को दूध, दही, शहद, घी व गंगाजल से स्नान कराया जाता है। अभिषेक किया जाता है।

श्रीकृष्ण को रेशमी वस्त्र, अलंकार व मोरपंख से सजाया जाता है।

एक सुंदर झूले पर बालकृष्ण को बैठाया जाता है और झूला झुलाया जाता है।

भजन, कीर्तन, और आरती से भगवान की भक्ति की जाती है।

### व्रत के नियमों का पालन न कर पाएं तो...

व्रत एक आंतरिक यात्रा है। दिन की शुरुआत शरीर की भूख से होती है, लेकिन दिन का अंत तक भक्ति से होता है। कुछ घंटों के लिए अन्न-जल त्यागने से जो आत्मिक जुड़ाव मिलता है, वह आनंद देता है। अगर हम व्रत के नियमों का पालन न भी कर सकें, तो घबराएं नहीं। भगवान कृष्ण प्रेम के देवता हैं। वे यह नहीं देखते कि हम कितनी देर भूखे रहे, वे ये देखते हैं कि हमारे मन में उनके लिए कितना प्रेम है।


# आज गुरु ग्रह अपने ही नक्षत्र में करेंगे गोचर मेष, कर्क समेत 5 राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

गुरु ग्रह 13 अगस्त दिन बुधवार को पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करने वाले हैं और इस नक्षत्र के स्वामी ग्रह स्वयं गुरु हैं। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, गुरु ग्रह 13 अगस्त को पुनर्वसु नक्षत्र के पहले चरण में प्रवेश करेंगे, फिर 30 अगस्त को इस नक्षत्र के दूसरे चरण में प्रवेश करेंगे। वैदिक ज्योतिष की दुनिया में ग्रह हैं, गुरु ग्रह शुभ ग्रह हैं, जो ज्ञान और विस्तार का प्रतीक हैं और यह ग्रह लोगों की किस्मत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गुरु के अपने ही नक्षत्र में गोचर करना 5 राशियों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है।

बृहस्पति नक्षत्र गोचर 2025 मेष राशि के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होने वाला है। इस अवधि में मेष राशि वालों को बड़े वित्तीय लाभ मिलने की संभावना है और वे विभिन्न समस्याओं से जल्दी बाहर निकल सकते हैं। व्यापारियों को सही प्रयासों से अच्छा पैसा कमाने का मौका मिलेगा। नौकरी पेशा जातकों को करियर में तरक्की के अच्छे अवसर मिलेंगे और नई नौकरी के प्रस्ताव भी मिल सकते हैं। आपको अटके धन की प्राप्ति होगी और परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नक्षत्र परिवर्तन के कारण आपके स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा, और लोग अपने साथी के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिता सकते हैं।

बृहस्पति नक्षत्र गोचर 2025 कर्क राशि वालों के लिए कल्याणकारी रहने वाला है। कर्क राशि वालों के लिए धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं और परिवार में चल रही समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी। इस राशि के व्यापारियों को विभिन्न सौदों से लाभ कमाने के कई अवसर होंगे और बिजनेस विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार कर सकता है। नौकरी पेशा जातकों को गुरु के नक्षत्र परिवर्तन से करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी, और यह लोगों को करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी, और जातक किसी पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

बृहस्पति का नक्षत्र परिवर्तन 2025 कन्या राशि वालों के लिए पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में विभिन्न प्रकार के लाभ लाता है। बृहस्पति नक्षत्र गोचर 2025 के अनुसार, आपके जीवन में सकारात्मकता आएगी और आप पारिवारिक समस्याओं से लचीले समयसीमा के भीतर बाहर निकल सकते हैं। छात्रों के लिए कुछ अच्छी खबरें हो सकती हैं और वे अपने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आप विभिन्न सौदों से अच्छे लाभ कमा सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा करने के अवसर मिलेंगे और आप अपने रिश्तों में खुलापन बनाए रखकर संचार समस्याओं को ठीक कर सकते हैं।



बृहस्पति का नक्षत्र परिवर्तन 2025 कुंभ राशि वालों के लिए फायदेमंद रहने वाला है। कुंभ राशि वालों के धन की वजह से अटके हुए सभी काम पूरे होंगे और मकान व वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होगी। इस राशि के जो जातक काफी समय से रोजगार की तलाश कर रहे हैं, उनको करियर में वास्तविक प्रगति करने का मौका मिलेगा। लव लाइफ में संचार में खुलापन बनाए रखकर रिश्ते की समस्याओं को ठीक करने की कोशिश करें। परिवार में अगर कोई अनबन चल रही है तो वह खत्म हो जाएगी और आपसी प्रेम बना रहेगा। इस अवधि के दौरान कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी, और आप सही दृष्टिकोण से विभिन्न समस्याओं को हल कर सकते हैं।

बृहस्पति नक्षत्र गोचर 2025 मीन राशि वालों के लिए उच्च लाभ लेकर आएगा। वे अपने करियर में आगे बढ़ सकते हैं और अपनी मेहनत के लिए पहचान प्राप्त कर सकते हैं। इन लोगों को अपने परिवार के सदस्यों से भी विभिन्न समस्याओं से बेदाग निकलने में समर्थन मिलेगा। आप अपने जीवन के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे, और आपकी सभी योजनाएं बड़ी सफलता प्राप्त करेंगी। नक्षत्र गोचर के दौरान आपका वैवाहिक जीवन शांतिपूर्ण और स्थिर रहेगा। नौकरी में, नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है, और आप अपनी मेहनत से प्रमोशन प्राप्त कर सकते हैं।

# हलषष्ठी क्यों मनाई जाती है? श्रीकृष्ण से इस व्रत का गहरा संबंध

सनातन धर्म में तीज-त्योहारों और व्रत पूजन का विशेष महत्व है। होली-दिवाली और जन्माष्टमी की तरह हल षष्ठी का व्रत भी इनमें से एक है। इसे हल छठ, हर छठ या ललही छठ व्रत के नाम से भी जानते हैं। यह व्रत भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के लिए रखा जाता है। बता दें कि, हल षष्ठी व्रत भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को रखा जाता है। हल षष्ठी का व्रत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से ठीक पहले रखा रहा है। इस दिन माताएं अपनी संतान के सुखी जीवन और दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। अब सवाल है कि आखिर हलषष्ठी क्यों मनाई जाती है? इस बार कब है हरछठ का व्रत? श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का हल षष्ठी का क्या संबंध? आइए जानते हैं इस बारे में-

### हल षष्ठी का व्रत कब रखा जाएगा

ज्योतिष गणना के अनुसार, इस साल हल षष्ठी 14 अगस्त दिन गुरुवार को है। पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि 14 अगस्त को प्रातःकाल में 4 बजकर 23 मिनट से प्रारंभ है, जो 15 अगस्त शुक्रवार को मध्य रात्रि 2 बजकर 7 मिनट तक मान्य रहेगी। ऐसे में उदयातिथि की मान्यता के अनुसार, हल षष्ठी 14 अगस्त को



मनाना शास्त्र सम्मत है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, हलषष्ठी का पर्व भगवान बलराम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। बता दें कि, द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी का जन्म हुआ था। इसलिए इस तिथि को बलराम जयंती भी कहते हैं। हल षष्ठी के दिन बलराम जी और छठ मैय्या की पूजा करने का विधान है। बलराम जी का शस्त्र हल था, इसलिए उनको हलधर कहते थे। षष्ठी के दिन जन्म और शस्त्र हल होने से दोनों को मिलाकर हल षष्ठी बना है। हल षष्ठी को हर छठ या हल छठ भी कहते हैं।

### त्योहार से जुड़ी मान्यताएं

हलषष्ठी का पर्व कृषि से भी जुड़ा है, क्योंकि बलराम जी को कृषि और बल का प्रतीक माना जाता है। इस दिन, महिलाएं हल से जुती हुई चीजों का सेवन नहीं करती हैं, जैसे कि तालाब में उगाया गया चावल या महुआ। वहीं, कुछ क्षेत्रों में, इस दिन भगवान शिव के परिवार (शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय) की भी पूजा की जाती है।

### सरलता, विनम्रता और स्वाभाविकता, इन गुणों की वजह से ऊंचे लक्ष्य भी हासिल हो सकते हैं

सरलता, विनम्रता और स्वाभाविकता, ये दैवीय गुण हैं और इनकी मदद से मनुष्य को उच्चतम लक्ष्य हासिल हो सकते हैं। जीवन की जहां अनंत ऊंचाइयां हैं, श्रेष्ठता है, वहां तक सरलता और विनम्रता से पहुंचा जा सकता है। ये गुण मनुष्य के लिए आभूषण हैं। इन गुणों की वजह से अन्य लोग आकर्षित होते हैं, शत्रु पराजित होते हैं और जीवन में एक सहजता का बोध होने लगता है।

# महाभारतः जब युद्ध जीत राजा बने युधिष्ठिर तो कौन से दिग्गज बने उनकी सरकार में मंत्री

महाभारत का भयंकर युद्ध 18 दिनों तक चला। जब युद्ध का अंत हुआ तो दोनों ओर से काफी बड़ी संख्या में सैनिक और बड़े बड़े योद्धा मारे गए। ये सब देखने के बाद एकबारगी युधिष्ठिर ने मन बना ही लिया था कि वह राजा नहीं बनेंगे। वह बहुत विचलित थे। किसी तरह जब उन्हें राजा बनने के लिए रजामंद किया गया तो उन्होंने अपने देश की सरकार को चलाने के लिए ना केवल कई दिग्गजों को मंत्री बनाया तो किसे क्राउन प्रिंस बनाया।

कृष्ण, भीष्म और उनके भाइयों ने विचलित युधिष्ठिर को राजा बनने के लिए तैयार किया। जब उन्होंने राजा का पद ग्रहण किया तो राजकाज चलाने के लिए मंत्रालयों का भी गठन किया। अलग अलग जिम्मेदारियों के लिए मंत्री नियुक्त किए।

युद्ध के कुछ दिनों बाद तक युधिष्ठिर इस बात को लेकर विचलित थे कि इतने विनाशक युद्ध के बाद जब सबकुछ खत्म हो गया है तो वो राजा क्यों बनें। इस पर ना केवल कृष्ण ने उन्हें राजधर्म की शिक्षा दी बल्कि बाणशैया पर लेटे भीष्म पितामह ने भी उन्हें कई दिनों तक राजधर्म को लेकर ज्ञान दिया। मन को संतुलित कर राजा का आसन ग्रहण करने को कहा।

### जब युधिष्ठिर का राजतिलक हुआ

जब युधिष्ठिर तैयार हो गए तो उनका राजतिलक किया गया और उन्हें हस्तिनापुर का राजा बनाया गया। उन्होंने अपने शासन के दौरान न्याय और धर्म का पालन किया। 36 वर्षों तक शासन किया। इसके बाद पोते परीक्षित को राजपाट सौंपकर भाइयों के साथ प्राण छोड़ने के लिए हिमालय की ओर कूच कर गए। क्या आपको मालूम है कि युधिष्ठिर जब राजा बने तो राजकाज चलाने के लिए



उन्होंने किस तरह मंत्रालय बनाये और किसको कौन सा जिम्मा दिया।

### महाभारत के युद्ध में कितनी जानें गई

ये जानने से पहले जान लेते हैं कि महाभारत युद्ध में कितने लोगों की जान गई थी, जिसने युधिष्ठिर को विचलित कर दिया था। महाभारत के युद्ध में दोनों पक्षों की सेनाओं की कुल संख्या 18 अक्षोहिणी थी, जिसमें कौरवों की 11 और पांडवों की 7 अक्षोहिणी सेनाएं शामिल थीं। युद्ध के अंत में केवल 18 योद्धा जीवित बचे थे।

अक्षोहिणी एक प्राचीन भारतीय सेना की माप है, जिसका उपयोग महाभारत के युद्ध में किया गया था। यह एक पूर्ण चतुरंगिणी सेना का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें चार प्रमुख अंग होते हैंः पैदल सैनिक, घुड़सवार, रथी और हाथी।**(जारी)**

# सबको छोड़कर जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहती हैं श्रुति हासन



साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो।' इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है।

### यूजर्स ने क्या दी श्रुति हासन को सलाह

यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।'

एक अन्य यूजर ने श्रुति को पहाड़ों पर जाकर वक्त गुजारने की सलाह दी। वह कहता है, 'नई शुरुआत करें। पहाड़ों पर जाएं। धीरे-धीरे जिएं, भीड़-भाड़ से दूर रहें। अपनी सोल (आत्मा) के लिए आप इससे ज्यादा खूबसूरत काम कुछ नहीं कर सकते हैं।' कुछ यूजर्स ने श्रुति के जैसा ही महसूस करने की बात भी कही है।

रजनीकांत की फिल्म 'कूली' 14 अगस्त को रिलीज होगी। इसमें रजनीकांत लीड रोल में हैं। वहीं श्रुति हासन का रोल भी काफी अहम है। फिल्म के ट्रेलर में श्रुति की झलक, अभिनय दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म के अलावा श्रुति हासन फिल्म 'सालार 2' में साउथ एक्टर प्रभास के साथ भी नजर आएंगी।

# भूमि पेडनेकर ने बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज, फैंस ने किए दिलचस्प कमेंट्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने आज सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

### भूमि का इंस्टाग्राम पोस्ट

भूमि ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।₹ यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है।

### भूमि का लुक

पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-



पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं।

### फैंस के कमेंस्ट

भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं।



### भूमि पेडनेकर का करियर

भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू किया। भूमि ने 2015 में फिल्म 'दम लगा के हईशा' से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद, उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया। इस लिस्ट में 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा', 'शुभ मंगल सावधान' और 'पति पत्नी और वो', जैसी फिल्में शामिल हैं।

# फ्रेंचाइजी फिल्मों में काम करने पर खुद को लकी मानते हैं रितेश, फैंस को दिया सफलता का श्रेय



अभिनेता रितेश देशमुख पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग जॉनर की कई फिल्मों में काम किया है। हालांकि, रितेश अपने करियर में कुछ एक फ्रेंचाइजी फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं, जो उनके करियर में हिट फिल्में लेकर आया है। इसमें 'हाउसफुल' और 'मस्ती' जैसी फ्रेंचाइजी फिल्में शामिल हैं। वो एक बार फिर 'मस्ती' के चौथे पार्ट में भी नजर आने वाले हैं। अब इन फ्रेंचाइजी फिल्मों को लेकर बात करते हुए अभिनेता ने इन्हें अपने लिए भाग्यशाली बताया है।

### खुद को खुशकिस्मत मानते हैं रितेश देशमुख

एक समाचार पत्र से बात करते हुए अभिनेता रितेश देशमुख ने अपने करियर में फ्रेंचाइजी फिल्मों में काम करने को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा कि मुझे लगता है कि हर अभिनेता को भाग्यशाली महसूस करना चाहिए अगर वे किसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं या किसी का दूसरा भाग बना है। आप जानते हैं कि वर्तमान में मैं शायद 4 फिल्में कर रहा हूं। मैं उन फिल्मों का हिस्सा बनकर बेहद खुशकिस्मत महसूस करता हूं जिन्हें लोग शायद इतना पसंद करते हैं कि हम तीसरा और चौथा भाग बना पा रहे हैं। यह सब दर्शकों की बदौलत है।

### लंबे गैप पर बन रही हैं फ्रेंचाइजी फिल्में

हालांकि, फिल्मों के लगातार सीक्वल बनने और उनके स्वाभाविक रूप से बंद हो जाने के सवाल पर रितेश का कहना है कि थकान दर्शकों पर या दर्शकों की थकान पर निर्भर करेगी और साथ ही ये किश्तें लंबे गैप पर आ रही हैं। ये पांच साल और यहां तक कि दस साल के गैप पर भी आ रही हैं। इसलिए ऐसा नहीं है कि वे हर महीने वापस आ रही हैं।

### आने वाले वक्त में दो फ्रेंचाइजी फिल्मों में नजर आएंगे रितेश

वर्कफ्रंट की बात करें तो रितेश देशमुख आखिरी बार फ्रेंचाइजी फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आए थे। इसके अलावा आने वाले वक्त में भी वो दो फ्रेंचाइजी फिल्मों 'मस्ती 4' और 'धमाल 4' में नजर आएंगे। इसके अलावा वो मराठी फिल्म 'राजा शिवाजी' में भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन भी खुद रितेश देशमुख कर रहे हैं।

# जॉली एलएलबी 3 में आमने-सामने टक्कर लेंगे अरशद वारसी और अक्षय कुमार



अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का टीजर आज रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। जानिए टीजर में क्या है खास।

1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की। फिर शुरू होता है दोनों के बीच केस और फिल्म की मजेदार कहानी। टीजर में फिल्म की स्टोरी की हल्की सी झलक देखने को मिली है, जो ये दर्शाती है कि इस बार मजा तीन गुना होने वाला है।

सुभाष कपूर द्वारा निर्देशित 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला के अलावा हुमा कुरैशी और अमृता राव भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है और वो बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। ये फिल्म 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। इससे पहले इसी नाम से दो फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। सबसे पहले साल 2013 में 'जॉली एलएलबी' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला और बोमन ईरानी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। इसके बाद 2017 में फिल्म का दूसरा पार्ट रिलीज हुआ था।इसमें अरशद वारसी की जगह अक्षय कुमार जॉली के किरदार में नजर आए थे। इसमें अक्षय कुमार के साथ अन्नू कपूर, हुमा कुरैशी और सौरभ शुक्ला प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई दिए हैं। अब लगभग आठ साल बाद फिल्म का तीसरा पार्ट रिलीज होने जा रहा है। इसमें पहली और दूसरी दोनों ही फिल्मों के प्रमुख किरदार यानी अरशद वारसी और अक्षय कुमार नजर आएंगे।

# 'क्लिप को बिना इजाजत एडिट और इस्तेमाल किया गया', 'वोट चोरी' वाले वीडियो से केके मेनन ने बनाई दूरी

देश में विपक्ष इस वक्त 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान चला रहा है। विपक्षी सांसद इसको लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर अभिनेता केके मेनन की एक क्लिप शेयर की गई, जिसे वोट चोरी अभियान में शामिल किया गया। हालांकि, अब अभिनेता केके मेनन ने इस वीडियो क्लिप की सच्चाई बताते हुए इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### 'स्पेशल ऑप्स' के प्रमोशन का हिस्सा है क्लिप

वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए केके मेनन ने कमेंट करते हुए स्पष्ट किया कि वीडियो में इस्तेमाल की गई क्लिप उनके शो 'स्पेशल ऑप्स' के लिए उनके द्वारा शूट किए गए एक प्रोमो का हिस्सा है। अभिनेता ने कहा कि कृपया ध्यान दें कि मैंने इस विज्ञापन में अभिनय नहीं किया है। मेरे 'स्पेशल ऑप्स' प्रमोशन के एक क्लिप को बिना किसी अनुमति के एडिट करके इस्तेमाल किया गया है।

### कांग्रेस ने शेयर किया था ये वीडियो

कांग्रेस पार्टी की ओर से अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था। इसकी शुरुआत में केके मेनन 'स्पेशल ऑप्स' के उनके किरदार हिम्मत सिंह के रूप में नजर आते हैं। वीडियो में केके कहते हैं, "रुको रुको यार। स्क्रॉल करना बंद करो। अगर आप यह रील देख रहे हैं तो इसका मतलब क्या है।" वीडियो के बाकी हिस्से में एक व्यक्ति लोगों से अपनी आवाज उठाने और कांग्रेस के



'वोट चोरी' अभियान में भाग लेने की अपील करता है। वीडियो के कैप्शन में लिखा था, "हिम्मत सिंह कुछ कह रहे हैं, जल्दी से कर आओ। कैंपेन से जुड़ने के लिए।

### विपक्ष ने एसआईआर के खिलाफ शुरू किया अभियान

इन दिनों विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है और आरोप लगा रहा है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग द्वारा बिहार में एसआईआर अभियान के खिलाफ अभियान शुरू किया है।

# आवारा कुत्तों को लेकर एससी के फैसले से नाराज हुए जान्हवी कपूर और वरुण धवन, पोस्ट कर जताया विरोध

दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाकर उन्हें शेल्टर होम्स में भेजने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश ने हर तरफ एक नई बहस छेड़ दी है। अदालत का ये फैसला अब देशभर में बहस का कारण बन चुका है। खास तौर पर बॉलीवुड सेलेब्रिटीज इस फैसले के विरोध में खुलकर सामने आ रहे हैं।

### जानवरों के लिए बॉलीवुड ने उठाई आवाज

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर और अभिनेता वरुण धवन ने इस आदेश को निर्दयी और अनुचित बताते हुए अपनी नाराजगी सोशल मीडिया पर जाहिर की है। जाह्नवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पिटीशन शेयर करते हुए लिखा कि सड़कों पर रहने वाले ये जानवर सिर्फ आवारा कुत्ते नहीं हैं, बल्कि ये हमारे समाज का हिस्सा हैं।

### जान्हवी कपूर ने शेयर किया पोस्ट

जान्हवी की इस अपील में कहा गया कि, 'यह वो ही कुत्ते हैं जो हर सुबह चाय की दुकान के बाहर बिस्किट का इंतजार करते हैं, जो दुकानों की रातभर निगरानी करते हैं, जो बच्चों के स्कूल से लौटने पर पूंछ हिलाकर उनका स्वागत करते हैं। ये इस बेरहम शहर में भी अपनापन देने वाले जीव हैं।'

### समस्या से नजरें चुराना नहीं है समाधान

जान्हवी की इस अपील में यह भी जिक्र किया गया कि हर समस्या का समाधान कैद नहीं होता। जानवरों को सड़कों से हटाकर शेल्टर होम्स में डालना न



तो व्यावहारिक समाधान है और न ही नैतिक। इसके बजाय बड़े पैमाने पर नसबंदी, वैक्सीनेशन, सामुदायिक फीडिंग ज़ोन और गोद लेने के अभियान जैसे उपाय किए जाने चाहिए।

### वरुण धवन ने भी जताई नाराजगी

वहीं अभिनेता वरुण धवन ने भी इस पिटीशन को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए फैसले का विरोध किया। वरुण कई वर्षों से पालतू जानवरों के साथ रहते हैं और वह पहले भी जानवरों के अधिकारों के लिए आवाज उठा चुके हैं।

### रवीना टंडन भी जता चुकी हैं विरोध

इससे पहले रवीना टंडन भी इस मामले पर अपनी राय दे चुकी हैं। उन्होंने एचटी सिटी से बातचीत में कहा 'आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या के लिए इन बेचारे कुत्तों को दोषी ठहराना गलत है। अगर स्थानीय निकायों ने टीकाकरण और नसबंदी अभियान को ठीक से चलाया होता, तो यह नौबत नहीं आती। स्थानीय निकायों को अपने इलाके के आवारा कुत्तों की जिम्मेदारी लेनी होगी। नसबंदी आज की सबसे बड़ी जरूरत है।'

### सुप्रीम कोर्ट का पक्ष और विवाद

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि बच्चों और शिशुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और उन्हें सिर्फ इसलिए खतरे में नहीं डाला जा सकता कि कुछ लोग खुद को 'एनिमल लवर' कहते हैं। इस टिप्पणी ने जानवरों के हितों के लिए काम करने वाले संगठनों और पेट लवर्स को नाराज कर दिया है।

# कभी 91 किलो था वजन, पहली फिल्म 'केदारनाथ' से ही सारा अली खान ने जमाया सिक्का

सारा अली खान बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं, जिन्होंने साल 2018 में 'केदारनाथ' फिल्म से सिनेमाई दुनिया में कदम रखा था। एक समय एक्ट्रेस का वजन काफी अधिक था, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और जज्बे से उसे कम किया और आज वो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज 12 अगस्त को अभिनेत्री अपना 30वां जन्मदिन मना रही हैं।आइए इस खास अवसर पर जानते हैं उनके जीवन, करियर और व्यक्तिगत पहलुओं के बारे में विस्तार से।

### जन्म और परिवार

सारा अली खान का जन्म 12 अगस्त 1995 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। उनका बचपन का नाम सारा सुल्तान था और बाद में उनका प्रोफेशनल नाम बदलकर सारा अली खान कर दिया गया था। अभिनेत्री के पिता सैफ अली खान एक जाने-माने अभिनेता और पटौदी नवाब के बेटे हैं, जबकि उनकी मां अमृता सिंह लोकप्रिय अभिनेत्री रह चुकी हैं। एक्ट्रेस के छोटे भाई का नाम इब्राहिम अली खान है, जो एक अभिनेता हैं। सारा अली खान एक चर्चित और राजसी परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

### फिल्मों के लिए घटाए वजन

सारा अली खान ने अपनी स्कूलिंग मुंबई से की। फिर इसके बाद एक्ट्रेस ने कॉलेज अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से किया। आपको बताते चलें कि कॉलेज के दौरान सारा का वजन 91 किलो हो गया था। इसके बाद सारा अली खान ने फिल्मों में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और जिम, डाइट, एक्सरसाइज के सहारे 45 किलो वजन घटाकर युवाओं के लिए एक मिशाल पेश की।

### सिनेमाई दुनिया में रखा कदम

सारा अली खान ने अपने करियर की शुरुआत साल 2018 से की। अभिनेत्री की पहली फिल्म थी 'केदारनाथ', जिसे अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में सारा अली खान ने 'मंदाकिनी' का किरदार निभाया था, जिन्हें 'मंसूर' नाम के लड़के से प्यार हो जाता है, जो कुली रहता है। इस फिल्म में शानदार अभिनय के लिए



अभिनेत्री को बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस के तौर पर फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### इन फिल्मों में निभाया शानदार किरदार

'केदारनाथ' के बाद एक्ट्रेस ने रणवीर सिंह अभिनीत 'सिंबा' फिल्म में काम किया था। इसके बाद अभिनेत्री ने 'लव आज कल', 'कुली नं 1', 'अतरंगी रे', 'जरा हटके जरा बचके', 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी आदि फिल्में कीं। सारा अली खान को आखिरी बार 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म में देखा गया था।

### सारा अली खान की लवलाइफ

सारा अली खान प्रोफेशन लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। सारा अली खान ने कार्तिक आर्यन से लेकर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा सहित कई सेलेब्स को डेट किया है। हाल ही में सारा अली खान का नाम अर्जुन प्रताप बजवा संग जुड़ रहा है। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है। हालांकि, अभी तक दोनो की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



# जरा सा वर्कआउट करके थक जाती हैं तो अपनी डाइट में शामिल करें चार सुपर फूड



क्या आप भी इंटेस वर्कआउट करना चाहते हैं, लेकिन थोड़ी सी एक्सरसाइज करने के बाद आप थकान से चूर चूर हो जाते हैं? तो आपको बताते हैं ऐसे सुपरफूड्स जिनसे आप स्टैमिना बढ़ा सकते हैं.

**एक्सरसाइज के दौरान होती है थकान तो डाइट में करें बदलाव**

हमारा स्टैमिना जितना ज्यादा होगा उतने ही एनर्जेटिक हम होंगे और हम उतना ही ज्यादा काम कर पाएंगे. ऐसे में अपने स्टैमिना को बढ़ाने के लिए लोग तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन कई बार एक्सरसाइज करने के बाद भी उनके शरीर में थकावट बनी रहती है और वो बहुत कमजोर महसूस करने लगते हैं.

ऐसे में फिजिकल एक्टिविटी के अलावा आपको अंदर से न्यूट्रिशन देने की भी बहुत ज्यादा जरूरत होती है. तो चलिए हम आपको बताते हैं चार ऐसे सुपरफूड्स, जो स्टैमिना को बढ़ाने का काम करते हैं.

## केला

वर्कआउट से पहले या वर्कआउट के बाद केला खाने से शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं, जो आपको इंस्टेंट एनर्जी देता है और आपकी थकान को छूमंतर कर सकता है. इतना ही नहीं केला खाने से वजन कम भी होता है और अगर दूध के साथ इसका सेवन किया जाए तो यह वजन को बढ़ाने में भी फायदेमंद होता है.

## नट्स और सीड्स

नट्स और सीड्स जैसे बादाम, अखरोट, चिया सीड्स, अलसी के बीज, सनफ्लावर सीड्स स्टैमिना को बढ़ाने में मदद करते हैं और इसमें हेल्दी फैट्स भी पाए जाते हैं, जो आपकी एनर्जी को बूस्ट करते हैं. आप नट्स और सीड्स को मिलाकर प्रोटीन बार बनाकर उसका सेवन कर सकते हैं.

## किनोआ

किनोआ एक सुपरफूड है जिसका इस्तेमाल आप कई तरह से कर सकते हैं. आप किनोआ की पुडिंग बना सकते हैं या किनोआ का सलाद बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं. यह होल ग्रेन फूड है, जो शरीर का स्टैमिना बढ़ाने में मदद करता है. साथ ही क्रॉनिक डिजीज के खतरे को भी कम करता है. यह प्रोटीन से भरपूर होता है इसलिए आपको लंबे समय तक एनर्जेटिक बनाए रखता है.

## दालें

किसी भी प्रकार की दाल जैसे- मूंग दाल, राजमा, चना, अरहर की दाल प्रोटीन फाइबर और आयरन से भरपूर होती है. यह आपको हेल्दी और फिट रखती है. साथ ही शरीर को प्रोटीन भी देती है. ऐसे आप रोजाना किसी ना किसी दाल का सेवन कर सकते हैं.

# बच्चों को पहनाएंगे ऐसे कपडे तो उन पर चढ़ेगा देशभक्ति का रंग

**हर साल की तरह इस साल भी भारत** अपना स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, जिसकी तैयारी लोगों ने पूरी कर ली है। ये दिन हर भारतवासी के लिए गौरव और अभिमान का दिन है। इस दिन चारों तरफ देशभक्ति की झलक देखने को मिलती है। स्वतंत्रता दिवस के दिन को पूरे देश में धूमधाम से सेलिब्रेट किया जाता है। स्कूलों से लेकर दफ्तर तक तिरंगे के रंगों में रंगे नजर आते हैं।

इसी के चलते हर कोई अपने-अपने तरीके से देश की आजादी का जश्न मनाता है। इस दिन स्कलों में तमाम तरह के



सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। ऐसे में अगर आप अपने बच्चे पर भी देशभक्ति का रंग चढ़ाना चाहती हैं तो उन्हें कुछ खास आउटफिट पहनाकर स्कूल भेजें।

यहां हम आपको बच्चों के लिए कुछ ऐसे आउटफिट आइडिया देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप उनके लुक को अलग बना सकते हैं। अगर आपका बच्चा स्वतंत्रता दिवस के दिन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग ले रहा है, तो उसमें ये लेख आपकी मदद करेगा।

**तिरंगा साड़ी पहनाएं**

अगर आपके पास सफेद रंग की शिफॉन की साड़ी है तो उसपर तिरंगा लगाएं। इस तरह की साड़ी आपके बच्ची पर काफी खूबसूरत लगेगी। इसके साथ उसके हाथों में तिरंगे वाले ब्रेसलेट पहनाएं और तिरंगे वाला ब्रोच भी साड़ी पर लगाएं।

**लाल बॉर्डर वाली साड़ी**

इस दिन हर कोई भारत माता को नमन करता है। ऐसे में आप अपनी बेटी को सफेद साड़ी पहनाकर तैयार कर सकते हैं। ध्यान रखें कि इस साड़ी पर लाल रंग का चौड़ा बॉर्डर लगा हो। इसके साथ उनके माथे पर मुकुट पहनाकर हाथों में तिरंगा पकड़ाएं।

**झांसी की रानी के जैसी नौवारी साड़ी**

झांसी की रानी लक्ष्मी बाई किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अकेले के दम पर अंग्रेजों को नाको चने चबाने पर






मजबूर कर दिया था। ऐसे में अपनी बिटिया को आप उन्हीं की तरह नौवारी साड़ी पहनाकर स्कूल भेज सकते हैं। नौवारी साड़ी पहनाते वक्त उसके हाथ में तलवार अवश्य दें और सिर पर पगड़ी जरूर बांधें।

**नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जैसी ड्रेस**

नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी की जंग में काफी अहम किरदार निभाया था। ऐसे में आप उनके जैसे कपड़े पहनकार अपने बेटे को स्कूल भेज सकते हैं। इस तरह की ड्रेस आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी। आप आज ही जाकर अपने बेटे के नाप की ऐसी ड्रेस खरीद सकते हैं। अगर आप अपने बेटे को नेता जी बनाकर स्कूल भेजेंगे तो हर कोई उसकी तारीफ करेगा।

**पहनाएं धोती**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के लिए अहिंसा का रास्ता चुना था, और वो इसमें सफल भी हुए। ऐसे में आप अपने बेटे को उन्हीं की तरह से धोती और गमछा पहनाकर भी स्कूल भेज सकती हैं। इसमें उनका लुक महात्मा गांधी जैसा लगेगा। इस तरह से तैयार करते वक्त बेटे को गोल फ्रेम वाला चश्मा लगाना कतई न भूलें। इसी से उसका लुक पूरा होगा।





# मुश्किल नहीं है पतली कमर पाना

एक दिन अचानक आपको लगता है कि आपके कपड़े तंग होने लगे हैं। साड़ी पहनने पर कमर के जो प्यारे से खम दिखते थे, उस जगह पर मोटे खम्भे सी आकृति दिख रही है। यह संकेत है कि बढ़ती उम्र ने आपकी कमर पर हमला बोल दिया है।

लगभग 20 वर्ष की आयु से ही आपके शरीर की अधिकांश मांसपेशियां और अंग सिकुड़ने आरंभ हो जाते हैं और शरीर को कैलोरीज की आवश्यकता कम हो जाती है। साथ ही हमारी उपापचय प्रक्रिया भी धीमी पड़ जाती है। परिणामस्वरूप औसत व्यक्ति का वजन बढ़ने लगता है। आयु बढ़ने के साथ आपका पेट भी बढ़ने लगता है और शरीर बेडौल लगने लगता है। लेकिन घबराएं नहीं, नवीनतम खोजों के अनुसार कुछ ऐसे उपाय हैं, जिनके द्वारा कमर को कम किया जा सकता है।

व्यायाम

एरोबिक व्यायाम चर्बी को कम करने के सभी उपायों में श्रेष्ठ है क्योंकि ये व्यायाम उपापचय प्रणाली को तीव्र करने में चमत्कारिक है। जो व्यायाम हृदय की गति को कम से कम 30 मिनट तक बढ़ा दे, वह इस क्षेत्र में उपयोगी हैं। सीढ़ियां चढ़ना, तेज चलना, दौड़ लगाना और साइकिल चलाना कमर घटाने में उपयोगी हैं। इनमें से किसी के भी अभ्यास से जमी हुई चर्बी भस्म होनी शुरू हो जाती है। व्यायाम की अवधि



और हृदयगति जितनी अधिक होगी, उतनी ही कैलोरीज की खपत अधिक होगी। एरोबिक व्यायाम पेट की बढ़ी हुई चर्बी को सबसे पहले और तेजी से कम करना आरंभ करते हैं। ठीक भोजन यह एक तथ्य है कि अगर आप खर्च से अधिक कैलोरीज खाती हैं तो अतिरिक्त कैलोरी चर्बी बन कर जम जाती है लेकिन अनुसंधान से पता चला है कि सभी कैलोरीज एक-सौ नहीं होतीं। बसा से ही यह अंतर पैदा होता है। आहार में वसा को कम करने पर आप कैलोरीज की चिता किए बिना अपना वजन घटा सकती हैं। प्रतिदिन आपके द्वारा ली गई कैलोरी से वसा को 35 से 30 प्रतिशत तक कम करने की योजना बनाइए। वसायुक्त मांस और चीज की बजाय साग, सब्जी, फल और अनाज उत्पादों पर बल दीजिए। कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त कैलोरी अधिक तेजी से भस्म होती है।

वजन घटाने के प्रयास में एक छिपा अस्त्र है पानी। अक्सर खाने की इच्छा वस्तुतः प्यास होती है। दिन में पानी पीते रहने से, विशेषकर जब भूख महसूस करें, आप भोजन लेने की आवश्यकता से काफी हद तक बच सकती हैं।

अल्कोहल कम करें अल्कोहल अन्य पौष्टिक पदार्थों की तरह शरीर में संचय नहीं किया जा सकता, इसलिए शरीर इसे तत्काल भस्म कर देता है। अतः शारीरिक प्रक्रिया अल्कोहल को ही भस्म करने में लग जाती है और बसा को भस्म नहीं कर पाती। आमतौर पर शराब के साथ चिप्स, नमकीन आदि ऐसी खाद्य वस्तुएं प्रयुक्त की जाती हैं, जिनमें वसा और कैलोरीज की बहुतायत होती है।

एक बार वजन घटाने का निर्णय लेकर उस पर अमल तभी करें, जब आप अपनी सही योजना तय कर लें। आहार नियमन के साथ व्यायाम भी अपनाना होगा, तभी वजन कम करने का आपका निर्णय पक्का हो सकता है। यह ध्यान देने की बात है कि वजन रातों-रात नहीं कम हो सकता। यह न सोचें कि एक माह में 10 किलो वजन कम करेंगी बल्कि पहले अनुमान लगाइए कि आप कितना भार कम करना चाहती हैं। अगर आप पांच किलो वजन कम करना चाहती हैं तो यही सही होगा कि इतना भार दो माह में कम करें। आपका वजन कम होने लगे तो अपनी पीठ थपथपाएं लेकिन ऐसा न हो तो घबराएं नहीं, अगर अपने लक्ष्य का 70 प्रतिशत भी आप पूरा कर पाती हैं तो भी अपना प्रयास जारी रखिए। हो सकता है एक दिन आप उस पैंट को पहन लें, जो 18 वर्ष की आयु में पहनी थी।

पेट बढ़ने से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, दौरा और मधुमेह होने की आशंका बढ़ जाती है। अतः पेट कम करें। पेट और कमर कम होने पर आप बेहत्तर भी दिखेंगी और आपकी आयु भी कम लगेगी।

# बारिश में गरमा-गरम पोहा टिक्की का लीजिए मज़ा

बारिश के मौसम में कुछ चटपटा मिल जाए तो मौसम का मजा आ जाता है. ऐसे में आज हम आपको बहुत ही आसानी से तैयार होने वाली पोहा टिक्की की रेसिपी बता रहे हैं. ये खाने में भी बहुत स्वादिष्ट लगती है.

पोहा टिक्की बनाने के लिए आपको चाहिए उबले आलू, पोहा, बारीक कटी शिमला मिर्च, बारीक कटी प्याज, बारीक कटी हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर, नमक, काला नमक, अदरक लहसुन पेस्ट, जीरा पाउडर, आमचूर पाउडर, धनिया पाउडर,हरा धनिया, कॉर्न फ्लोर.

पोहा से टिक्की बनाना बहुत ही आसान है. इसके लिए आपको उबले हुए आलू को अच्छे से मैश



कर लेना है. फिर पोहा को पानी में भिगोकर छान लीजिए. जब पोहा का सारा पानी निकल जाए तो इसे आलू के साथ ही मिक्स करके रख लीजिए.

अब आलू में प्याज, शिमला मिर्च,हरी मिर्च, अदरक लहसुन का पेस्ट, चावल का आटा डालें. इसमें लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर, नमक, काला नमक, जीरा पाउडर, आमचूर पाउडर, धनिया पाउडर और हरा धनिया डालकर अच्छे से मिलाएं. टिक्की को कोट करने के लिए स्लरी बनाएं.आप कॉर्नफ्लोर की स्लरी बनाएं और नमक काली मिर्च इसमें मिलाएं.

अब आलू और पोहा से बने मिश्रण की छोटी-छोटी टिक्की बनाएं. इस टिक्की को इन्हीं स्लरी में डिप करें. इसके बाद ऊपर से सूखा पोहा लगाएं. सभी टिक्की को ऐसे ही कर लें और फिर गरम तेल में इन्हें डालकर ब्राउन करके निकालें. तैयार है आपकी पोहा टिक्की. आप इसे गरमा गरम हरी चटनी के साथ खाएं.

टिक्की को सेंकने के दौरान आपको एक बात जो ध्यान में रखनी है,वो यह है कि आपको टिक्की को हल्की आंच पर ही सेंकना है, इससे टिक्की क्रिस्पी हो जाती है और अंदर तक सिक जाती है.

# अपने बच्चों को सही संस्कार 10 साल की उम्र में जरूर सिखाएं

**एक समय** था जब लोग अपने बच्चों को काफी छोटे से ही सख्ती बरते हुए संस्कार का पाठ पढ़ाने लगते हैं, लेकिन आज का समय बदल गया है। आजकल लोग अपने बच्चों पर सख्ती बरतना नहीं चाहते, जिस वजह से कई बार बच्चे काफी जिद्दी बन जाते हैं। ऐसे में अगर आप आप चाहते हैं, कि आपका बच्चा जिद्दी न बनें, तो अपने बच्चे को अभी से कुछ बातें अवश्य सिखाएं।

दरअसल, आपकी सूकून भरी जिंदगी के लिए ये बेहद जरूरी है, कि आपका बच्चे में संस्कार हों। ऐसे में अगर आपके बच्चे की उम्र 10 साल है, तो अभी से उसे कुछ बातें अवश्य सिखाएं। बच्चों के जहन में अगर ये बातें बस जाएंगी, तो उन्हें आगे जाकर किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हम 10 साल के उम्र के बच्चों को सिखाने की बात इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि इस उम्र के बच्चे जल्दी सीखते भी हैं, और चीजों को अच्छी तरह समझते भी हैं।

**हर किसी का आदर करना**

अपने बच्चे को ये सिखाएं कि वो कभी किसी का अनादर न करें। उन्हें छोटे से ही ये सिखाएं



कि वो हर किसी से सम्मानपूर्वक बात करें। ये एक ऐसी आदत है, जो एक बार पड़ जाए तो आखिरी दम तक नहीं छूटती।

**सिखाएं अपना काम करना**

छोटे बच्चे अक्सर अपने पैरेंट्स पर निर्भर होते हैं। ऐसे में अब बढ़ती उम्र में उन्हें अपने छोटे-छोटे काम करना सिखाएं। ताकि उन्हें स्कूल में भी किसी तरह की कोई परेशानी न हो। अगर वो अपना काम ख़ुद से करेंगे तो उन्हें कहीं जानें में भी परेशानी नहीं होगी।



**सौंपें जिम्मेदारी**

अपने छोटे बच्चे को संस्कारी बनाने के लिए उसे 10 साल की उम्र से ही जिम्मेदारी सौंपना शुरू कर दें। जैसे कि आप उन्हें कह सकते हैं, कि वो आपके साथ पौधों में पानी डालें, या फिर आप उनसे छोटे-मोटे काम करा सकते हैं।

**सिखाएं पैसे की अहमियत**

ये सबसे जरूरी पाठ है। अपने बच्चे को इस चीज का एहसास जरूर कराएं कि पैसे की कितनी अहमियत है। इसके साथ ही उन्हें ये भी बताएं कि आप कितनी मेहनत से पैसे कमा रहे हैं। कम उम्र से उनके हाथ में थोड़े पैसे दें, ताकि वो मनी मैनेज करना सीख पाएं।

**अनुशासन सिखाएं**

अपने बच्चे को कम उम्र से ही अनुशासन का पाठ जरूर पढ़ाएं। मतलब कि उन्हें जल्दी उठने के फायदे बताएं। समय पर सोने की आदत डलवाएं। इसके साथ ही दिन में दो बार ब्रश करना, अपने बर्तन उठा कर रखना भी अपने बच्चे को सिखाएं।

# बच्चों के लिए बारिश के दिनों की जरूरी चीजें

जब पहली बारिश होती है, तब बच्चे बेहद खुश हो जाते हैं और इससे पहले आपको पता चले, वे सड़कों पर चिल्लाते हुए और बारिश में इधर-उधर खेलते हुए नजर आते हैं। आपको इसके बारे में तभी पता चलता है जब वे बारिश का मजा लेकर भीगते हुए या छींकते हुए घर वापस लौटते हैं।

**छाता**

जब बारिश के आसार लगने लगते हैं तो यह पहली चीज है जिसे आपको खरीदना चाहिए। एक छाता बारिश से आपको शुरुआती सुरक्षा प्रदान करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है और घूमने और सुरक्षित स्थान तक पहुंचने में भी मदद करता है। अपने बच्चे को उसके साइज के हिसाब से उसके पसंदीदा कलर में या उसके पसंदीदा कार्टून वाला एक छाता जरूर लें।

**रेनकोट**

मूसलाधार बारिश और तेज रफ्तार वाले वाहन छाते को बेकार कर सकते हैं, क्योंकि ऐसे में पानी हर तरफ से आता है। खासकर जब बच्चे स्कूल से लौट रहे हों तो उनकी यूनिफॉर्म और बैग आसानी से भीग सकते हैं। एक अच्छा ब्राइट कलर का रेनकोट खरीदें जो फुल साइज का हो और बच्चे को



सिर से पैर तक ढक सके।

**सही जूते**

बच्चों के लिए सही जूते पहनना आवश्यक है क्योंकि जब भी वह बाहर कदम रखते हैं या घर लौट रहे होते हैं तो वे पानी से भरे गड्ढों और गंदी जगह पर चलने लगते हैं। सड़क पर फिसलने से रोकने वाले जूते लेने के साथ-साथ पैरों को साफ रखना भी जरूरी है। यदि आप तेज बारिश वाले क्षेत्र में रहती हैं, तो गमबूट भी खरीद सकती हैं।

**एक गर्म जैकेट काफी उपयोगी होती है**

बाहर बारिश से बचना जरूरी है। लेकिन ठंड से भी बचाव करना जरूरी है। कभी-कभी, लगातार बारिश होने से तापमान काफी गिर जाता है, जिससे बच्चे को घर पर ठंड लग सकती है। एक अच्छी गर्म जैकेट उसे ठंड लगने या बुखार होने से बचा सकती है। कोशिश करें कि एक ऐसा रेनकोट खरीदें जो एक गर्म जैकेट के रूप में भी काम करे, जिससे बच्चा भीगने पर भी गर्म रहेगा।

**ऐसा तौलिया लें जो अच्छे से एब्जॉर्ब करें और जल्दी सूख जाए**

आपका बच्चा दिन में कई बार भीग सकता है, उसे बार-बार नहाने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में एक अच्छा तौलिया जरूरी है जो शरीर को अच्छी तरह से साफ करता है और सारा पानी सोख सकता है, साथ ही फिर से इस्तेमाल करने के लिए जल्दी सूख जाता है।

**वाटर-प्रूफ कैरी बैग काफी मददगार होते हैं**

गीले छाते और रेनकोट ले जाने में काफी दिक्कत होती है। या बारिश में कुछ और सामान ले जाने के लिए इसे बचाने का सही तरीका भी ढूंढना एक चुनौती बन जाता है। बच्चे के स्कूल बैग में कुछ कैरी बैग रखना समस्या का समाधान होता है।

**अतिरिक्त कपड़े भी रखे जा सकते हैं**

यदि आपका बच्चा लंबे समय तक घर से दूर रहने वाला है, जैसे कि स्कूल में या एक दिन की पिकनिक के लिए, तो उसे एक्स्ट्रा कपड़े जरूर दें।

बच्चों को मानसून बहुत पसंद होता है और वे बारिश में खेलते हुए जंगली हो जाना पसंद करते हैं साथ ही अपने दोस्तों के साथ मस्ती भी करते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कहाँ हैं, उन्हें सुरक्षित रखने के लिए कुछ कदम उठाकर एक लंबा रास्ता तय किया जा सकता है ताकि वे मस्ती करने वाले बच्चे बने रह सकें और बारिश का पूरा आनंद उठा सकें।



# अमेरिका के दिग्गज निवेशक बफे का जादू थम गया !

## मंदी और डॉटकॉम बबल में भी नहीं हुआ ऐसा

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के दिग्गज इनवेस्टर वॉरेन बफे को दुनिया भर के कई निवेशक फॉलो करते हैं। बफे दुनिया के टॉप रईसों में शामिल हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से उनकी कंपनी बर्कशायर हैथवे के शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। 2 मई के बाद इस कंपनी के शेयरों में 14% गिरावट आई है जबकि इस दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स में करीब 11% तेजी आई है। इस तरह हैथवे के शेयरों ने मार्केट से 25% कम परफॉर्म किया है। यह 2020 के बाद कंपनी का सबसे खराब आंकड़ा है। बर्कशायर हैथवे के शेयरों के लिए यह 2008 की मंदी और 2000 के डॉटकॉम बबल से भी खराब प्रदर्शन है। कंपनी का मार्केट कैप 1.003 ट्रिलियन डॉलर रह गया है और दुनिया की टॉप 10 वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट से बाहर हो चुकी है। सोमवार को कंपनी का शेयर 0.14 फीसदी गिरावट के साथ $464.73 पर बंद हुआ। बर्कशायर हैथवे में वॉरेन बफे की 16% हिस्सेदारी है। कंपनी का सबसे ज्यादा कारोबार अमेरिका में है।

**60 साल में कितना रिटर्न**



बर्कशायर हैथवे का कारोबार प्रॉपर्टी और कैजुएलिटी इंश्योरेंस और रिइंश्योरेंस, यूटिलिटीज और एनर्जी, फ्रेट रेल ट्रान्सपोर्टेशन, फाइनेंस, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेलिंग और सर्विसेज उपलब्ध कराती है। यह अमेरिका की कंपनी है जिसका हेडक्वार्टर ओमाहा में है। इसकी शुरुआत 1939 में हुई थी। बफे ने 1965 में बर्कशायर हैथवे को खरीदा था। तब इसका एक शेयर 20 डॉलर से कम का था। लेकिन बफे ने इस कंपनी को बुलंदियों पर पहुंचा दिया। कंपनी ने पिछले 60 साल में अपने निवेशकों को 5,502,284% रिटर्न दिया है जबकि एसएंडपी 500 का रिटर्न 39,054% था।

# बात देश पर आई तो भारतीयों ने भी कसम खाई ! अमेरिकी ब्रांड्स का करेंगे बॉयकॉट

## मैकडॉनल्ड्स, कोका-कोला, अमेजन, एप्पल का क्या होगा ?



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, अमेरिका भी भारतीयों के निशाने पर आ गया है। अब माना जा रहा है भारतीय अमेरिका के कई बड़े ब्रांड्स का बॉयकॉट कर सकते हैं। इसमें मैकडॉनल्ड्स, कोका-कोला, अमेजन, एप्पल आदि शामिल हैं।

अगर ऐसा होता है तो अमेरिका के इन ब्रांड्स को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। जब से ट्रंप ने भारत पर टैरिफ लगाया है, तब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थक और कई बड़े व्यापारी नाराज हैं।

वे अब अमेरिका के सामान का बहिष्कार करने की बात कर रहे हैं। चूंकि अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। ऐसे में इन्हें बड़े नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

अमेरिका के कई ब्रांड और प्लेटफॉर्म का भारत में काफी इस्तेमाल किया जाता है। मेटा कंपनी की व्हॉट्सऐप एप्लीकेशन को सबसे ज्यादा भारत में इस्तेमाल किया जाता है। डोमिनोज के सबसे ज्यादा आउटलेट भी भारत में ही हैं। पेप्सी और कोका-कोला जैसे अमेरिकी कोल्ड ड्रिंक ब्रांड्स की दुकानें भारत में हर जगह दिखती हैं।

एप्पल के स्टोर्स और स्टारबक्स के आउटलेट्स पर भी लोगों की काफी भीड़ होती है। ट्रंप ने पिछले महीने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था।

कुछ दिनों पहले 25 फीसदी टैरिफ और बढ़ा दिया। इस प्रकार भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे भारत और अमेरिका के रिश्ते कुछ बिगड़ गए हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने अमेरिकी सामान का बहिष्कार करने की बात शुरू कर दी है। लोग कहने लगे हैं कि अमेरिकी सामान की जगह भारत में बने सामान को इस्तेमाल करना चाहिए। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अभी यह कहना मुश्किल है कि इससे अमेरिकी कंपनियों की बिक्री पर कितना असर पड़ा है, लेकिन अमेरिकी सामान के बहिष्कार की बात जोर पकड़ रही है।वाह स्किन साइन्स के को-फाउंडर मनीष चौधरी ने लिंक्डइन पर एक वीडियो शेयर किया।

इसमें उन्होंने कहा कि हमें भारत के किसानों और स्टार्टअप्स को सपोर्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट्स को दुनिया में पहचान दिलानी चाहिए। उन्होंने साउथ कोरिया का उदाहरण दिया, जहां खाने और ब्यूटी प्रोडक्ट्स बहुत मशहूर हैं।उन्होंने आगे कहा, 'हमने हजारों मील दूर से आने वाले प्रोडक्ट्स के लिए लाइन लगाई है। हमने उन ब्रांड्स पर गर्व से पैसे खर्च किए हैं, जो हमारे नहीं हैं। जबकि हमारे अपने देश के निर्माता अपने ही देश में ध्यान पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।'

# केंद्रीय कर्मियों को नहीं मिलेंगे 18 माह के डीए-डीआर के 34 हजार करोड़, संसद में सरकार का दो टूक जवाब




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने कोविड 19 के दौरान कर्मचारियों और पेंशनरों के डीए-डीआर के 18 माह के बकाया 34 हजार करोड़ रुपये देने से मना कर दिया है। विभिन्न कर्मचारी संगठन लंबे समय से इस मांग को केंद्र सरकार के समक्ष उठा रहे थे। मौजूदा संसद सत्र में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के विपरीत वित्तीय प्रभाव तथा सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी उपायों के वित्तपोषण का वित्त वर्ष 2020-21 के बाद राजकोषीय प्रभाव पड़ा था, ऐसे में महंगाई भत्ता या महंगाई राहत का बकाया दिया जाना संभव नहीं है। इन भत्तों का 'एरियर' जारी नहीं किया जाएगा। कोरोनाकाल में केंद्र सरकार ने 18 माह का डीए-डीआर रोककर 34,402 करोड़ रुपये बचा लिए थे। खास बात है कि लोकसभा सांसद आनंद भदौरिया ने इस वर्ष फरवरी में भी डीए-डीआर की बकाया राशि जारी करने को लेकर सवाल पूछा था। उनका सवाल था, क्या कोविड-19 के दौरान केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत, 18 महीने के लिए रोक दी गई थी। उसे जारी नहीं किया गया। यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है। सरकार द्वारा इसे जारी नहीं करने के क्या कारण हैं। क्या सरकार, अपने कर्मचारियों द्वारा व्यय किया जाना सुनिश्चत करने के लिए इसे जारी करेगी। क्या यह कदम देश की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक होगा। यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है। यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं। संसद के मानसून सत्र में सोमवार को सांसद आनंद भदौरिया ने एक बार फिर से वही सवाल पूछा है। फरवरी में उक्त सवाल का जवाब वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दिया था। अब भी चौधरी ने ही डीए/डीआर बाबत पूछे गए सवाल का जवाब दिया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इस सवाल का जवाब देते हुए बताया, सरकार के कर्मचारियों-पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता या महंगाई राहत की दिनांक 01.01.2020, 01.07.2020 और 01.01.2021 से देय तीन किस्तों को फ्रीज करने का निर्णय कोविड-19 के दौरान लिया गया था। इसका कारण आर्थिक व्यवधान था। उसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया था। तब इसका मकसद, सरकारी वित्त पर दबाव को कम करना था। फरवरी में जब यह पूछा गया कि क्या सरकार डीए-डीआर की बकाया राशि जारी करेगी, इसके जवाब में मंत्री ने कहा, प्रश्न नहीं उठता। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के विपरीत वित्तीय प्रभाव तथा सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी उपायों के वित्तपोषण का वित्त वर्ष 2020-21 के बाद राजकोषीय प्रभाव पड़ा, इसलिए महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का बकाया दिया जाना संभव नहीं है। खास बात है कि इस बार भी वित्त राज्य मंत्री चौधरी ने लोकसभा में उसी उत्तर को दोहरा दिया है। जेसीएम 'स्टाफ साइड' से लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठन, फेडरेशन और एसोसिएशन, डीए/डीआर के बकाया 34,402 करोड़ रुपये लौटाने का आग्रह कर चुके हैं। वित्त मंत्रालय में ऐसे कई संगठनों ने अपना प्रतिवेदन दिया है। संसद सत्र में सवाल पूछे जा रहे हैं, मगर अभी तक सरकार ने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया है कि जिससे कर्मचारियों और पेंशनरों को उक्त राशि मिलने का कोई संकेत नजर आता हो। केंद्रीय बजट में भी सरकार ने इस बाबत कोई घोषणा नहीं की। केंद्र सरकार ने संसद में यह बात मान चुकी है कि डीए की बकाया राशि जारी करने के लिए, कई कर्मचारी संगठनों की ओर से आवेदन मिले हैं।

# खुदरा महंगाई 2017 के बाद सबसे कम

## जुलाई में सीपीआई मुद्रास्फीति दर खिसककर 1.55% पर पहुंची



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जुलाई में खुदरा महंगाई दर घटकर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। यह जून 2017 के बाद सबसे कम है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई है। सरकार ने मंगलवार को खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी किए। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों और अनाजों सहित खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी है। सरकार ने मंगलवार को खुदरा महंगाई से जुड़े आंकड़े जारी किए।उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जून में 2.1 प्रतिशत और जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत थी। जुलाई 2025 की मुद्रास्फीति जून 2017 के बाद सबसे कम है जब यह 1.46 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा, जुलाई 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और दालों और उत्पादों, परिवहन और संचार, सब्जियों, अनाज और उत्पादों, शिक्षा, अंडे और चीनी और कन्फेक्शनरी की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण है। जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति दर वर्ष-दर-वर्ष (-) 1.76 प्रतिशत रही।

# उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 368 अंक टूटा, निफ्टी भी लुढ़का



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को उतार-चढाव के बाद भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। घरेलू और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले ब्लू-चिप बैंक शेयरों और सतर्कता के चलते यह गिरावट आई। निवेशकों की नजर 15 अगस्त को होने वाली अमेरिका-रूस वार्ता पर भी है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 368.49 अंक या 0.46 प्रतिशत गिरकर 80,235.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 833.31 अंक के उतार-चढ़ाव के साथ 80,997.67 के उच्च स्तर और 80,164.36 के निम्न स्तर तक गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 97.65 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल ?**

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, इटरनल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं मारुति, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी प्रमुख लाभ में रहीं।

**यूरोपीय बाजार में रहा मिला-जुला प्रदर्शन**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार मिश्रित रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रेंट क्रूड का भाव 0.18 प्रतिशत बढ़कर 66.75 डॉलर रहा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 66.75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,202.65 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सोमवार को सेंसेक्स 746.29 अंक या 0.93 प्रतिशत बढ़कर 80,604.08 पर बंद हुआ। निफ्टी 221.75 अंक या 0.91 प्रतिशत चढ़कर 24,585.05 पर बंद हुआ।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
सूर्योदय- 06-01
सूर्यास्त- 18-40

दिशाशूल- उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी 06-36 तक उपरान्त (पंचमी क्षय)
मास- भाद्रपद कृष्ण , बुधवार 13 August
नक्षत्र- उ.भाद्रपद 10-32 तक उपरान्त रेवती
योग - धृति 16-05 तक शूल
करण- बालव 06-36 तक उप कौलव
विशेष:-
व्रत -त्योहार
श्रमण तपस्या पूर्ण जैन

**गृह स्थिति** / **लग्नारंभ समय**

| | | |
|---|---|---|
| चन्द्र | मीन | 04-06 बजे |
| मंगल | कन्या | 06-18 बजे |
| गुरु | मिथुन | 08-25 बजे |
| शुक्र | मिथुन | 10-30 बजे |
| | | 12-40 बजे |
| | | 14-53 बजे |
| | | 17-00 बजे |
| | | 18-50 बजे |
| | | 20-28 बजे |
| | | 22-05 बजे |
| | | 23-49 बजे |
| | | 01-49 बजे |

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 12-21 से 13-56 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06-01 - 07-35 | शुभ | उत्पात | 18-40 - 20-07 | अशुभ |
| अमृत | 07-35 - 09-10 | शुभ | शुभ | 20-07 - 21-31 | शुभ |
| काल | 09-10 - 10-46 | अशुभ | अमृत | 21-31 - 22-56 | शुभ |
| शुभ | 10-46 - 12-21 | शुभ | चंचल | 22-56 - 00-21 | शुभ |
| रोग | 12-21 - 13-56 | अशुभ | रोग | 00-21 - 01-46 | अशुभ |
| उत्पात | 13-56 - 15-31 | अशुभ | काल | 01-46 - 03-10 | अशुभ |
| चंचल | 15-31 - 17-07 | शुभ | लाभ | 03-10 - 04-35 | शुभ |
| लाभ | 17-07 - 18-40 | शुभ | उत्पात | 04-35 - 06-01 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,**
ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें । यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है । अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्मक रवैया अपनाएँ । आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे और यहां आपका बहुत अच्छा स्वागत होगा ।

**ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,**
एक वृद्ध व्यक्ति सोचने के लिए मजबूर करेगा । योजना बनाना और प्राथमिकताएं तय करना आपकी खासियत हैं । अपना काम करें,सब सही होगा । शांति बनाये रखें और धीरज से काम लें । कोई आपसे आज मिलने आएगा ।अपनी सेहत और आराम का ख़ास ध्यान रखें । जल्द ही ऐसी वित्तीय स्थिति बन रही है जो आपके लिए फायदे का सौदा साबित होगी ।

**का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,**
आप आसानी से आगे होने वाली बातों का अनुमान लगा लेते हैं । आपकी संचार क्षमता भी प्रभावशाली और नजरिया खुला है,इसीलिए जो आप चाहते हैं उसके लिए बहुत मेहनत करें । हमेशा गलतियाँ ढूँढने की फिराक में रहने वाले आक्रामक लोगों के साथ उलझने से बचें ।

**ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,**
आज का दिन सभी भावनात्मक और वास्तविक मुद्दों के मामले उतार चढाव भरा रहेगा । गृहों की चाल यह बता रही है कि आप सुबह भावनात्मक बने रह सकते हैं और सब चीजों के बारे में अपनी भावनात्मक प्रतिक्रिया के नजरिये से ही सोचेंगे । इससे कुछ गलत फैसलों की भी सम्भावना है लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा और आप और स्पष्ट तरीके से सोच और देख पायेंगे ।

**मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,**
इस समय आपके जीवन में पुराने सम्बन्ध और संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं । आपके ऊपर हर जगह बहुत अच्छा कार्य करने का काफी दबाव होगा लेकिन आपको यह समझने की जरुरत है कि ज्यादा दबाव आपके खुद के तय किये हुए बहुत ऊँचे मानकों के कारण है । ईमानदारी और एकाग्रता आपको बहुत आगे ले जायेगी,लेकिन अपने आदर्शों और यकीन पर कायम रहें ।

**टो पा पी पू ष ण ठ पे पो**
यह सही समय है जबकि आपको अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकलकर अपने आस पास की स्थितियों और अपनी स्थिति को ध्यान से समझना है । आप अपने विभिन्न कर्तव्यों को पूरा करने के लिए बहुत भागदौड़ करते रहे हैं । अब आप अपनी क्षमता भर इन्हें पूरा कर चुके हैं,अब आराम से बैठकर अपने प्रयासों और मेहनत का आनंद उठाने का समय है ।

**रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,**
आप अपने गुस्से के कारण तुरंत प्रतिक्रिया देने के मूड में हैं । लेकिन आपके लिए सुझाव यह है कि अपने दिमाग को शांत रखकर गंभीरता से सोचें । आपके पास अच्छी संचार-कुशलता है और इसे अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करें । तनाव घटाने के लिए,किसी साहसिक यात्रा पर जा सकते हैं लेकिन शारीरिक आनंद के चक्कर में न पड़ें ।

**तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,**
आपके जीवन में एक नई उर्जा का प्रवेश होगा। आपको अचानक यह लगने लगेगा कि जीवन में परिवार तथा करियर में संतुलन बनाना काफी आसान हो गया है । आपकी सारी हिचकिचाहट दूर हो जाएगी और आपके सब कामो में नया आत्मविश्वास दिखाई देगा ।आप घर या कार्यस्थल पर किसी करीबी की असमंजस की भावना को भी आज दूर कर पायेंगे ।

**ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे**
आलस के कारण अपने दिन को बिगड़ने न दें । अपनी प्राक्रतिक रचनात्मक ऊर्जा को बाहर निकालें और फिर आपका दिन आराम से अच्छा जायेगा । आपको अपने स्वास्थ्य और अपने निजी जीवन में भी व्यवस्था को बहल करने की आवश्यकता है । विकर्षित करने वाली चीजों पर ध्यान ना दें और वही कार्य पूरी एकाग्रता से करें जो आपके लिए लाभकारी हों ।

**भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी**
जब भी कोई फैसला लेना होता है,आप दिल और दिमाग के बीच उलझ जाते हैं । यही उलझान है,अपने मन की आवाज सुनें ,इससे आप सही फैसले ले पायेंगे । आपके परिजनों और करीबियों को आपके साथ की जरुरत है । उनके साथ अच्छा समय बिताएं । यात्रा की योजना बनाने के लिए अच्छा समय है । अगले सप्ताह यात्रा कर सकते हैं ।

**गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,**
आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है ,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें । दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे । इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची**
आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है । आज आपका भाग्य आपके साथ है । आज आप जो भी करोगे ,सब कुछ अच्छा ही होगा । अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है। सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें ,खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# अंबानी परिवार की संपत्ति अदाणी से दोगुनी होकर 28 लाख करोड़ हुई



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले अंबानी परिवार के पास 28 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। यह अदाणी परिवार की 14.01 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति से दोगुनी से भी अधिक है। हुरुन की ओर से बार्कलेज के सहयोग से तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 300 सबसे मूल्यवान भारतीय पारिवारिक व्यवसायों के पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (140 लाख करोड़ रुपये) से अधिक की संपत्ति है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 40 प्रतिशत से भी अधिक है। अकेले अंबानी परिवार की संपत्ति देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 12 प्रतिशत है।

**बीते एक साल में अंबानी परिवार की संपत्ति 10 फीसदी बढ़ी**

हुरुन-बार्कलेज की रिपोर्ट के अनुसार, अंबानी परिवार की संपत्ति में पिछले वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह देश में सबसे मूल्यवान पारिवारिक व्यवसाय के रूप में अपनी रैंकिंग बरकरार रखने में सफल रहा है। वहीं दूसरी ओर, अदाणी समूह पहली पीढ़ी के उद्यमी की ओर से शुरू किया गया देश का सबसे मूल्यवान व्यवसाय है। रिपोर्ट में दिए गए, आंकड़ों के अनुसार कुमार मंगलम बिड़ला परिवार की संपत्ति पिछले साल 20 प्रतिशत बढ़कर 6.47 लाख करोड़ रुपये हो गई। वे पीढ़ी दर पीढ़ी आधार पर संपत्ति अर्जित करने वाले परिवारों की सूची में एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, जिंदल परिवार की संपत्ति भी 21 प्रतिशत बढ़कर 5.70 लाख करोड़ रुपये हो गई।

**देश के शीर्ष 300 परिवारों की संपत्ति एक साल में 17000 करोड़ रुपये बढ़ी**

बजाज परिवार सूची में एक स्थान नीचे खिसक कर चौथे स्थान पर आ गया। उनकी संपत्ति 21 प्रतिशत घटकर 5.64 लाख करोड़ रुपये रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति के लिहाज से देश के शीर्ष 300 परिवारों ने पिछले वर्ष प्रतिदिन 7,100 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार, 1 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,700 करोड़ रुपये) से अधिक संपत्ति रखने वाले परिवारों की संख्या 37 बढ़कर 161 हो गई है। सूची में शामिल एक-चौथाई से अधिक व्यवसाय एक्सचेंजों में सूचीबद्ध नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सूची में शामिल केवल 11 प्रतिशत व्यवसाय सेवा क्षेत्र से जुड़े। वहीं बाकि 89 प्रतिशत भौतिक उत्पाद बेचते हैं।

**देश में सबसे धनाढ्य परिवारों में 91 मुंबई से**

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष ऐसी नौ कंपनियां सूची से जुड़ी हैं जो परिवार के बाहर से नियुक्त पेशेवर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के जरिए व्यवसाय चलाना पसंद करती हैं। अब ऐसे परिवारों की कुल संख्या 62 है। सूची में मुंबई में सबसे अधिक 91 परिवार हैं। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर से 62 और कोलकाता से 25 परिवार हैं। परिवारों में नई पीढ़ी की ओर से व्यवसाय चलाने के बजाय धन का प्रबंधन करने को प्राथमिकता दिए जाने के बारे में भी रिपोर्ट में चर्चा की गई है। बार्कलेज के निजी बैंक के प्रमुख नितिन सिंह ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 130 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति पीढ़ियों के बीच स्थानांतरित होने की उम्मीद है। रिकॉर्ड 71 परिवार अब समर्पित पारिवारिक कार्यालय संचालित कर रहे हैं। रिपोर्ट में एक दिलचस्प जानकारी देते हुए कहा गया है कि निजी इक्विटी ने ऐसे व्यवसायों में अपने स्वामित्व का विस्तार किया है।


# एलन मस्क ने एपल पर प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया

## कानूनी कार्रवाई की धमकी दी

वॉशिंगटन, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जानेमाने कारोबारी एलन मस्क ने एपल पर एंटीट्रस्ट कानून (प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून) के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि एपल ने कथित तौर पर ओपनएआई के अलावा किसी भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी के लिए एप स्टोर रैंकिंग में नंबर 1 स्थान तक पहुंचना असंभव बना दिया है। यह साफ तौर पर एंटीट्रस्ट उल्लंघन बताया है। एलन मस्क ने सोमवार को एक 'एक्स' पोस्ट में कहा, ''एक्स एआई तुरंत कानूनी कार्रवाई करेगा।' इससे पहले टेस्ला के प्रमुख मस्क ने आईफोन निर्माता के एप स्टोर की एप स्पॉटलाइटिंग प्रथाओं पर सवाल उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक अन्य पोस्ट में कहा, 'एपल एप स्टोर, आप अपने जरूरी सेक्शन में एक्स या ग्रूक को डालने से इनकार क्यों करते हैं, जबकि एक्स दुनिया का नंबर 1 न्यूज एप है और ग्रूक सभी एप्स में नंबर 5 पर है? क्या आप राजनीति कर रहे हैं?'प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून (प्रतिस्पर्धा कानून) उन विनियमों पर आधारित हैं, जो उद्योगों और भौगोलिक बाजारों में निष्पक्ष और खुली प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं।

# वैश्विक बाजारों में बिकवाली से सोना 1000 रुपये कमजोर हुआ

## चांदी 2000 रुपये सस्ती हुई



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमत 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर था। स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव मंगलवार को 1,000 रुपए घटकर 1,01,100 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, बाद कि सोने के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा, सोने की कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन इस घोषणा से व्यापार संबंधी कुछ चिंताएं कम हुई हैं। इसके अलावा, अमेरिका ने सोमवार को बताया कि चीन पर जवाबी टैरिफ के निलंबन की अवधि को 11 नवंबर तक बढ़ा दिया जाएगा। मेहता के अनुसार इस फैसले से व्यापक आर्थिक तनाव को कम करने में मदद मिली है, जिसके कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 87.65 पर पहुंच गया। इस बीच, मंगलवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,347.18 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। ऑग्मोंट की अनुसंधान प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा कि सोमवार को ट्रम्प की घोषणा कि सोने पर टैरिफ नहीं लगेगा, ने धातु के आयात की कीमत में नाटकीय वृद्धि के बारे में चिंताओं को दूर कर दिया है, जिससे कीमतें 3,400 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई हैं। सोशल मीडिया पर स्पष्ट किए, जाने के

# अमेरिका ने फिर चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ 90 दिन टाला

## फैसले से पहले ट्रम्प बोले- मेरा जिनपिंग से अच्छा रिश्ता, फिलहाल चीन पर 30% टैरिफ



वाशिंगटन, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर 90 दिनों के लिए टाल दिया है। सोमवार को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवंबर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किया।

इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। इसमें टैरिफ बढ़ाने के फैसले को 90 दिन के लिए टालने की सहमति बनी थी। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30% टैरिफ लगा रखा है।

अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वॉर चला। ट्रम्प ने चीन पर 245% तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125% टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ।

डेडलाइन बढ़ाने से कुछ घंटे पहले सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प से चीन पर टैरिफ बढ़ाने पर सवाल पूछा गया था। उन्होंने कहा, देखते हैं क्या होता है। वे काफी अच्छे से काम कर रहे हैं। मेरा और राष्ट्रपति जिनपिंग का रिश्ता काफी अच्छा है।

टैरिफ बढ़ने से चीन की जीडीपी 1% तक गिरने का खतरा

चीन पर अमेरिका के हाई टैरिफ का सीधा असर उसके निर्यात और इंडस्ट्री पर पड़ेगा। चीन अमेरिका को लगभग 500 अरब डॉलर (43 लाख करोड़ रुपए) से अधिक का सामान निर्यात करता है। एपल जैसे ब्रांड चीन में बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन करते हैं। उन्हें मंहगाई का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिका के व्यापक टैरिफ उपायों के बावजूद चीन का आर्थिक प्रभाव सीमित रहा है। यदि टैरिफ दर बढ़ती है, तो इससे चीन की जीडीपी 1% तक घट सकती है।

ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

**भारत पर अमेरिका ने एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले सप्ताह रूस से तेल खरीदने की दलील देकर भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया। एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। भारत ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गलत बताया। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसका तेल आयात पूरी तरह बाजार के हिसाब से तय होता है और यह उसके 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है।

पिछले महीने ट्रम्प ने रूस पर भी 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने जुलाई में कहा था कि अगर मॉस्को 50 दिन के भीतर यूक्रेन के साथ पीस डील नहीं करता है तो वह रूस पर 100% टैरिफ लगाएंगे।

इसके अलावा रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सेकेंडरी टैरिफ भी लगाएंगे।

## भारत ने बांग्लादेशी जूट उत्पादों के लैंड पोर्ट से आयात पर बैन लगाया

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने बांग्लादेश से आने वाले कुछ जूट और जूट से बने उत्पादों के आयात पर नया बैन लगा दिया है। अब ये सामान भारत-बांग्लादेश सीमा के किसी भी लैंड पोर्ट से नहीं मंगाया जा सकेगा।

इनका आयात केवल महाराष्ट्र के न्हावा शेवा समुद्री बंदरगाह से ही किया जा सकेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के 11 अगस्त 2025 को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, पाबंदी जिन उत्पादों पर लागू होगी, उनमें जूट या अन्य बास्ट फाइबर से बने ब्लीच और अनब्लीच बुने कपड़े, जूट की रस्सी, ट्वाइन, कॉर्डेज, केबल, बोरे और बैग शामिल हैं।

सरकार ने यह कदम विदेशी व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम 1992 और विदेश व्यापार नीति 2023 के प्रावधानों के तहत उठाया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

इससे पहले 27 जून को भी भारत ने बांग्लादेश से आने वाले सामान के लैंड पोर्ट से आने पर बैन लगा दिया था।

# दक्षिण कोरिया में लश्कर आतंकी अरेस्ट

## 2008 के मुंबई हमले से जुड़ा है पाकिस्तानी अंडरवाटर हमले की मिली थी ट्रेनिंग



सियोल, 12 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में लश्कर-ए-तैयबा के एक खतरनाक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। ये आतंकी 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले से जुड़ा हुआ है। दक्षिण कोरिया की पुलिस ने सियोल के इटावन इलाके में काम कर रहे एक पाकिस्तानी आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया है। ये अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का सदस्य है। आपको बता दें कि लश्कर-ए-तैयबा वही संगठन है जो 2008 के मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार है।

कोरिया हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक ग्योंगगी नाम्बु प्रांतीय पुलिस एजेंसी के अधिकारियों ने कहा है कि ये पाकिस्तानी आतंकवादी करीब 40 साल का है और उसे 2 अगस्त को इटावन-दोंग स्थित एक स्थानीय बाजार से पकड़ा गया है।

यहां वह एक क्लर्क के तौर पर काम कर रहा था। पुलिस ने बताया है कि उस पर आतंकवाद-रोधी अधिनियम और आव्रजन अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।

दक्षिण कोरिया की पुलिस ने कहा है कि आतंकी 2020 में पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हुआ था और उसने हथियारों के इस्तेमाल, अंडरवाटर ट्रेनिंग और घुसपैठ की ट्रेनिंग हासिल की थी। उसे संगठन का आधिकारिक सदस्य माना गया है। उसने सितंबर में पाकिस्तान स्थित दक्षिण कोरियाई वाणिज्य दूतावास से वीजा हासिल किया था और दिसंबर 2023 में वो दक्षिण कोरिया गया था। पुलिस ने कहा है कि आरोपी आतंकवादी का मकसद दक्षिण कोरिया में अपना व्यवसाय शुरू करना था, लेकिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। कोरियाई पुलिस ने कहा है कि हालांकि उस पर दक्षिण कोरिया में किसी भी आतंकवादी घटना की साजिश रचने या उसे अंजाम देने का आरोप नहीं है, लेकिन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी सदस्यता नागरिकों और जन सुरक्षा के लिए आतंकवाद-रोधी अधिनियम की धारा 17 का उल्लंघन करती है, जो आतंकवादी समूहों के साथ संलिप्तता के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार देती है। दक्षिण कोरिया के पुलिस अधिकारी यह पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं कि क्या उसने लश्कर-ए-तैयबा को कोई पैसा भेजा था। बता दें कि ये पहली बार है कि दक्षिण कोरिया में किसी पाकिस्तानी और लश्कर के आतंकी को गिरफ्तार किया गया है।

## आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने कसी कमर

### गृह सलाहकार बोले- स्वतंत्र और निष्पक्ष होगा निर्वाचन

ढाका, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार आम चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने केरानीगंज में एक मतदान केंद्र का दौरा करने के बाद कहा कि चुनाव की संभावित तारीख की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयोग निश्चित तारीख की घोषणा करेगा। सभी लोग शांतिपूर्ण चुनाव चाहते हैं। हम अगला चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी

## लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश, मिनरल वाटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

इस्लामाबाद, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।



इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय डिप्लोमैट्स को इसी तरह परेशान किया था।

उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया, उप उच्चायुक्त जे.पी. सिंह, और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था।

इन घटनाओं में लगातार पीछा करना, सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं।

इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था।

# अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी को आतंकी संगठन घोषित किया

## कहा- इसने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली, मुनीर के यूएस दौरे के बीच ऐलान

वॉशिंगटन, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी।

मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन। इसमें बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और



एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 13224 के तहत की गई है।

**अमेरिका के दौरे पर पाकिस्तानी आर्मी चीफ**

अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे पहले भी कई देशों द्वारा आतंकी संगठन घोषित किया गया है।

**एफटीओ लिस्ट में डालने के 2 बड़े मायने**

**संगठन अमेरिका के लिए खतरा:** एफटीओ लिस्ट अमेरिका का एक कानूनी टूल है, जिसे अमेरिकी विदेश विभाग तैयार करता है। इस लिस्ट में उन आतंकी संगठनों को डाला जाता है जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति या नागरिकों के लिए खतरा माने जाते हैं।

**मदद करने पर कानूनी कार्रवाई:** लिस्ट में शामिल व्यक्ति या संस्था को अगर कोई पैसे, हथियार या अन्य मदद देता है, तो यह गैरकानूनी माना जाता है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है।

**बलूचिस्तान की आजादी के लिए लड़ रहा बीएलए**

बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं। यह संगठन पाकिस्तानी सेना, सरकार और चीनी प्रोजेक्ट्स जैसे सीपीईसी को निशाना बनाता रहा है।

बीएलए अपनी गोरिल्ला शैली के लिए जाना जाता है। यानी पहाड़ी इलाकों में छिपकर सेना पर हमला करना और तुरंत लौट जाना।

# पूर्व अमेरिकी अधिकारी बोले- असीम मुनीर सूट पहनने वाला लादेन

## पाक आर्मी चीफ ने परमाणु धमकी दी थी, बिलावल ने भी जंग की धमकी दी

वॉशिंगटन डीसी, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है। उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। असीम मुनीर ने पिछले हफ्ते अमेरिका के टेम्पा शहर में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा था कि-पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है, पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा।

रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए।

नाटो देशों के अलावा जिन देशों के साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने असीम मुनीर को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित कर अमेरिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टाम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था। आसिम मुनीर की परमाणु धमकी पर सोमवार को भारत ने जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा- परमाणु हथियार की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है।

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत को युद्ध की धमकी दी है। बिलावल ने कहा है कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। भुट्टो ने सोमवार को सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा, मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा।

इससे पहले आर्मी चीफ मुनीर ने भी धमकी दी थी कि अगर भारत सिंधु नदी के पानी पर कोई बांध बनाता है, तो पाकिस्तान उसे 10 मिसाइलों से उड़ा देगा।

# शराब घोटाला: चैतन्य की याचिका पर हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

## 2 हफ्ते में मांगा जवाब, गिरफ्तारी को बताया है असंवैधानिक, 24 दिन से जेल में है चैतन्य

बिलासपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की याचिका पर आज (मंगलवार) को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते बाद यानी 26 अगस्त तक जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में चैतन्य बघेल की तरफ से पक्ष रखा गया। याचिका में गिरफ्तारी की प्रक्रिया को गलत बताया गया है।

सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है, बता दें कि चैतन्य बघेल को ईडी ने बीते 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। वे 24 दिनों से जेल में बंद है।

याचिकाकर्ता के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने बताया कि चैतन्य को पीने का साफ पानी



नहीं मिल रहा। कोर्ट ने इस संदर्भ में जेल अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिया है।

चैतन्य ने खुद को हिरासत में लिए जाने को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया था।

**गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका**

दरअसल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली थी। ईडी के मामलों को लेकर लगाई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह देते हुए याचिका खारिज कर दी थी।

जिसके बाद चैतन्य ने अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि उनकी हिरासत गैरकानूनी है और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया।

**24 दिनों से जेल में बंद है चैतन्य बघेल**

बता दें कि, शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चैतन्य बघेल को भी आरोपी बनाया है। चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को भिलाई से गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं।

ईडी के मुताबिक शराब घोटाले से मिले ब्लैक मनी को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया गया।

ब्लैक मनी को वाइट करने के लिए फर्जी निवेश दिखाया गया है। साथ ही सिंडिकेट के साथ मिलकर 1000 करोड़ रुपए की हैंडलिंग (हेराफेरी) की गई है।

## अमेरिका में 70 वर्षीय सिख बुजुर्ग पर हमला

जालंधर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जालंधर से ताल्लुक रखने वाले भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और आम आदमी पार्टी (एएपी) के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने अमेरिका के नॉर्थ हॉलीवुड में 70 वर्षीय सिख बुजुर्ग श्री हरपाल सिंह पर हुए बर्बर हमले पर गहरी चिंता और रोष जताया है। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ पीड़ित पर नहीं, बल्कि मानवता, विविधता और आपसी सम्मान जैसे मूल्यों पर सीधा वार है। दो दिन पुरानी इस घटना का वीडियो हरभजन सिंह ने शेयर किया है, जिसमें सिख बुजुर्ग खून से लथपथ जमीन पर बैठे नजर आ रहे हैं और उनका पूरा शरीर खून से सना हुआ है। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, डॉक्टरों ने उन्हें निगरानी में रखा है। यह हमला नस्लीय और नफरत की भावना से किया गया, जिसमें उनकी आस्था, जातीय पहचान और रूप-रंग को निशाना बनाया गया।

# अमेरिका से पाकिस्तानी जनरल की भारत को गीदड़भभकी

## पीएम मोदी के खिलाफ ट्रंप के मोहरा या मास्टरस्ट्रोक हैं मुल्ला असीम मुनीर?

वॉशिंगटन, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना के फील्ड मार्शल जब अमेरिका के टॉप सैन्य अधिकारियों से मुस्कुराकर मिल रहे थे तो वो पाकिस्तान की जनता को अमेरिका से गर्मजोशी भरे रिश्ते का संकेत दे रहे थे। लगातार दो महीनों में ये दूसरी बार था जब असीम मुनीर का अमेरिका में स्वागत किया गया। जबकि इन दो महीनों में भारत और अमेरिका के संबंध अकल्पनीय स्तर पर खराब हुए हैं, खासकर विश्वास के जिस रिश्ते की बुनियाद रखी जा रही थी, वो तोड़ दी गई है। लिहाजा सवाल ये हैं कि क्या असीम मुनीर डोनाल्ड ट्रंप के मोहरा हैं या पीएम मोदी के खिलाफ मास्टरस्ट्रोक?

ये सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अमेरिका के ज्यादातर रणनीतिकार भारत के साथ ट्रेड डील को पटरी से उतारने और स्ट्रैटजिक संबंध को सूली पर चढ़ाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना कर रहे हैं। भारत के साथ सैन्य संघर्ष के ठीक बात असीम मुनीर के साथ डोनाल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में लंच किया था और अब अमेरिकी सेना के कार्यक्रम में मुनीर का स्वागत किया गया है। लेकिन कई एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि असल में असीम मुनीर डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक प्यादे से ज्यादा कुछ नहीं हैं, जबकि पाकिस्तानी एक्सपर्ट इसे मास्टरस्ट्रोक करार दे रहे हैं।

ट्रंप ने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान को झूठा और मक्कार कहा था, जबकि दूसरे कार्यकाल में वो मक्कारों के साथ मटरगश्ती कर रहे हैं।

हडसन इंस्टीट्यूट के रिसर्च एनालिस्ट हुसैन हक्कानी ने तर्क दिया है, कि यह कोई संयोग नहीं है। बल्कि, यह भारत के साथ और ज्यादा लाभ हासिल करने, भारतीयों को नाराज करने और यह देखने के लिए, कि क्या इससे वे उनसे (पीएम मोदी) से बात करेंगे और उनके कार्यकाल को स्वीकार करेंगे हुसैन हक्कानी ने इसे भारत के खिलाफ ट्रंप का 'पाकिस्तान कार्ड' करार दिया है। हुसैन हक्कानी ने तर्क दिया है कि ट्रंप की कोशिश ये है कि पाकिस्तान की छवि को इतना मजबूत करो कि भारत को ट्रंप की शर्तों पर वाशिंगटन के साथ फिर से जुड़ने की जरूरत महसूस हो। उन्होंने कहा कि 'एक अप्रत्याशित राष्ट्रपति के साथ रिश्ते सुधारने के लिए उत्सुक पाकिस्तान ने चापलूसी की और फौरन जीत हासिल कर ली, जिसमें आतंकवाद-विरोधी सहयोग से लेकर तेल, खनिज और यहां तक कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े व्यापारिक सौदों तक शामिल हैं। लेकिन हुसैन हक्कानी का मानना है कि इसमें पाकिस्तान का फायदा सीमित समय के लिए है, क्योंकि ये मामला पूरी तरह से 'ट्रंप के लेनदेन' का है और इसमें पाकिस्तान को कुछ इनाम देने के बजाए भारत को चिढ़ाने का मकसद ज्यादा है।

# बीजापुर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, डीआरजी के 2 जवान घायल

## एयर लिफ्ट कर रायपुर लाया गया दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग जारी

जगदलपुर/बीजापुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में दो जवान जख्मी हो गए हैं, जिन्हें एयर लिफ्ट कर रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। पुलिस अफसरों ने बताया कि दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। नक्सलियों को भी नुकसान होने की संभावना है।

**2 जवान एयर लिफ्ट कर रायपुर रेफर**

पुलिस को सूचना मिली थी कि गंगालूर इलाके में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर 11 अगस्त (सोमवार) को जवानों को सर्च ऑपरेशन पर निकाला गया था। वहीं आज सुबह जब जवान जंगल में पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों के गोलियों का जवाब दिया। हालांकि, दोनों तरफ से हुई इस गोलाबारी में 2 जवान घायल जो गए हैं। जिन्हें साथियों ने मौके से बाहर निकाला। बीजापुर में इलाज करने के बाद एयर लिफ्ट कर दोनों को रायपुर रेफर किया गया है।

फोर्स अब भी मौके पर ही मौजूद है। दोनों तरफ से गोलीबारी



जारी है। अफसरों का दावा है कि मुठभेड़ में नक्सलियों को भी भारी नुकसान हुआ है।

बीजापुर जिले में 6 अगस्त को जवानों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर किया था। मारे गए नक्सली का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि फोर्स ने नक्सलियों को घेर कर रखा था। वहीं बीजापुर में एनकाउंटर के डर से एक महिला नक्सली समेत 9 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। 9 नक्सलियों में से 6 नक्सलियों पर 24 लाख रुपए का इनाम घोषित हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें।

## सीने में दर्द के बाद सिपाही की मौत

लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ में एक सिपाही की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना मंगलवार सुबह 6-7 बजे के बीच माल-रहीमाबाद में हुई। मृतक की पहचान सिपाही दीपक कुमार के रूप में हुई है। इन दिनों उनकी रहीमाबाद थाना में डायल-112 पर तैनाती थी। दीपक कुमार माल में किराए के मकान में रहते थे। मंगलवार सुबह करीब 6-7 बजे के बीच उनके सीने में अचानक तेज दर्द उठा। वह बाइक से सीएचसी पहुंचे। सीएचसी में तैनात डॉ. चंद्रप्रभा ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। इसके करीब 10 मिनट बाद ही उनकी मौत हो गई।

## मां ने बेटियों के सामने जान दी

गोरखपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। गोरखपुर में बेटियों के सामने मां ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मां को लटका देख दोनों मासूम बेटियां चिल्लाने लगीं। पहले खुद फंदे से उतारने की कोशिश कीं, जब नहीं उतार पाईं तो दौड़ते हुए मोहल्ले के लोगों से कहा – मेरी मां को बचा लो, नानी ने उन्हें डांटा है। वह नाराज होकर गले में फंदा लगा ली हैं। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला चिलुआताल थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी जांच की जा रही है।

## बच्चों को खेलने के बहाने बाहर भेजा, फिर पत्नी का गला काटकर मार डाला

कौशांबी, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र के नौढ़िया गांव में एक मजदूर ने पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी उसके चरित्र पर शक किया करता था। वारदात से पहले उसने बच्चों को खेलने के लिए घर से बाहर भेज दिया था। मामले में बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी फरार है। नौढ़िया गांव निवासी फूलचंद्र के मझले बेटे दीपू (15) ने बताया कि पिता इतना शक करते थे कि मां फूलमती (45) को घर से बाहर नहीं निकलने देते थे। घर के पास से पानी लाने का काम भी उसके भाई-बहन ही करते थे। वह अक्सर मां के साथ मारपीट करते थे।

## घर पर सुसाइड नोट छोड़कर विवाहिता हुई लापता, पति की प्रेमिका पर लगाया यह आरोप

बरेली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बरेली के थाना सुभाषनगर की शांति विहार कॉलोनी निवासी दीपिका शर्मा नाम की महिला अपने दो बच्चों को छोड़कर घर से लापता हो गई। उसके जेठ रजत गोस्वामी ने मंगलवार को पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सुभाष नगर जितेंद्र कुमार सिंह को बताया कि दीपिका घर पर एक सुसाइड नोट छोड़ गई है। सुसाइड नोट में दीपिका ने अपने पति की प्रेमिका और उसके साथियों पर धमकाने और फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया है।

## महिला बैंक क्लर्क को बस ने 100 मीटर घसीटा

मुरादाबाद, 12 अगस्त (एजेंसियां)। मुरादाबाद में स्कूल बस ने स्कूटी से जा रही बैंक क्लर्क महिला को टक्कर मार दी। टक्कर से महिला बस के पहिए में फंस गई, फिर भी ड्राइवर ने बस नहीं रोकी और 100 मीटर तक उसे घसीटता ले गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे और महिला को उठाया।

महिला ने हेलमेट पहन रखा था, इसलिए उसके सिर में चोट नहीं आई। बस चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उसे दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### फतेहपुर की घटना पर विपक्ष को जवाब

# सरकार सख्त, कानून हाथ में लेने वालों को सख्त सजा मिलेगी



लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में फतेहपुर में हाल ही में घटी घटना को लेकर विपक्ष के सवालों के बीच वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार और उसका कोई भी तंत्र इस घटना में किसी भी प्रकार से शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जो भी कानून अपने हाथ में लेगा उसको सख्त सजा देने का काम हमारी सरकार करेगी।

**रिपोर्ट दर्ज, सख्त धाराओं में मामला पंजीकृत**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के सवाल का जवाब देते हुए सुरेश खन्ना ने कहा कि इस घटना में सरकार का और सरकारी तंत्र का कोई इनवॉल्वमेंट नहीं है, इसका हम पूरी तरह से खंडन करते हैं। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद 11 अगस्त को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इस एफआईआर में 10 नामजद आरोपियों के अलावा 150 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं धारा 190, 191(2), 191(3), 301, 196 के साथ ही आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम-7 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा-2,3 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये धाराएं इस बात का संकेत हैं कि सरकार इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

**कानून अपना काम करेगा**

सुरेश खन्ना ने कहा कि घटना के संबंध में दर्ज की गई रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकार अपना काम कर रही है। इसमें कानून अपना काम कर रहा है और जो भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत दंड जरूर मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर हाल में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखना है और किसी भी तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि विपक्ष इस तरह की घटनाओं को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है, जबकि हकीकत यह है कि पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और बिना देरी किए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

**क्षेत्र में पुलिस प्रशासन मुस्तैद**

मामले की गंभीरता को लेकर योगी सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जो हिंदुवादी नेता मामले में पुलिस पर दबाव बना रहे हैं, उनका सरकार पर कोई दबाव नहीं है।

इसके उलट, सरकार हर कीमत पर कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। इसके तहत, प्रदेश सरकार ने क्षेत्र में 10 थानों की पुलिस फोर्स, दो कंपनी पीएसी और प्रशासन की पूरी टीम तैनात कर दी है। 10 नामजद समेत 160 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# माता प्रसाद बोले-भाजपा दंगा कराना चाहती है, हम झुकेंगे नहीं; जोरदार नारेबाजी

### मकबरे पर भगवा लहराने पर विधानसभा में हंगामा



लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी विधानसभा में दूसरे दिन फतेहपुर के मकबरे में भगवा झंडा लगाने और तोड़फोड़ का मामला छाया रहा। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि संगठित ढंग से एक पार्टी के नेता ने ऐलान किया। कहा, ये मकबरा हिंदुओं का है। पुलिस ने बैरिकेडिंग की, लेकिन भीड़ घुस गई। सौहार्द बिगाड़ने का काम चल रहा है। मदरसों और मकबरों को तोड़ो, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़े।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में दंगा कराना चाहती है। इस दंगाई सरकार के खिलाफ हम झुकेंगे नहीं। पुलिस के दम पर सरकार नहीं चलेगी। इसके बाद सपा विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। तानाशाही बंद करो, दंगाइयों को मिट्टी में मिलाओ। बाबा का बुलडोजर कहां गया, जैसे नारे लगाए। करीब 3 घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान सीएम योगी भी सदन में मौजूद रहे। लेकिन, जवाब मंत्री सुरेश खन्ना ने दिया।

कहा, फतेहपुर बवाल में सरकार शामिल नहीं है। मैं आपकी बात का खंडन करता हूं। सोमवार शाम को ही 10 नामजद और 160 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कानून अपना काम करेगा। खन्ना आरोपियों के नाम पढ़ने लगे, तो बगल में बैठे सीएम योगी ने उनको रोक दिया। इस पर माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि फतेहपुर में भीड़ जुटाने वाले नेता का नाम नहीं है। सपा का इशारा फतेहपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की ओर था। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। दरअसल, फतेहपुर में सोमवार को बजरंग दल, हिंदू महासभा समेत कई हिंदू संगठनों के 2 हजार लोग ईदगाह में बने मकबरे पर पहुंच गए। लाठी-डंडे से लैस हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकबरे को मंदिर बताकर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। कुछ युवकों ने मकबरे की छत पर चढ़कर भगवा झंडा लगा दिया।

## 'आईएएस छुप-छुपकर घूरता, रात में वीडियो कॉल करता है'

### घंटों ऑफिस में बैठाए रखता है; नोएडा में महिला अफसरों ने योगी से की शिकायत

नोएडा, 12 अगस्त (एजेंसियां)। नोएडा के जीएसटी ऑफिस में तैनात आईएएस संदीप भागिया के खिलाफ विभाग की महिला कर्मचारियों ने शोषण, उत्पीड़न और गलत व्यवहार करने के आरोप लगाए हैं। महिला अफसरों ने सीएम योगी से इसकी शिकायत की है। महिलाओं ने सीएम से जीएसटी के अपर आयुक्त के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एक लेटर पीएम मोदी को भी लिखा है।

महिलाओं ने सीएम योगी को लिखे पत्र में कहा है- हम सभी महिला अधिकारी नोएडा जोन में सचल दल और सेक्टर में काम करती हैं। करीब 4 महीने पहले संदीप भागिया नोएडा जोन में अपर आयुक्त बने। संदीप भागिया हमारा शोषण करने के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं। हमारे साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। संदीप भागिया हमसे बात करने के दौरान गलत भाषा और अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। महिला अधिकारियों से कहते हैं, 'बर्बाद कर दूंगा'।

अगर मेरी बात नहीं मानोगी, तो तुम्हारी नौकरी खा जाऊंगा। तुम्हारे हाथ में कटोरा देकर नौकरी से निकलवा दूंगा।" लेटर में यह भी लिखा है कि वह महिला अधिकारी को घंटों तक अपने ऑफिस में बैठाकर या खड़ा करके घूरते रहते हैं। लगातार धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। ये रात-रात भर महिला अधिकारियों को वीडियो कॉल करते हैं। महिला अधिकारियों को छुप-छुपकर घंटों तक घूरते रहते हैं। उनका वीडियो बनाते हैं। अगर कोई महिला अधिकारी इन सब बातों का विरोध करती है, तो उसे किसी भी मामले में फंसाकर सस्पेंड करवा देते हैं।

## गुंडे, माफिया और दंगाई कौन हैं, यह यूपी की जनता भली-भांति जानती है : शिवपाल यादव



लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और जसवंत नगर से विधायक शिवपाल यादव ने यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि गुंडे, माफिया और दंगाई कौन हैं, यह यूपी की जनता भली-भांति जानती है। दरअसल, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए लिखा था कि गुंडे, माफिया और दंगाई यह सब सैफई परिवार के भाई।

इसे लेकर सपा के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक शिवपाल सिंह यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि गुंडे, माफिया और दंगाई कौन हैं, यह यूपी की जनता भली-भांति जानती है। उन्होंने आगे लिखा कि बुलडोज़र से कानून का गला घोंटने वाले, किसानों पर लाठियां बरसाने वाले, किसानों की जमीन पर कब्जा करने वाले, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के संरक्षक, ये सब आपके आँगन के 'भाई' हैं। शिवपाल सिंह यादव ने आगे लिखा कि सैफई परिवार ने तो अस्पताल, स्टेडियम, नौकरियां और विश्वविद्यालय दिए... आपके 'परिवार' ने क्या दिया? नफ़रत, महंगाई और जंगलराज। ज्ञात हो कि यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र चल रहा है। मानसून सत्र की शुरुआत से पहले विपक्षी समाजवादी पार्टी, सपा के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। वहीं, सत्र से पहले शिवपाल सिंह यादव ने भी सोशल मीडिया पर भाजपा पर बड़ा हमला बोला था। उन्होंने लिखा कि भाजपा सरकार अपनी नौ साल की नाकामियों को छुपाने के लिए चार दिन में ही एक दिन चौबीस घंटे का विधानसभा सभा सत्र चलाना चाह रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है और अपनी नाकामियों, विफलता और विकास के झूठे एजेंडों को छुपाने के लिए चार दिन का विधानसभा सभा सत्र लेकर आई है। इस सत्र के चार दिन चलने से भी प्रदेश की स्थिति व विकास में कोई सुधार नहीं आयेगा।

## बेतिया के अस्पताल में शव को सीढ़ियों पर घसीटा

### स्ट्रेचर नहीं मिला, पैर पकड़कर मॉर्चुरी तक ले गए; 4 दिन से लापता थे रिटायर्ड कर्मी

बेतिया, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बेतिया के सरकारी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल (जीएमसीएच) से एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में दो लोग एक बुजुर्ग के शव को सीढ़ियों से घसीटकर ले जाते दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि बुजुर्ग के शरीर पर कपड़े नहीं हैं। इस दौरान अस्पताल में मौजूद लोग सिर्फ देखते रहे। मृतक की पहचान रिटायर्ड कर्मचारी कैलाश प्रसाद (65) के रूप में हुई है। वे शुक्रवार दोपहर से लापता थे। सोमवार को नौतन रोड स्थित श्रीराम नगर के पास एक गड्ढे से पुलिस ने उनका शव बरामद किया। बॉडी पूरी तरह से गली हुई थी, जिसके कारण पहले शव की पहचान नहीं हो पाई और पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान मास्क लगाए दो व्यक्ति कैलाश प्रसाद के शव को पैरों से पकड़कर घसीटते हुए मॉर्चुरी तक ले गए।

हालांकि, वे दोनों व्यक्ति अस्पताल के कर्मचारी थे या पुलिसकर्मी, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुधा भारती ने बताया, 'शव घसीट रहे दोनों लोगों की पहचान की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जीएमसीएच का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बनवा टोला का है।

## 'पत्नी ने मुझे बेटी से पिटवाया-भाइयों ऐसी जिंदगी कौन जिएगा'

### डेढ़ मिनट का वीडियो बना व्यापारी ने दी जान




चंदौली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। मेरे घर में कौन बाहरी लोग आ रहे हैं, यह पूछने का अधिकार मेरा है कि नहीं। यही बात पूछी तो पत्नी ने मेरी ही बेटी से मुझे पिटवाया। भाइयों, ऐसी जिंदगी कौन जिएगा...यह कहते हुए सोमवार को व्यापारी मनोज कुमार गोड़ (46) ने तमंचे से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गांव केशवपुर निवासी मनोज गोड़ ने आत्महत्या से पहले बनाए डेढ़ मिनट के वीडियो में पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके से 315 बोर का तमंचा बरामद किया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव केशवपुर के मनोज कुमार गोड़ कैली रोड पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाते थे और प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम करते थे। परिवार में मनोज, उनकी पत्नी और उनकी दो बेटियां हैं। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे परिजनों ने उनके कमरे से गोली चलने की आवाज सुनी। दरवाजा खोलने पर मनोज खून से लथपथ कुर्सी पर बैठे मिले और पास में तमंचा पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी अनंत चंद्रशेखर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से एक वीडियो भी मिला है, जो आत्महत्या से पहले का बताया जा रहा है। बरामद असलहा अवैध है। उसकी जांच की जा रही है कि वह मनोज के पास कैसे आया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तहरीर नहीं मिली है। परिजन भी कुछ नहीं बता रहे हैं। हैलो दोस्तों, बाबू आज हमारी जिंदगी का लास्ट दिन है भइया, ये जो घूरन प्रसाद की लड़की है।

## विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोगों ने की सराहना



गयाजी, 12 अगस्त (एजेंसियां)। 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत अब सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इस कार्यक्रम में सभी जिलों के उपभोक्ता जुड़े थे।

गया जिले की बोधगया निवासी नूरजहां खातून ने मुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने से हमारा बिल जीरो आ गया है। पहले जो खर्च बिजली पर होता था, अब वह अन्य घरेलू जरूरतों में लगेगा। बेटी की शादी में भी यह बचत मदद करेगी। हम सभी परिवार इस योजना से बहुत खुश हैं। कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

**1 करोड़ 89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का निर्णय लिया है और इसे लागू भी कर दिया गया है। इससे राज्य के लगभग 1 करोड़ 89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि 2005 से पहले बिजली की स्थिति काफी खराब थी, राजधानी पटना में भी 7-8 घंटे से अधिक बिजली नहीं रहती थी। 24 नवम्बर 2005 को सरकार बनने के बाद ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुधार किए गए। ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया, बिजली आपूर्ति में वृद्धि की गई और राज्य के सभी गांवों एवं टोलों में बिजली पहुंचाई गई। साल 2015 में 'सात निश्चय' योजना के तहत हर घर बिजली कार्यक्रम तय समय से दो माह पहले, अक्टूबर 2018 में पूरा कर लिया गया। इसके बाद बने नए घरों और टोलों तक भी बिजली पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शुरू से ही सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करा रही है, जबकि खरीद में अधिक खर्च होता है। उन्होंने बताया कि अब जुलाई माह के बिल से ही 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। सभी सरकारी भवनों पर सौर संयंत्र लगाए गए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सभी सरकारी भवनों पर सौर संयंत्र लगाए गए हैं। जल्द ही इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ दिया जाएगा।

## मुरादाबाद में सिपाही बाढ़ में बह गया

मुरादाबाद, 12 अगस्त (एजेंसियां)। मुरादाबाद में बाढ़ग्रस्त एरिया में गश्त पर निकला सिपाही रामगंगा की बाढ़ में बह गया। तेज बहाव होने की वजह से सिपाही का अभी तक कुछ पता नहीं चला है। सिपाही को रेस्क्यू करने के लिए एसडीआरएफ की कई टीमों को लगाया गया है। स्थानीय गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है। घटना का पता चलते ही एसएसपी सतपाल अंतिल समेत तमाम पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। रेस्क्यू को तेज करने के लिए पीएसी के गोताखोरों को भी बुलाया गया है। घटना मुरादाबाद जिले के डिलारी थाना क्षेत्र की है।

## रेलवे यार्ड के पास युवती का मर्डर

आगरा, 12 अगस्त (एजेंसियां)। आगरा के अछनेरा रेलवे स्टेशन के यार्ड के पास झाड़ियों में एक युवती का शव मिला है। युवती के गले में दुपट्टा बंधा है। मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ है। हत्या कर शव को फेंका गया है।

उसके साथ जबरदस्ती की भी आशंकी जताई जा रही है। उसके चेहरे को भी जलाया गया है। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंच गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना अछनेरा के रेलवे फाटक 18 के पास कचौरा रोड की है।

## यूपी विधानमंडल सत्र : मंत्री राजभर बोले-विपक्ष चर्चा से भाग रहा है क्योंकि इससे उनकी पोल खुल जाएगी



लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सपा व कांग्रेस विधानमंडल सत्र में चर्चा से भाग रहे हैं। विपक्ष हंगामा कर रहा है और सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है। सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। विपक्ष के लोगों को बाहर गर्मी लगती है और वेल में आकर कुंभकर्णी नींद सो जाते हैं और चर्चा की बात होने पर हंगामा कर कार्यवाही ठप करवा देते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। भाजपा की साढ़े आठ साल की सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ है और एक बार भी कर्फ्यू नहीं लगा है। इसके पहले सपा की सरकार में प्रदेश में गुंडाराज था। जाति की पहचान कर नौकरी दी जाती थी। इसलिए ये लोग चर्चा से भाग रहे हैं कि उनकी पोल खुल जाएगी। राजभर ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है। पहले गांवों में चार-पांच घंटे बिजली आती थी फिर ये होता था कि एक हफ्ते दिन में और एक हफ्ते रात में बिजली आएगी। अब ग्रामीण क्षेत्रों में 10 घंटे, तहसीलों में 20 घंटे और जिलों में 24 घंटे बिजली आ रही है। ये सुधार हुआ है लेकिन सपा के लोग चर्चा से भाग रहे हैं क्योंकि चर्चा होगी तो उनकी पोल खुल जाएगी।

## कानपुर में काजल किन्नर के हत्यारोपी बॉयफ्रेंड ने फांसी लगाई

कानपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कानपुर में किन्नर काजल और उसके भाई के हत्यारोपी आकाश ने जान दे दी। सोमवार को उसका शव कानपुर से करीब 270 किमी दूर मध्य प्रदेश में सतना जिले के एक होटल में मिला। शव पर्दे से बने फंदे से लटक रहा था। आकाश, किन्नर काजल का दूसरा बॉयफ्रेंड था। पुलिस को उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें उसने लिखा- मैं कानपुर में 2 लोगों की हत्या करके आया हूं। दोनों भाई-बहन मुझे प्रताड़ित कर ब्लैकमेल कर रहे थे। मैं अपनी इच्छा से मर रहा हूं।

मेरे पास मरने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। आकाश की शिनाख्त उसके पैंट की जेब से मिले पहचान पत्र से हुई। हनुमंत विहार पुलिस ने आकाश विश्वकर्मा के परिजनों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और परिवार के लोग कानपुर से सतना के लिए रवाना हो गए। दरअसल, हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के नई बस्ती अर्रा में रहने वाली काजल किन्नर (25) और उसके भाई देव (12) की डेडबॉडी 9 अगस्त को घर के अंदर कमरे में मिली थी। डेडबॉडी चार दिन पुरानी थी। डबल मर्डर के बाद से साथ में रहने वाला प्रेमी आकाश विश्वकर्मा और अन्य साथी फरार थे। काजल की मां ने आकाश समेत तीन पर नामजद रिपोर्ट लिखाई थी।



# ‘वोट चोरी’ पर बीजेपी-कांग्रेस में सियासी घमासान

## सचिन पायलट के आरोपों से गरमाया माहौल

जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। देश की राजनीति इस समय एक बार फिर गर्म है और मुद्दा 'वोट चोरी' का है। कांग्रेस नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि देश में लाखों वोटों में धांधली हुई है। पायलट का कहना है कि निर्वाचन आयोग को निष्पक्षता से काम करना चाहिए, लेकिन भाजपा आयोग की प्रवक्ता बनती नजर आ रही है।

मीडिया से बात करते हुए पायलट ने कहा 'फर्जी आंकड़े सबके सामने हैं, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी साफ दिख रही है। सवाल ये है कि आखिर क्या छुपाया जा रहा है? लाखों वोट या तो डुप्लीकेट हैं, या किसी और नाम से दर्ज हैं। ऐसे में चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठना लाजमी है।'



**पायलट ने चुनाव आयोग से की जांच की मांग**

पायलट ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि कांग्रेस के इन आरोपों की तुरंत और निष्पक्ष जांच हो। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ होती है, और अगर उसमें छेड़छाड़ हुई है, तो ये सिर्फ एक पार्टी का मुद्दा नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।

**बीजेपी ने कहा- हारने के डर से कांग्रेस बना रही बहाने**

इस बीच, भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस चुनाव हारने के डर से पहले ही बहाने बनाने लगी है। भाजपा नेताओं का कहना है कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उस पर ऐसे आरोप लगाना संस्थाओं की साख को चोट पहुंचाने जैसा है।

**चुनाव में बन सकता है बड़ा मुद्दा**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजस्थान में अगले चुनाव से पहले ये मुद्दा बड़ा रूप ले सकता है। अगर जांच हुई और गड़बड़ियां सामने आईं, तो इसका असर सीधा चुनावी नतीजों पर पड़ सकता है। वहीं, अगर आरोप झूठे साबित हुए, तो कांग्रेस की साख पर भी सवाल उठेंगे।

फिलहाल, 'वोट चोरी' का ये मामला चुनावी माहौल में नई गर्मी लेकर आया है। अब नजरें इस पर हैं कि निर्वाचन आयोग क्या कदम उठाता है और क्या सचिन पायलट के आरोपों की जांच होती है या नहीं।

**जमीन से लेकर सोशल मीडिया तक छिड़ी लड़ाई**

दरअसल, वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस बीजेपी सरकार पर लगातार हमलावर है। कांग्रेस के नेता जमीन से लेकर सोशल मीडिया तक लगातार संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। एक्स पर ट्वीट करके लगातार सरकार पर निशाना साधा जा रहा है। इस संघर्ष में सचिन पायलट भी पूरी तरह से एक्टिव नजर आ रहे हैं।

# जयपुर में पहली बार ड्रोन से कृत्रिम बारिश का प्रयोग

## भारी भीड़ पहुंचने से रोका

जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के रामगढ़ बांध इलाके में मंगलवार को सरकार और प्राइवेट कंपनी के सहयोग से ड्रोन से कृत्रिम बारिश करवाई जा रही है। इससे पहले रामगढ़ बांध में वैज्ञानिकों ने विधिवत पूजा-अर्चना और हवन कार्यक्रम करके कृत्रिम बारिश के सफल होने की कामना की। ड्रोन से बारिश की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग जयपुर के रामगढ़ बांध के आसपास जुटे हैं। भीड़ को देखकर एक्सेल वन कंपनी ने ड्रोन को पैक कर लिया है। भाजपा विधायक महेंद्रपाल मीना भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ तिरंगा यात्रा के साथ रामगढ़ बांध पंहुचे। वैज्ञानिकों का कहना है की भीड़ के कारण अभी ड्रोन को नहीं उड़ाया जा सकता। पुलिस लोगों को यहां से हटाने का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि वैज्ञानिकों की टीम कई दिनों से जयपुर में है।

# सरसंघ चालक मोहन भागवत ने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर दिया जोर

## बोले- भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत

सीकर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सीकर के ऐतिहासिक रैवासा धाम में मंगलवार को आध्यात्मिकता और राष्ट्रवाद का संगम देखने को मिला। नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत यहां पहुंचे, जहां उन्होंने संत राघवाचार्यजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण और वेद विद्यालय का लोकार्पण किया।



मंच से भागवत ने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को दृढ़ स्वर में रखते हुए कहा कि संघ का उद्देश्य हिंदुओं की प्रगति और राष्ट्र की उन्नति है।

उन्होंने रैवासा धाम के वातावरण, साधना और संत परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल भारत की आध्यात्मिक धरोहर का जीवंत प्रतीक है।

लोकतंत्र पर बात करते हुए भागवत ने कहा कि आजादी के समय कुछ लोग कहते थे कि भारत में लोकतंत्र नहीं टिकेगा, लेकिन आज हम दुनिया में लोकतंत्र के मामले में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है, जब-जब दुनिया को जरूरत पड़ी है, भारत ने आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद के हालात देखकर कोई यह नहीं कह सकता था कि भारत इस तरह उभरेगा लेकिन आज भारत बड़ी ताकतों के बीच भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

इस मौके पर कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे, जिनमें राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, विधायक गोरधन वर्मा, विधायक सुभाष मील और कथावाचक आचार्य इंद्रेश उपाध्याय शामिल थे। आयोजन में आगे बाबा रामदेव और बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के भी शामिल होने की संभावना है।

# खेजड़ी पेड़ कटान पर गरजे कैलाश चौधरी

## कहा- सोलर कंपनियां वादों का पालन नहीं करतीं, जनता में आक्रोश

जोधपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बाड़मेर क्षेत्र में सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी पेड़ों की कटाई को लेकर जारी विवाद में अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद कैलाश चौधरी भी खुलकर सामने आए हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सोलर कंपनियां जिन नियमों के तहत काम करने के लिए बाध्य होती हैं, उनका पालन नहीं करतीं। गाइडलाइन के अनुसार यदि एक पेड़ काटा जाता है तो उसकी जगह आठ से दस नए पेड़ लगाए जाने चाहिए, लेकिन कंपनियां यह काम केवल कागजों में दिखाती हैं, जमीन पर हकीकत कुछ और है। यही कारण है कि स्थानीय लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है।

कैलाश चौधरी ने कहा कि बाड़मेर क्षेत्र में सोलर प्रोजेक्ट्स लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे तापमान



में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है, लेकिन कंपनियां इस दिशा में गंभीर नहीं हैं।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी पेड़ों की कटाई के खिलाफ जिला उपखंड अधिकारी को शिकायत दी थी। निरीक्षण से एक रात पहले ही कंपनियों ने काटे गए पेड़ों की जड़ों को जला दिया। जब विधायक भाटी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने वहीं धरना दे दिया और रेगिस्तान में ही रात गुजारी। बाद में वार्ता और समझाइश के बाद धरना समाप्त हुआ। अब कैलाश चौधरी ने भी भाटी के सुर में सुर मिलाते हुए कंपनियों पर मनमानी के आरोप लगाए हैं।

जैसलमेर के बासनपीर में एक समुदाय विशेष द्वारा छतरियां तोड़े जाने और इसके बाद कांग्रेस नेता हरीश चौधरी द्वारा रैली निकालने पर कैलाश चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि एक समुदाय विशेष ने न केवल छतरियां तोड़ीं, बल्कि हंगामा भी किया और कांग्रेस उनके समर्थन में खड़ी हो गई। उनका आरोप है कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपनाकर दोषियों को संरक्षण दिया।

# बॉलीवुड अभिनेता के भाई के ठिकानों पर ईडी का छापा

## घंटों चली कार्रवाई, कोलकाता से आई थी टीम

श्री गंगानगर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने श्रीगंगानगर शहर के जाने-माने रियल स्टेट कारोबारी मुकेश शाह के कई ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की। ईडी ने यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और आर्थिक अनियमितताओं को लेकर की। मुकेश शाह जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। उनके भाई सोहम शाह बॉलीवुड में फिल्म निर्माता और अभिनेता हैं।

**कई घंटों तक चली ईडी की कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार छापे की कार्रवाई ईडी की कोलकाता से आई टीम ने की। मुकेश शाह के रिद्धि-सिद्धि स्थित आलीशान मकान के अलावा उनके दफ्तर और अन्य ठिकानों पर कई घंटों तक ईडी की कार्रवाई चली।

**वर्ष 2021 में आयकर विभाग ने की थी रेड**

छापे की कार्रवाई में क्या मिला, इसके बारे में ईडी के अधिकारियों ने खुलासा नहीं किया है। शहर में मुकेश शाह की डेढ़ दर्जन से अधिक हाउसिंग सोसायटी बताई जा रही हैं। मुकेश शाह की कई सोसायटी की वैधता को लेकर भी सवाल उठे हैं।

इससे पूर्व 2021 में आयकर विभाग ने कारोबारी अशोक चांडक व मुकेश शाह के 33 ठिकानों पर सर्वे किया था। तब उनके यहां 50 करोड़ की अघोषित आय का पता चला था।

# बीकानेर बॉर्डर पर पाक साजिश ध्वस्त! बीएसएफ और पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 8.50 करोड़ की हेरोइन बरामद

बीकानेर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सीएम भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित खाजूवाला दौरे से ठीक पहले बीएसएफ और पुलिस ने बॉर्डर पर पाकिस्तान की एक और साज़िश को धराशायी कर दिया। बीएसएफ इंटेलिजेंस ब्रांच की खुफिया सूचना पर बीकानेर के अंतराष्ट्रीय बार्डर जिले खाजूवाला थाना पुलिस के साथ संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें ग्राम 21 बीडी के पास एक खेत से 1.665 किलो हेरोइन बरामद की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8.50 करोड़ बताई जा रही है।

पहली नज़र में माना जा रहा है कि यह मादक पदार्थ पाकिस्तानी तस्करों ने ड्रोन के जरिए भारतीय



सीमा में गिराया। खेत में पानी लगाते वक्त किसान की नज़र इस पैकेट पर पड़ी और उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बीएसएफ, खाजूवाला पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने इसे जब्त कर लिया।

ऑपरेशन में डीआईजी अजय लूथरा, धनंजय मिश्रा, अभिमन्यु झा, महेश चंद जाट के नेतृत्व में सेकंड-इन-कमांड शिव भास्कर तिवारी, उपसमादेष्टा अरुण कुमार, निरीक्षक इंद्राज सिंह और कमलेश कुमार की टीम शामिल रही। खाजूवाला थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत भी टीम के साथ मौके पर मौजूद थे। बीएसएफ लगातार बॉर्डर पर ड्रोन और नशा तस्करी की कोशिशों पर कड़ी नज़र रख रही है और समय-समय पर ग्रामीणों को भी नशे के दुष्प्रभावों से बचने के लिए जागरूक कर रही है। इस बरामदगी को सीमावर्ती क्षेत्र में हाल के दिनों की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# पूर्व मंत्री अमीन खान की फिर कांग्रेस में एंट्री

## *सांसद की सिफारिश के बाद निलंबन रद्द, लिखा- ‘सत्यमेव जयते’*

बाड़मेर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बाड़मेर जिले में कांग्रेस पार्टी के भीतर सियासी हलचल एक बार फिर तेज हो गई है। पूर्व मंत्री और शिव विधानसभा सीट से पांच बार के विधायक अमीन खान की कांग्रेस में वापसी हो गई है। गौरतलब है कि पार्टी ने उन्हें छह साल के निष्कासित किया था, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। जिसके बाद उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

पूर्व विधायक अमीन खान ने पार्टी द्वारा निलंबन वापस लेने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर लिखा कि 'सत्यमेव जयते'। राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने जारी आदेश में बताया कि राज्य मंत्री और शिव से पांच बार विधायक रहे अमीन खान को लोकसभा चुनाव के दौरान 26.04.2024 को कांग्रेस पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया था। यह निलंबन तत्कालीन लोकसभा



उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल द्वारा चुनाव में उनके असहयोग के संबंध में की गई शिकायत के बाद किया गया था।

तब से अमीन खान ने अपने निलंबन को रद्द करने के लिए पीसीसी और व्यक्तिगत रूप से मुझसे कई अनुरोध किए। अमीन खान द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया, पार्टी में उनके योगदान, उनकी वृद्धावस्था (85+ वर्ष) और शिकायतकर्ता सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए अमीन खान का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

**इन कारणों से हुआ निलंबन**

गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमीन खान को 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निष्कासित किया गया था। उन्होंने बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी का समर्थन किया था, जिससे कांग्रेस को नुकसान हुआ।

इसके अलावा, 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष फतेह खान की बगावत के कारण अमीन खान को हार का सामना करना पड़ा था। फतेह खान की पार्टी में वापसी से नाराज अमीन खान ने खुलकर पार्टी नेतृत्व और जाट समाज के नेताओं पर मुस्लिम समुदाय को विभाजित करने का आरोप लगाया था।

# एक सितंबर से शुरू होगा विधानसभा का सत्र

## धर्मांतरण विरोधी विधेयक सहित कई बिल हो सकते हैं पारित

जोधपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा का अगला सत्र अब एक सितंबर से शुरू होने की संभावना है। इस संबंध में सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है और विधानसभा सत्र बुलाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के बीच चर्चा हो चुकी है। मंत्री पटेल ने बताया कि सर्वदलीय नेताओं से भी विचार-विमर्श किया गया है, जिसके बाद तय हुआ है कि सत्र सितंबर के पहले सप्ताह में, सामान्यतः एक सितंबर से बुलाया जाएगा।



**धर्मांतरण विरोधी बिल और कोचिंग सेंटर रेगुलेशन बिल पर नजर**

मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि पिछले सत्र में धर्मांतरण कानून का बिल नहीं आ सका था, लेकिन इस बार यह पटल पर लाया जाएगा। इसके अलावा प्रवर समिति को भेजे गए तीन विधेयक भी सत्र में आएंगे। इनमें गुर्जर समाज से जुड़े मुद्दों, कोचिंग संस्थानों के नियमन और विश्वविद्यालयों से संबंधित दो-तीन विधेयक शामिल हैं। इन सभी प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा कर उन्हें पारित कराने की योजना है।

**सदन में स्वस्थ बहस की उम्मीद**

पटेल ने कहा कि राजस्थान विधानसभा की हमेशा से एक स्वस्थ परंपरा रही है, जहां मुद्दों और तथ्यों पर बहस होती है। उनका विश्वास है कि इस बार भी सभी सदस्य सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखेंगे और सरकार उन पर जवाब देगी। उन्होंने आशा जताई कि सत्र के दौरान कोई अनावश्यक हंगामा नहीं होगा और विपक्ष रचनात्मक सुझाव देकर जनता के हित में योगदान देगा। विपक्ष को ताकत मानते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष से आने वाले अच्छे सुझावों को सरकार अवश्य स्वीकार करेगी।

# क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 92 लाख रुपये की ठगी

## चार आरोपी गिरफ्तार

नागौर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। नागौर पुलिस ने ऑपरेशन साईबर शील्ड के तहत साइबर ठगी से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने परिवादी को क्रिप्टों करेंसी की माइनिंग मशीन से अधिक धन कमाने का लालच देकर परिवादी से 91 लाख 59 हजार 999 रुपये की साइबर ठगी कर ली। पुलिस ने मेड़ता सिटी कस्बे से 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताश की तो आरोपियों ने बताया कि उन्होंने माइनिंग मशीन से अधिक धन राशि कमाने को लेकर अब तक कुल 10 करोड़ रुपये की साइबर ठगी कर चुके हैं।




जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छवाहा ने बताया कि आरोपी अधिक धन कमाने का लालच देकर कार्निवल कॉर्पोरेट समूह इनवेस्टमेंट किप्टो करेंसी मशीन बेचने को लेकर ठगी करते थे। आरोपियों के कब्जे से 04 कंप्यूटर 02 लैपटॉप व लेन-देन से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

नागौर जिले के मेड़ता सिटी कस्बे निवासी ओंकार राम पुत्र छोगाराम ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसको सोशल मीडिया के जरिए उसका दो लोगों से संपर्क हुआ। उन्होंने बताया कि उनके पास खुद की एक कंपनी है, जिसमें वह इन्वेस्टमेंट करवाते हैं तथा खुद को प्रचारित करते हुए एक निवेश (इन्वेस्टमेंट) कंपनी बताई। इस निवेश के जरिए पैसा निवेश कर उन्हें अच्छा निवेश कमा सकते हैं। दोनों युवकों ने कहा कि उनके बताए अनुसार वह भी धनराशि इन्वेस्टमेंट करेगा तो उसको भी अच्छा खासा वह मुनाफा दिलवाएंगे। उन लोगों के कहने पर वह उनके चंगुल में फंस गया और उसने उनके बताए अनुसार 5 नवंबर 2024 को मेड़ता सिटी स्थित उनके ऑफिस गया। वहां पर उसको पूरी ऑफिस दिखाया गया, जहां पर लैपटॉप में मशीनें भी रखी हुई थीं।

उन लोगों ने बताया कि इन मशीनों से वह ट्रेडिंग करते हैं तथा उन्होंने यह भी बताया कि वह काफी समय से उनके साथ काम कर रहे हैं। उन लोगों ने संगठित रूप से एक निवेश कंपनी होने का उसको झांसा विश्वास में ले लिया। उन लोगों के कहे अनुसार उसने भी अपनी जमा पूंजी निवेश कर दी।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार से टक्कर

## कार को आग लग गई





अलवर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर जिले के राजगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार का खतरनाक नज़ारा देखने को मिला। जिसमें पीछे से आ रही एक तेज कार ने पुलिस वैन को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन पलट गए और कार में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए कार में फंसे लोगों को समय रहते बाहर निकाल लिया।

हादसे में 4 पुलिसकर्मी और 4 अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को पहले पिनान अस्पताल और फिर प्राथमिक उपचार के बाद अलवर रेफर किया गया।

दरअसल पुलिसकर्मी दिल्ली से एक आरोपी को लेकर जयपुर जा रहे थे। तभी पीछे से आई कार ने वैन को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, वाहनों की लंबी कतार लग गई।

दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।

# नाड़ी में डूबने से बालक-बालिका की मौत

## मौके पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

पाली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पाली जिले की रोहट पंचायत समिति क्षेत्र के दुदली गांव में मंगलवार को नहाने गए बालक-बालिका की नाड़ी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार दुदली गांव निवासी पप्पू उर्फ ममता (14) पुत्री गेनाराम साटीया और जीतू (10) पुत्र धनारामसाटीया मंगलवार को नाड़ी में नहाने गए थे। नाड़ी में पानी गहरा होने के कारण दोनों डूब गए। उस समय मौके पर कोई तैराक मौजूद नहीं था, जिससे उन्हें बाहर निकालने में देरी हुई। ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला और रोहट अस्पताल ले गए, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

# रामदेवरा जा रहे 2 भाइयों को बस ने कुचला

## रेलिंग से टकराते ही लगी भीषण आग




जालोर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के जालोर जिले में मंगलवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद बस में भीषण आग लग गई और बस कुछ ही देर में जलकर पूरी तरह खाक हो गई।

हादसा सुबह करीब 9 बजे जालोर के सांचौर में नेशनल हाईवे-68 पर रणोदर गांव के पास हुआ। बाड़मेर के चौहटन से गुजरात के पालनपुर जा रही निजी बस अचानक अनियंत्रित हो गई और दो बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद बस सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकरा गई और उसमें आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बस धू-धूकर जलने लगी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों से करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन, तब तक बस पूरी तरह जल गई।

# तेलंगाना सबसे तेजी से बढ़ता राज्य : कोमटि रेड्डी

## एनएसी की बैठक में हाइब्रिड एन्युइटी मोड नीति पर चर्चा

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के सड़क एवं भवन तथा छायांकन मंत्री कोमटि रेड्डी वेंकट रेड्डी की अध्यक्षता में शहर स्थित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) की बैठक में एचएएम (हाइब्रिड एन्युइटी मोड) नीति पर चर्चा हुई।

उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क और पंचायती राज मंत्री सीतक्का मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, विशेष मुख्य सचिव विकास राज, पंचायती राज प्रमुख सचिव एन. श्रीधर, वित्त प्रमुख सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया, आरएंडबी अधिकारी, बैंकर, ठेकेदार और अन्य भी बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री कोमटि रेड्डी वेंकट रेड्डी ने स्पष्ट किया कि आरएंडबी और पंचायती राज विभागों के तत्वावधान में राज्य में दर्पण जैसी सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों को बेहतर सड़क सुविधाएं प्रदान करना कांग्रेस सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा, इसके तहत, हमने हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) सड़कों का निर्माण शुरू किया है। हम लोगों को जोड़ना, विकास को सक्षम बनाना और तेलंगाना के भविष्य को आकार देना के आदर्श वाक्य के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं। तेलंगाना देश के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक है। हालांकि, पिछले दस वर्षों में राज्य की सड़कों की स्थिति खराब रही है। राज्य की आर्थिक प्रगति जितनी महत्वपूर्ण है, लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना भी हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है। हमारा नारा "विश्वसनीय सड़कें, कम जोखिम" सरल लग सकता है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत अधिक है। हमारी सरकार ऐसे राजमार्ग बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो हर गांव को मंडल केंद्र से, हर मंडल को ज़िला केंद्र से और हर ज़िले को राज्य की राजधानी से जोड़ें। मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल (एचएएम) कार्यक्रम के पहले चरण में, पंचायती राज इंजीनियरिंग विभाग 17 पैकेजों में 7,947 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क एवं भवन विभाग द्वारा विकसित की जाने वाली 12,000 किलोमीटर सड़कों में से, पहले चरण में 6478.33 करोड़ रुपये की लागत से 17 पैकेजों में 5,190 किलोमीटर सड़कें विकसित की जाएंगी। हम अगले दिसंबर तक शेष 6810 किलोमीटर सड़कों के लिए निविदाएं आमंत्रित करने की योजना बना रहे हैं। एचएएम मॉडल की व्याख्या करते हुए, उन्होंने कहा कि एचएएम ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) और बीओटी (निर्माण-संचालन-हस्तांतरण) मॉडल का एक संयोजन है। एचएएम मॉडल में, सरकार 40 प्रतिशत धनराशि 4 प्रतिशत की 10 किश्तों में देती है। इसमें से केवल 10 प्रतिशत धनराशि अग्रिम भुगतान की जाती है, जिससे सरकार पर वित्तीय बोझ कम होता है। शेष 60 प्रतिशत निवेश ठेका कंपनी द्वारा किया जाता है, और सरकार उनके प्रदर्शन के आधार पर हर छह महीने में एक बार भुगतान करती है। इस मॉडल में, सरकार डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक) और सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) पर आधारित मुद्रास्फीति के अनुसार ठेका कंपनियों को भुगतान समायोजित करती है। इस मॉडल में स्थिरता है, निवेशकों के लिए जोखिम कम है, और जनता के लिए सुरक्षित सड़कों के निर्माण के साथ-साथ 15 वर्षों तक गुणवत्तापूर्ण सड़क प्रबंधन (रखरखाव) भी किया जाता है। ठेकेदारों और निवेशकों के लिए जोखिम कम है, आय स्थिर है, और ये बैंक द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं हैं जो एनएचएआई के मानकों को पूरा करती हैं। आम आदमी को बेहतर सड़क संपर्क, तेज़ यात्रा, सुरक्षित सड़कें और स्थानीय व्यापार, पर्यटन और आजीविका को बढ़ावा मिलता है।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.एनडइ/ई-13/2025-26, दि.6-8-2025**

निम्न ई-निविदाएं कार्यो हेतु @ www.ireps.gov.in पर ऑफर्स आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1. एनडइ/ई-13/2025-26, कार्य विवरणः नांदेड डिविजन-अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों का प्रमुख पुनर्विकास कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य रु.4,37,80,282/- बोली सुरक्षा राशिःरु.3,68,900/- ऑफर वैधः 60 दिनोंतक, कार्य पूरा करने की अवधिः12 महिने, नांदेड डिवीजन एडमिनिस्ट्रेशन के तहत वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर विवरण उपलब्ध, बंद करने की तिथि व समयः 28-08-2025 के 15.00 बजे

निविदा दस्तावेज, अर्हता मानदंड, खास नियम शर्तें आदि तत्संबंधित अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाइट देखें। यह सलाह दी जाती है, यह जांचे कि, ऑफर की प्रस्तुति के पहले, ऑनलाइन पर कोई शुध्दिपत्र तो प्रकाशित नहीं हुवा है।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, नांदेड**

**निविदा सूचना सं. 06-एमइसीएच-टीओपी-टीपीटीवाय-25-26, दि.7-8-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय. सीएमइ/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित निम्न विवरित निविदा संख्या एवं समय 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता अपने मूल/संशोधित बोलियों को संबंधित बंद करने की तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्यूएल ऑफर्स अमान्य हैं एवं इस मामले में प्राप्त किसी भी मैन्यूएल ऑफर्स पर कतई विचार नहीं किया जायेगा।

क्रम सं.1. कार्य विवरणः निविदा सं. 06-एमइसीएच-टीओपी-टीपीटीवाय 2025-26, दि.7-8-2025, टीपीवायज एण्ड एलजीडीएस पर इएमयु/एमइएमयु में ट्रान्सफार्मर ऑयल पाइपलाइन का परिवर्तन या संशोधन कार्य। अनुमानित मूल्य रु. 84,31,760/- बोली सुरक्षा राशिःरु.1,68,600/- कार्य पूरा करने की अवधिः24 महिने, बंद करने की तिथि व समयः 29-08-2025 के 11.00 बजे

**वेबसाइट विवरण**: www.ireps.gov.in

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

निविदा की नियम शर्तें/अधिक जानकारी (निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग, शुध्दिपत्रों, हेतु कृपया हमारे वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कैरेज रिपेयर शॉप, द.म.रेलवे, तिरुपति**
**भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए**

**ई-निविदा सूचना सं. सी-एसजी-पीटी-टावर्स-01, दि.26-07-2025,(शुध्दिपत्र सं.1,दि.8-8-2025)**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवायसीएसटीइ/ परियोजनाएं/टेलि./एससी द्वारा निम्न कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. व तिथि - सी-एसजी-पीटी-टावर्स-01, दि.26-07-2025,(शुध्दिपत्र सं.1,दि.8-8-2025), कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे (द.म.रे.) के गुण्टकल एवं गुण्टूर डिवीजन में कवच के प्रावधान हेतु भूमि अवसंरचना कार्य या ग्राउण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्क्स। अनुमानित परियोजना मूल्य रु. 63,40,88,208.80 पैसे, बोली सुरक्षा राशिःरु. 33,20,500/- कार्य पूरा करने की अवधिः720 दिन, बोली बंद करने की तिथि(बोली नियत तिथि) 2%-08-2025 के 15.00 बजे, बोली खोलने की तिथि 2%-08-2025 के 15.00 के पश्चात्, ऑफर की वैधताः बोली बंद करने की तिथि से लेकर 120 दिन, निविदा पुस्तक मूल्यःरु. शून्य, शुध्दिपत्र सं.1 जारी करने का कारणः प्रि-बिड प्रश्नों का जवाब या रिप्लाई टू प्रि-बिड क्वेरीज

इण्डियन रेलवे ई-टेन्डरिंग पोर्टलः www.ireps.gov.in पर ही, सभी बिड्डिंग कार्य होगा। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य है। अधिक जानकारी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध।

**डीवाय.सीएसटीइ/परियोजनाएं/टेलि./एससी**

**निविदा सूचना सं. 1-एमइसीएच-एफआयएटी-टीपीटीवाय-आर4-25-26, दि.7-8-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय. सीएमइ/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित निम्न विवरित निविदा संख्या एवं समय 11.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता अपने मूल/संशोधित बोलियों को संबंधित बंद करने की तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्यूएल ऑफर्स अमान्य हैं एवं इस मामले में प्राप्त किसी भी मैन्यूएल ऑफर्स पर कतई विचार नहीं किया जायेगा।

क्रम सं.1. कार्य विवरणः निविदा सं. 1-एमइसीएच-एफआयएटी-टीपीटीवाय-आर4- 25-26, दि.7-8-2025, कैरेज रिपेयर शॉप, तिरुपति पर एसएस-I, एसएस-II व एसएस-III शेड्यूल्स की अटेंडिंग हेतु तत्संबंधित स्ट्रिप्पिंग, क्लीनींग, एसेम्बल्लिंग एवं एफआयएटी/एलएचबी बोगियों की रंगाई पुताई या पेन्टिंग कार्य। अनुमानित मूल्य रु.1,41,35,393.6/- बोली सुरक्षा राशिःरु.,2,20,700/- कार्य पूरा करने की अवधिः12 महिने, बंद करने की तिथि व समयः 29-08-2025 के 11.30 बजे

**वेबसाइट विवरण**: www.ireps.gov.in

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शॉप, तिरुपति

निविदा की नियम शर्तें/अधिक जानकारी (निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग, शुध्दिपत्रों, हेतु कृपया हमारे वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कैरेज रिपेयर शॉप, द.म.रेलवे, तिरुपति**
**भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(https://www.ireps.gov.in के माध्यम से)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीइ/सी-IV/एससी कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशन, द.म.रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, एनआयटी सं.-17-सीएओ-सी-एससी-2025 दि.5-8-2025, कार्य विवरण- एससी डिवीजन- केजेडजे-केआय सेक्शन के बीच 3 री लाइन के रेसिड्यूल वर्क्स तथा डोर्नकल जंक्शन-भद्राचलम रोड स्टेशनों के बीच डबलिंग कार्य से संबंधित डीकेजे स्टेशन का प्रस्तावित यार्ड माडेलिंग कार्य। डोर्नकल जंक्शन में एर्थवर्क इन फार्मेशन या भूमि कार्य निष्पादन, छोटे पुलों का निर्माण/विस्तार करना, टावर कार शेड, प्लाटफार्म्स, सर्विस बिल्डिंग्स का निर्माण कार्य, बल्लास्ट संग्रह, पी. वे सामग्री का परिवहन, बिछाना तथा ट्रैक्स की लिंकिंग आदि कार्य एवं अन्य संबंधित छिटपुट कार्य। विवरणः अनुमानित मूल्य रु.55,74,02,062.04, पूर्व धरोहर राशि-पूधराः रु.29,37,000/-, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 (बारह) महिने, खोलने की तिथिः 28-08-2025 के 15.00 बजे

1)बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in पर लॉगिन करें
II) निविदादाता अपने ऑफर्स को, निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान अर्थात् निविदा बंद करने की तिथि से पंद्रह दिन पहले, प्रस्तुत कर सकते हैं।
III) निविदादाता तत्संबधित किसी भी शुध्दिपत्रों (केवल ऑनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही देख सकते हैं।

**डीवाय.सीइ/सी/पीएलजी/एससी**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(https://ireps.gov.in के माध्यम से)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य बिजली अभियंता(निर्माण), दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु टू पैकेट सिस्टम आफ टेन्डरिंग या निविदा की दो पैकेट प्रणाली में ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 1, एनआयटी सं.-टेन्डर नं. ई29सीटीआरडी-बीजेडए-03-2025-26, कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे के तहत जीटीएल डिवीजन में 25 केवी, 50एचजेड सिंगल फेज ए.सी. ट्रैक्शन ओवरहेड उपकरण की डिजाइन, आपूर्ति, इरेक्शन, परीक्षण तथा कमीशनींग सहित 65 स्के.एमएम कैटेनरी तथा 107 स्के.एमएम एचडीजी काप्पर कान्टाक्ट वायर, एलटी सप्लाई कार्य के साथ ट्रांसफार्मर स्टेशन्स प्रस्तावित गूटी-यार्ड का परिवर्तन सहित (2x25केवी सिस्टम), रेणीगुन्टा-यार्ड परिवर्तन के साथ (1x25केवी सिस्टम) एवं लिंगानेन्डीदोड्डी-यार्ड का परिवर्तन कार्य। विवरणः अनुमानित मूल्यःरु.30,05,89,444.04, पूधरा रु.16,53,000/- निविदा दस्तावेज मूल्यःरु. शून्य, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथिः 4-9-2025 के 15.00 बजे

**बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in पर लॉगिन करें।**

बोली सुरक्षा/पूधरा राशि को आय़आरइपीएस के ई-पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नकद रूप में जमा करना चाहिए अथवा इसे भारत के किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से, एफए एण्ड सीएओ/सी/एससी के पक्ष में, बैंक गारण्टी बान्ड के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए या इसे निविदा दस्तावेजों में विवरित निर्देशानुसार प्रस्तुत करना चाहिए। तत्संबंधित बैंक गारण्टी बान्ड अनुलग्नक VIA नुसार होना चाहिए तथा यह, बोली वैधता अवधि से परे, 90 दिनों तक वैध होना चाहिए। 3. निविदादाता अपने ऑफर्स को, निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान अर्थात् निविदा बंद करने की तिथि से पंद्रह दिन पहले, प्रस्तुत कर सकते हैं।
III) निविदादाता तत्संबंधित किसी भी शुध्दिपत्रों (केवल ऑनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही देख सकते हैं।

**उप मुख्य बिजली अभियंता, विजयवाडा**

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, टेंडर नं. व तिथिःसी/इ.221/इएलएस/एलजीडी/आरसी/390 दि.11-08-2025 कार्य विवरणः दो वर्ष के लिए, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिकृत डिसपोजल फैसिलीटी पर इलेक्ट्रिक लोको शेड, लालागुडा में स्थित खतरनाक अपशिष्ट (हजर्डस वेस्ट) का निपटान करना। अनुमानित मूल्य रु. 40,49,855.29, बोली सुरक्षा राशि रु.81,000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य, ठेका अवधिः24 महिने, बंद करने एवं खोलने की तिथि व समयः 5-9-2025 के 15.00 बजे एवं 5-9-2025 के 15.15 बजे

ऑफर वैधः निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिन, निविदा दस्तावेज की प्रस्तुतिः आयआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से

निविदा नियम शर्तें/अन्य विवरण तत्संबंधित निविदा दस्तावेज में, हमारे आयआरईपीएस वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**एसआर. डीइइ/टीआरएस/एलजीडी.**

A1202

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु, कृपया हमारे वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।**


## प्रदूषणकारी उद्योगों के स्थानांतरण में तेजी लाएं : भट्टी

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने संबंधित अधिकारियों को हैदराबाद आउटर रिंग रोड के बाहर प्रदूषणकारी उद्योगों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंगलवार को डॉ.बी.आर. अंबेडकर सचिवालय में, उपमुख्यमंत्री ने राजस्व संसाधन संग्रहण पर कैबिनेट उप-समिति के सदस्य, मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के साथ एक बैठक की। कैबिनेट उप-समिति के सदस्यों ने राजस्व सृजन में बेहतर प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक कर और खनन विभागों के अधिकारियों की सराहना की। बैठक में राजीव स्वगृह और आवास बोर्ड विभागों में सरकारी प्रस्तावों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में वित्त विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया, आरएंडबी के विशेष सचिव विकास राज, वाणिज्य कर के प्रधान सचिव रिजवी, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव नवीन मित्तल, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार, राजस्व एवं सीसीएलए सचिव लोकेश कुमार, आबकारी विभाग के आयुक्त हरि किरण, आवास के वीसी एवं एमडी गौतम आदि ने भाग लिया।

## कोडाद स्कूल के छात्र लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस देखेंगे





नलगोंडा, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कोडाद स्थित तेजा विद्यालय के पंद्रह विद्यार्थियों को 15 अगस्त को नई दिल्ली के लाल किले में आयोजित 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए चुना गया है। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने तीन विषयों पर एक राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की- नए भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका, भारत की सीमा और राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार। देश भर से भाग लेने वाले 2.15 लाख छात्रों में से 200 मेधावी छात्रों का चयन किया गया, जिनमें तेजा विद्यालय के 15 छात्र शामिल थे।

स्कूल की प्रधानाचार्य यू रामा सोमी रेड्डी ने बताया कि स्कूल के 182 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था, और शीर्ष 15 छात्रों को राष्ट्रीय राजधानी में स्वतंत्रता दिवस समारोह देखने का अवसर मिला। निदेशक सोमी रेड्डी ने बताया कि इसकी तैयारियां जून की शुरूआत में ही शुरू हो गई थीं और छात्रों को रोज़ाना समाचार पत्र पढ़ने और प्रासंगिक पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।

## मरीजों के लिए किया रक्तदान

**जेएसी के सदस्यों ने किया सराहनीय कार्य**

मंचेरियल, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नॉर्दर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनपीडीसीएल) से संबंधित एक संयुक्त कार्य समिति (जेएसी) के सदस्यों ने मंगलवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में थैलेसीमिया और सिकलसेल दोनों रोगों के रोगियों के लाभ के लिए रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन एनपीडीसीएल के अधीक्षण अभियंता जेड उत्तम ने किया।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी (आईआरसीएस) के मंचेरियल इकाई के अध्यक्ष के. भास्कर रेड्डी ने कहा कि सदस्यों ने इस नेक कार्य के लिए 100 यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने एनपीडीसीएल के अधिकारियों को मरीजों की सेवा के लिए आगे आने के लिए धन्यवाद दिया।

# श्री शिव महापुराण कथा आज से

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारविन्द से आज से श्री शिव महापुराण कथा रामनिवास ब्रिजगोपाल भूतडा परिवार (फाईनकैब) द्वारा आयोजित की जा रही है। जो 17 अगस्त तक चलेगी। शमशाबाद हाईवे पर स्थित पूरन सन्स् फार्म, गगन पहाड के विशाल प्रांगण में कथा का आयोजन होगा।

कथा अपराहन 1-00 बजे आरम्भ होगी एवं 4-00 बजे विराम दिया जाएगा। उपरोक्त जानकारी भूतड़ा परिवार के ब्रिजगोपाल भूतड़ा द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ती में प्रदान की गयी है।

विज्ञप्ती में आगे बतलाया गया विशाल वाटर प्रूफ पण्डाल में आयोजित इस स्थान पर सिहोर वाले बाबा के नाम से भी पहचाने जाने वाले पं. मिश्राजी अपनी कथाओं के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याओं का महादेव को एक लोटा जल अर्पित करने से कैसे अपनी विपदाओं से छुटकारा प्राप्त हो बतलाते हैं। कथा स्थल पर वृद्धजनों के लिए वील चेयर का इंतजाम भी रखा गया है। बाहर पधारे भक्तों के आवास की व्यवस्था भी पण्डाल में ही रखी गयी है।

कार्यक्रम में पधारने हेतु प्रदेश ही नहीं अपितु कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश आदि प्रदेशों में भूतड़ा परिवार के सदस्यों द्वारा जाकर निमंत्रण भी बांटे गए हैं। सभी से आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम आरम्भ होने से 15 मिनिट पूर्व पधारकर अपना-अपना स्थान ग्रहण करें।



श्री शिव महापुराण कथा में पधारने हेतु डीसीपी ट्राफिक साई मनोहर, डीसीपी राजेन्द्रनगर सीएच. श्रीनिवास, श्री आदित्य बिल्डर्स के कोटा रेड्डी, नरेन्द्र सुगंधी, अग्रवाल समाज के सदस्यों एवं अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता को आमंत्रित करते हुए ब्रिजगोपाल भूतड़ा, अनुप चाण्डक, आलोक भूतड़ा।

# बीआरएस ने गुरुकुल के ठेकों में 600 करोड़ रुपये के अंडों के घोटाले का किया पर्दाफाश

## पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएस प्रवीण कुमार ने लगाए गंभीर आरोप

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुकुल स्कूलों और सरकारी कल्याण आवासीय छात्रावासों में फ़ूड पॉइज़निंग और घटिया भोजन की लगातार हो रही घटनाओं के बीच, मुख्य विपक्षी दल बीआरएस ने एक बड़े घोटाले का पर्दाफ़ाश किया है, जो 600 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने सरकारी आदेश 17 जारी किया है, जो गुरुकुलों, केजीबीवी और अन्य आवासीय स्कूलों में भोजन आपूर्ति के ठेके देने की प्रक्रिया में बदलाव करता है।

मंगलवार को तेलंगाना भवन में पीड़ित खाद्य ठेकेदारों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्यौरा देते हुए, बीआरएस नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएस प्रवीण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने जनता का पैसा चंद अमीर ठेकेदारों के हाथों में पहुंचा दिया, जबकि लगभग 20,000 छोटे व्यापारियों और उनके एक लाख से ज़्यादा आश्रितों को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके कांग्रेस ने अकेले अंडों के ठेकों में 600 करोड़ रुपये का घोटाला किया।

प्रवीण कुमार ने कहा कि शासनादेश 17 में मौजूदा लघु-स्तरीय ठेकेदारों के स्थान पर प्रत्येक मंडल में एक बड़े ठेकेदार को लाने के लिए नियमों में ढील दी गई है, जिसके तहत चिकन और अंडे की आपूर्ति के लिए 50 लाख रुपये की भारी-भरकम बयाना राशि और 3 करोड़ रुपये का कारोबार अनिवार्य कर दिया गया है।

उन्होंने कहा, दस पीढ़ियों के बाद भी छोटे व्यापारी इतनी रकम नहीं जुटा पाते। बीआरएस नेता ने बताया कि बीआरएस सरकार में एससी और एसटी ठेकेदारों को सब्सिडी मिलती थी और अंडों की आपूर्ति की दरें बाजार मूल्य से सिर्फ़ 30 पैसे ज़्यादा रखी गई थीं। उन्होंने कहा कि नई निविदा शर्तें कांग्रेस के बड़े नेताओं, जिनमें के. जना रेड्डी और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से जुड़े लोग भी शामिल हैं, के रिश्तेदारों के लिए बनाई गई थीं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सिर्फ़ आवेदन पत्र के लिए 5,000 से 25,000 रुपये तक वसूल रहे थे।

उन्होंने कहा, अंडों की कीमत अब 7 रुपये तय कर दी गई है, जो बाजार मूल्य से अधिक है, जिससे नौकरशाहों और कांग्रेस नेताओं को भारी कमीशन मिल रहा है, जो अनुमानतः लगभग 600 करोड़ रुपये है। उन्होंने शासनादेश संख्या 17 को समाज कल्याण विभाग के विरुद्ध अपराध बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो बीआरएस आंदोलन शुरू करेगा और अदालत का भी दरवाजा खटखटाएगा।

उन्होंने कहा, हमारे पास जिला कलेक्टरों और अतिरिक्त कलेक्टरों की संलिप्तता वाले आयोगों के साक्ष्य हैं और हम इसे जल्द ही मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने सरकारी आदेश को राजनीतिक लाभ के लिए गुरुकुल प्रणालियों को खत्म करने की साजिश करार दिया।

# तनावमुक्त जीवन जीने रोज 30 मिनट मेडिटेशन जरूरी



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल और तनावमुक्त जीवन जीने के लिए हर रोज 30 मिनट मेडिटेशन करें, आपको कभी किसी न्यूरो मेडिसिन की जरूरत नहीं पडेगी। मानसिक शांति और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए ध्यानयोग सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। ध्यान-साधना का मार्ग हमें अन्तर्जगत में ले जाता है जहां परमात्मा का साम्राज्य है। ध्यान का लक्ष्य है- अंतर्मन की शांति, अंतर्मन की शुद्धि, अंतर्मन में दिव्य आनंद की अनुभूति। हम श्वास, शरीर और अंतर्मन के साथ एकलयता साधें और स्वयं को अधिकतम सहज और शांतिमय बनाएं।

उक्त उद्गार राष्ट्र-संत महोपाध्याय ललितप्रभ सागर के हैं। वे मंगलवार को एग्जिबिशन ग्राउंड में मेडिटेशन क्यों करें और कैसे करें विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ध्यान में नियमित बैठक के लिए सूर्योदय का समय अधिक उपयुक्त है। सुबह के समय वातावरण में सहज शान्ति और सौम्यता रहती है। शुरूआत में ध्यान की बीस से तीस मिनट की बैठक हो। ज्यों-ज्यों तन-मन में शांति और सौम्यता आती जाएगी, बैठक का समय स्वत: बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि अति-तनाव और अति थकान में ध्यान करने की बजाय कायोत्सर्ग अर्थात तन-मन के एक-एक अंग और मांसपेशी का रिलेक्सेशन करना अधिक श्रेष्ठ है। जब भी ध्यान में बैठें तो पहले शांत गति की कुछ गहरी साँस लें ताकि सम्पूर्ण शरीर में शुद्ध प्राणवायु की अतिरिक्त मात्रा पहुंचे। ध्यान में मन जब भी बाधित होता लगे तो दीर्घ श्वास के साथ ओम का स्मरण करें।

उन्होंने कहा कि ध्यान का लक्ष्य है : अंतर्मन की शांति, अंतर्मन की शुद्धि, अंतर्मन में दिव्य आनंद की अनुभूति। हम श्वास, शरीर और अंतर्मन के साथ एकलयता साधें, और स्वयं को अधिकतम सहज और शांतिमय बनाएं। ध्यान के प्रभावी परिणामों के लिए ध्यान की नियमित बैठक अनिवार्य है। सम्पूर्ण शरीर और नाड़ी-तंत्र जाग्रत और स्फूर्त होता है। योगासन के बाद कुछ देर तक प्राणायाम भी करें। इससे श्वसन-तंत्र स्वस्थ होगा, मस्तिष्क ऊर्जस्वित होगा और चित्त में स्थिरता आएगी।

उन्होंने कहा कि हृदय-स्थल अथवा दोनों भौंहों के मध्य तिलक-प्रदेश पर ध्यान केन्द्रित करना विशेष सहयोगी है। हृदय शान्ति, समर्पण और प्रसन्नता का दिव्य केन्द्र है जबकि अग्र मस्तिष्क संकल्प, विश्वास और चिन्तन- शक्ति का। उन्होंने ध्यान में सहयोग करने के लिए कहा कि भोजन सदा सात्त्विक करें। ताजा, हल्का और पोषक भोजन करना साधना के लिए उपयुक्त है और स्वास्थ्य के लिए भी। विचारों को सहज-स्वस्थ-सकारात्मक रखें। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

## सिद्दीपेट और गजवेल में कांग्रेस की अंदरूनी कलह गहरी

### मंत्री और पीसीसी प्रमुख चुप

सिद्दीपेट, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्दीपेट और गजवेल निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस के भीतर बढ़ती दरार ने पार्टी कार्यकर्ताओं को स्तब्ध कर दिया है तथा जिले से जुड़े तीन मंत्रियों ने बढ़ती गुटबाजी पर चुप्पी साध रखी है। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के कांग्रेस नेता खुलेआम आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

एक गंभीर घटनाक्रम में, पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कोम्मू विजय कुमार ने जिला अध्यक्ष तुमुकुंटा नरसा रेड्डी के खिलाफ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार का मामला दर्ज कराया है। इस विवाद के भड़कने के बावजूद, सिद्दीपेट जिले से आने वाले मंत्री पोन्नम प्रभाकर, पूर्ववर्ती मेदक जिले के प्रभारी गड्डम विवेकानंद और क्षेत्र के मजबूत नेता दामोदर राजनरसिम्हा ने इस अंदरूनी कलह पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

संकट को और बढ़ाते हुए, वरिष्ठ नेता जी चक्रधर गौड़ ने सिद्दीपेट में पार्टी से इस्तीफा दे दिया और मयनमपल्ली हनुमंत राव पर विभाजन बढ़ाने का आरोप लगाया।

गौड़ ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और पूर्व मंत्री टी हरीश राव का मुकाबला करने के लिए सिद्दीपेट और गजवेल में अपना आधार मजबूत करने का दावा करने के बावजूद मानमपल्ली पार्टी के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। गजवेल और सिद्दीपेट, दोनों ही कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक रूप से चल रही कलह के लिए मयनमपल्ली को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय नेताओं को डर है कि मयनमपल्ली की लगातार सक्रियता आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की संभावनाओं को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, जो इस समय पार्टी को मज़बूत करने के लिए जनहित पदयात्रा पर हैं, भी इस संकट का समाधान करने से दूर रहे हैं, जबकि नेता सार्वजनिक रूप से और सोशल मीडिया पर खुलकर अपनी राय रख रहे हैं। मंत्रियों की तरह, पार्टी की अनुशासन समिति भी हस्तक्षेप करने से बच रही है। ज़िले के प्रभारी मंत्री जी विवेकानंद ने तो अपने पिछले दौरों में नेताओं के बीच सार्वजनिक झड़पों को देखते हुए सिद्दीपेट में आगे कोई कार्यक्रम आयोजित करने से भी परहेज़ किया।

## सीरवी समाज ट्रस्ट बालाजी नगर का सम्मेलन 24 अगस्त से

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज ट्रस्ट बालाजी नगर स्थित श्री आई माता मंदिर में माताजी के 610वें अवतरण दिवस पर 9वें वार्षिक सम्मेलन का दो दिवसीय कार्यक्रम 24 व 25 अगस्त को किया जाएगा। इसके तहत 24 अगस्त को रात्रि जागरण होगा। 25 अगस्त को प्रातः वेला में पूजा-अर्चना व महा प्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष जयराम पंवार, सचिव हीरालाल चोयल ने बताया कि 24 अगस्त को प्रातः वेला में श्री आई माता मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर मां का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। रात्रि 9.15 बजे से जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें भजन गायक हजारीनाथ एण्ड



पार्टी पाली राजस्थान से माई के चरणों में भजन प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 11.15 बजे से 5 बजे तक महिला मंडल द्वारा होगा। इसमें भाग लेने वाले अपना नाम 18 अगस्त तक सचिव के पास दे सकते हैं। सोमवार 25 अगस्त को प्रातः 9.15 बजे ज्योत प्रज्वलित कर पूजा अर्चना, स्वागत का कार्यक्रम होगा। समाज के बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जायेंगे। बीज महोत्सव कार्यक्रम में पदाधिकारी व कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेंगे। समाज बन्धुओं से निवेदन है कि बीज महोत्सव पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सपरिवार कार्यक्रम में भाग लें।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# मानहानि केस- धोनी की अर्जी पर सुनवाई होगी

## मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था

चेन्नई, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकॉर्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके। धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चैनलों से हर्जाने की मांग की गई थी। आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी।




**एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त**

जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो।

**2013 में हुई थी स्पॉट फिक्सिंग**

आईपीएल 2013 में स्पॉट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे। राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे। हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था।

धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया। 2011 में उन्होंने भारत को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया। उन्होंने 2020 में इंटनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वह अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। उन्होंने 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए है। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाया। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 154 कैच भी लपके हैं।

**आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान**

धोनी आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा 235 मैचों में कप्तानी की है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 158 मैचों में कप्तानी की है। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को 2023 में आखिरी बार चैंपियन बनाया था। धोनी अपनी कप्तानी में टीम को 136 मैचों में जीत दिला चुके हैं, जबकि 97 में टीम को हार मिली।

# एशियाई मुक्केबाजी में रीतिका का गोल्डन पंच

## भारत चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहा

बैंकॉक, 12 अगस्त (एजेंसियां)। प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकीं। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाखस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रहीं।



भारत की रीतिका ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंडर-22 आयुवर्ग में महिलाओं की 80+ श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत प्रतियोगिता में ओवरऑल चौथे स्थान पर रहा। अंडर-22 में भारतीय दल ने 13 और अंडर-19 में 14 पदक हासिल किए। अंडर-19 में तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकीं। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाखस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रहीं। रीतिका ने फाइनल में कजाखस्तान की एसेल तोकतासिन को पराजित किया। मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ने रक्षण और आक्रमण का बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

सुबह के सत्र में यात्री पटेल ने 57 भारवर्ग में रजत पदक दिलाया। उन्हें फाइनल में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रिया को 60 किलो भारवर्ग के फाइनल में चीन की यू टियान के खिलाफ कड़े मुकाबले में पराजय मिली। पुरुष वर्ग में नीरज 75 भारवर्ग के खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के शावकातजोन बोलाटेव से और 90+ भारवर्ग में ईशान कटारिया उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिव से पराजित हो गए जिससे दोनों भारतीय पुरुष मुक्केबाजों ने रजत पदक हासिल किया।

# एथलीट गगनदीप को डोपिंग मामले में मिली तीन साल की सजा

## राष्ट्रीय खेलों में जीत चुके हैं स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय खेलों में चक्का फेंक के स्वर्ण पदक विजेता गगनदीप सिंह सहित कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन खिलाड़यों ने डोपिंग का आरोप लगने के 20 दिनों के अंदर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था, जिसके कारण उनकी सजा चार साल के बजाय तीन साल कर दी गई।

सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले गगनदीप ने 12 फरवरी को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की चक्का फेंक में 55.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद वह डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये गये। उनके नमूने में 'टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स' की पुष्टि होने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।



इस 30 साल के खिलाड़ी की प्रतिबंध अवधि की शुरुआत 19 फरवरी 2025 से होगी। खिलाड़ी के पहले अपराध के लिए अधिकतम प्रतिबंध की अवधि चार साल है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10.8 (परिणाम प्रबंधन समझौता) के तहत अगर खिलाड़ी अपने अपराध को जल्दी स्वीकार कर लेता है तो उसकी सजा कम हो सकती है।

गगनदीन से राष्ट्रीय खेलों का पदक वापस ले लिया जायेगा। संभावना है कि हरियाणा के खिलाड़ी निर्भय सिंह का रजत पदक अब स्वर्ण में बदल जाएगा। ट्रैक एवं फील्ड के दो अन्य एथलीट सचिन कुमार और जैनु कुमार को भी इसी प्रावधान का लाभ मिला है। इसके तहत उनके प्रतिबंध की अवधि को एक साल कम कर दिया गया है। सचिन का तीन साल का प्रतिबंध 10 फरवरी से शुरू हो गया है, जबकि जैनु के लिए यह तारीख 20 फरवरी है।

इस प्रावधान का लाभ जूडो खिलाड़ी मोनिका चौधरी और नंदिनी वत्स, पैरा पावरलिफ्टर उमेशपाल सिंह और सैमुअल वनलालतन्पुइया, भारोत्तोलक कविंदर, कबड्डी खिलाड़ी शुभम कुमार, पहलवान मुगाली शर्मा, वुशू खिलाड़ी अमन और राहुल तोमर के अलावा एक नाबालिग पहलवान को भी मिला है। इनमें से ज्यादातर को इस साल की शुरुआत में नाडा द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।

# डेविड वॉर्नर ने टी20 क्रिकेट में तोड़ा विराट कोहली का महारिकॉर्ड

## खास लिस्ट में बनाई जगह



लंदन, 12 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर डेविड वॉर्नर इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हालांकि लीग क्रिकेट में अभी भी वॉर्नर का जलवा देखने को मिलता है। फिलहाल डेविड वॉर्नर इंग्लैंड में खेली जा रही द हंड्रेड लीग 2025 में धमाल मचा रहे हैं। द हंड्रेड में वॉर्नर लंदन स्पिरिट टीम का हिस्सा हैं। वहीं बीते दिन मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के खिलाफ वॉर्नर ने कमाल की बल्लेबाजी का नजारा पेश किया। इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए वॉर्नर ने टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के एक महारिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इसके साथ ही वॉर्नर ने खास लिस्ट में अपनी जगह बना ली है।

11 जुलाई को द हंड्रेड 2025 में मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स और लंदन स्पिरिट के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में डेविड वॉर्नर ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों पर 71 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान उनके बल्ले से 12 चौके और 1 छक्का निकला। जिसके चलते अब डेविड वॉर्नर ने टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है।

विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट में अभी तक 15,543 रन बनाए हैं। विराट ने ये कारनामा 414 मैचों की 397 पारियों में करके दिखाया था। कोहली टी20 इंटरनेशनल से तो संन्यास ले चुके हैं, लेकिन आईपीएल में अभी भी खेलते हुए दिखाई देते हैं। वहीं डेविड वॉर्नर के नाम अब टी20 क्रिकेट में 15,545 रन दर्ज हो गए हैं। वॉर्नर ने ये कारनामा 419 मैचों में करके दिखाया है।

# हर्षित राणा से दोगुनी सजा 2 क्रिकेटरों को मिली

## अपने किए का भुगता अंजाम, एक ही दिन सब नपे

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। हर्षित राणा मैदान पर अपनी हरकतों के लिए पहले भी सजा भुगत चुके है. लेकिन, डीपीएल 2025 में उनके साथ ऐसा पहली बार हुआ है. यहां भी उन्हें अपने किए की सजा मिली है. सजा भुगतने वालों में वो अकेले नहीं हैं. बल्कि, उनके साथ दो और क्रिकेटर- कृष यादव और यजस शर्मा- भी हैं. दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 में ये तीनों क्रिकेटर एक ही दिन, एक ही मैच में नपे हैं. बड़ी बात ये है कि कृष यादव और यजस शर्मा को मिली सजा हर्षित राणा से सीधे दोगुनी है.



**हर्षित राणा, कृष यादव और यजस शर्मा को सजा**

ये घटना 11 अगस्त को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और वेस्ट दिल्ली लायंस के बीच मुकाबले में घटी. इस मैच में तीनों खिलाड़ियों- हर्षित राणा, कृष यादव और यजस शर्मा- को कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन का दोषी पाया गया है. इस गलती की वजह से ही तीनों क्रिकेटरों पर दिल्ली प्रीमियर लीग के आयोजकों ने सजा के तौर पर जुर्माना ठोका है. सजा पाने वाले हर्षित राणा और यजस शर्मा नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स टीम का हिस्सा हैं. वहीं, कृष यादव वेस्ट दिल्ली लायंस टीम के सदस्य हैं.

हर्षित राणा, कृष यादव और यजस शर्मा का गुनाह क्या रहा और उन पर सजा के तौर पर कितना-कितना जुर्माना लगाया गया, आइए जरा डिटेल में जानते हैं. कृष यादव और यजस शर्मा की बात करें तो इन दोनों क्रिकेटरों को डीपीएल की आचार संहिता की धारा 2.3 के लेवल 1 के तहत दोषी पाया गया है. इसका मतलब उन्होंने आक्रामक या अश्लील जेस्चर का इस्तेमाल किया. खिलाड़ियों ने मैच रेफरी के सामने अपना गुनाह कबूल कर लिया है, जिसके बाद दोनों क्रिकेटरों की मैच फीस में 20-20 प्रतिशत की कटौती की गई है.

**हर्षित राणा पर क्यों लगा जुर्माना?**

नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के कप्तान हर्षित राणा को डीपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल 1 के तहत दोषी पाया गया है. इसका मतलब ऐसी भाषा या शब्द के इस्तेमाल से है, जिससे मैच में किसी खिलाड़ी का अपमान हुआ हो. हर्षित राणा ने भी मैच रेफरी के सामने अपना गुनाह कबूल किया है. और, उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगा है.

# बेन डकेट के साथ इंग्लैंड में क्यों भिड़े थे आकाशदीप, गरमा गरम बहस का खुल गया राज?

खेल डेस्क, 12 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में आकाशदीप ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मुश्किल परिस्थिति में भी टीम इंडिया के लिए बेहतरीन गेंदबाजी की। अब वह इंग्लैंड से लौटने के बाद अपने परिवार के साथ खुशी के पल बिता रहे हैं। ओवल में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच के दौरान इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट से उनकी झड़प हो गई थी। अब आकाशदीप ने इस बातचीत का जिक्र किया है।




**क्या हुई थी बेन डकेट से बातचीत?**

ओवल टेस्ट मैच में बेन डकेट ने अपनी बल्लेबाजी के दौरान आकाशदीप से कहा था कि आप मुझे आउट नहीं कर सकते। हालांकि इसके थोड़ी देर बाद ही आकाशदीप ने डकेट को आउट कर पवेलियन भेजा था। इस दौरान जब डकेट पवेलियन लौट रहे थे, तब आकाशदीप ने उनके कंधे पर हाथ रखकर कुछ बातचीत करते हुए नजर आए थे, जिसका खुलासा अब स्टार गेंदबाज ने किया है। टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में आकाश ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर आपको शांत रहना जरूरी है। मैंने डकेट से कहा, 'तुम अकेले नहीं मारोगे; मैं भी मारूंगा। कभी-कभी तुम चूक जाते हो, और मैं मार देता हूं।

**आकाशदीप ने खेली थी अर्धशतकीय पारी**

डकेट से विवाद के बाद आकाशदीप ने अपनी बल्लेबाजी का रंग जमाया था और टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक भी जड़ा था। वह नाइटवॉचमैन के रूप में उतरे थे। लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाज उनको समय पर आउट नहीं कर सके और उन्होंने अर्धशतक जमा दिया था। आकाशदीप ने 94 गेंदों में 66 रनों की शानदार पारी खेली थी। उन्होंने 12 चौके भी अपने नाम किए थे। हालांकि गेंदबाजी में वह खासा कमाल नहीं कर सके और 2 पारियों में केवल 2 ही विकेट चटक पाए। आकाशदीप ने बर्मिंघम में खेले गए पहले मैच में 10 विकेट चटकाए थे। उन्होंने पहली पारी नें 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर तहलका मचाया था। उन्होंने 3 मैचों की 6 पारियों में 13 विकेट चटकाए थे।

# शुभमन गिल आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

खेल डेस्क, 12 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को ICC ने जुलाई का प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया। उन्होंने इस रेस में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा। शुभमन ने जून से अगस्त के बीच इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 4 शतक लगाए थे।

विमेंस क्रिकेट में इंग्लैंड की बैटर सोफिया डंकली को यह अवॉर्ड मिला। उन्होंने अपनी ही टीम की सोफी एकलस्टन और आयरलैंड की कप्तानी गैबी लुईस को पीछे छोड़ा।

जुलाई में 25 साल के शुभमन ने 94.50 की औसत से 3 टेस्ट में 567 रन बनाए। इनमें एक डबल सेंचुरी और 2 सेंचुरी शामिल रहीं। सीरीज का एक शतक उन्होंने अगस्त में लगाया, इसलिए उसे जुलाई के स्कोर में शामिल नहीं किया। गिल को चौथी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला। आईसीसी अवॉर्ड मिलने के बाद शुभमन ने कहा, 'प्लेयर ऑफ द मंथ बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस बार इस अवॉर्ड की अहमियत बहुत ज्यादा है, क्योंकि यह टेस्ट कप्तानी में मेरी पहली सीरीज की परफॉर्मेंस से मिला। बर्मिंघम में डबल सेंचुरी लगाना मुझे हमेशा याद रहेगा। यह मेरे इंग्लैंड दौरे की बड़ी हाईलाइट रही। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज मेरे लिए कप्तान के रूप में सीखने का बड़ा मौका रहा। सीरीज में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया।'



आईसीसी ने 2021 में प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड देने की शुरुआत की। तब से शुभमन गिल ने चौथी बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। इसी के साथ वे सबसे ज्यादा बार इस अवॉर्ड को जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बने। गिल ने इसी साल फरवरी में भी अवॉर्ड जीता। वहीं 2023 में उन्हें 2 बार अवॉर्ड मिला था। विमेंस प्लेयर्स में ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज भी 4-4 बार यह अवॉर्ड जीत चुकी हैं। इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में शुभमन गिल लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में 16 और 6 रन ही बना सके थे। इसके बावजूद उन्होंने बाकी 2 टेस्ट की 4 पारियों में 3 शतक लगा दिए। गिल ने सीरीज के 5 टेस्ट में 754 बनाए, जो किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट सीरीज में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। इंग्लैंड की सोफिया डंकली को विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला। उन्होंने जुलाई में भारत के खिलाफ 4 टी-20 और 3 वनडे खेले। टी-20 में उन्होंने 134.57 के स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए। इसी फॉर्म को उन्होंने वनडे में भी कायम रखा और 63 की औसत से 126 रन बना दिए।

# रवि अश्विन ने सीएसके से रिटेन होने पर सफाई मांगी

## यूट्यूब पॉडकास्ट में कहा- मुझे टीम से अलग होने में कोई दिक्कत नहीं

चेन्नई, 12 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स से अगले सीजन को लेकर सफाई मांगी है। ईएसपीएल क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार, अश्विन ने अपनी टीम सीएसके से साफ कह दिया है कि अगर टीम उन्हें रिटेन नहीं करना चाहती तो उन्हें पहले ही बता दे।



अश्विन ने टीम मैनेजमेंट से कहा है कि अगर वे टीम के फ्यूचर प्लान में फिट नहीं बैठते तो उन्हें अलग से होने से कोई परेशानी नहीं है। उन्हें बस ऑक्शन से पहले टीम इस बारे में इन्फॉर्म कर दे। अश्विन को सीएसके ने पिछले मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपए की कीमत देकर खरीदा था। हालांकि, वे टीम के लिए 14 में से 9 मुकाबले ही खेल सके। जिसमें उन्होंने 7 विकेट लिए थे। आईपीएल में प्लेयर रिटेन और रिलीज करने की आखिरी तारीख ऑक्शन के 1 सप्ताह पहले तक रहती है। इस बार का मिनी ऑक्शन नवंबर से जनवरी के बीच हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि सीएसके राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को टीम का हिस्सा बनाना चाहती है। हालांकि, इसके लिए आरआर भी किसी बड़े प्लेयर की डिमांड ही कर रही है।

ऐसे में संभव है कि आरआर रवि अश्विन को लेकर संजू सैमसन को रिलीज कर दे। हालांकि, सैमसन की कीमत अश्विन से 9.25 करोड़ रुपए ज्यादा है। ऐसे में राजस्थान जरूर अश्विन के साथ भी किसी प्लेयर को लेने की डिमांड कर सकती है।

रवि अश्विन ने पिछले दिनों अपने यूट्यूब चैनल पर संजू सैमसन के साथ पॉडकास्ट के माध्यम से एक इंटरव्यू अपलोड किया। इसमें अश्विन ने कहा, 'मैं राजस्थान के लिए 3 साल खेला। पहले साल के बाद ही मुझे सीईओ ने ई-मेल किया कि इस सीजन आपकी परफॉर्मेंस हमारी उम्मीदों से बेहतर रही, इसलिए हम आपका कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा रहे हैं। ऐसा हर साल हुआ। मुझे लगता है कि यह हर फ्रेंचाइजी की जिम्मेदारी होती है कि वह खिलाड़ी को रिटेंशन के बारे में इन्फॉर्म करती रहे।

संजू को लेकर खबरें आ रही हैं, लेकिन मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को यह अधिकार होना चाहिए कि वे टीम में रिटेन होना चाहते हैं या नहीं। मैंने भी सीएसके से अपने रोल के बारे में सफाई मांगी है। संजू के बारे में मुझे नहीं पता कि यह अफवाह कहां से उड़ रही है।'

# फुटबॉलर रोनाल्डो ने इंगेजमेंट की

## गर्लफ्रेंड जॉर्जिना ने रिंग की फोटो शेयर की



खेल डेस्क, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पुर्तगाल और अल नस्त्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रॉड्रिगेज के साथ सगाई कर ली है। जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एंगेजमेंट रिंग की फोटो शेयर की है।

जॉर्जिना ने अपने हाथ और रोनाल्डो के हाथ की फोटो पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, 'हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में।' हालांकि, रोनाल्डो ने अब तक इसे लेकर कोई पोस्ट नहीं किया है।

रोनाल्डो और जॉर्जिना नौ साल (2016) से डेट कर रहे हैं। दोनों ने 2017 की शुरुआत में अपने रिश्ते की पुष्टि की थी और ज्यूरिख में फीफा फुटबॉल अवाड्र्स में पहली बार एक साथ दिखाई दिए थे।

जॉर्जिना एक स्पेनिश मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इन दोनों के साथ में चार बच्चे हैं। एवा मारिया और मातेओ का जन्म 2017 में सरोगेसी से हुआ था। वहीं, 2017 में ही जॉर्जिना ने बेटी अलाना मार्टिना और 2022 में बेला एस्मेराल्डा को जन्म दिया था। इसके अलावा रोनाल्डो का एक बेटा भी है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर, जिनका जन्म 2010 में हुआ था।

# वैभव सूर्यवंशी के लिए बीसीसीआई ने स्पेशल प्लान बनाया

## आएगा टीम इंडिया का बुलावा !

मुंबई, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के लाल 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी इन दिनों क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए हैं। भारत हो या बाहर वैभव का बल्ला जमकर आग उगलता है। फिलहाल वैभव अंडर-19 टीम इंडिया का हिस्सा है और हाल ही में इंग्लैंड में खेली गई सीरीज में उन्होंने धमाल मचाया था। वहीं अब वैभव को बीसीसीआई से फोन आया, जिसके बाद वैभव सीधे नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंचा दिया। जहां वैभव को खास ट्रेनिंग दी जाएगी।



**बीसीसीआई ने वैभव के लिए तैयार किया खास ट्रेनिंग प्लान**

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वैभव सूर्यवंशी को फोन करके एनसीए बुलाया है। जहां बीसीसीआई ने वैभव के लिए खास ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार किया है। इस दौरान तकनीकी ड्रिल्स और मैच परिस्थितियों पर भी काम किया जाएगा। इस दौरान वैभव एक सप्ताह तक ट्रेनिंग लेंगे।

**क्या बोले वैभव के बचपन के कोच?**

वैभव सूर्यवंशी के बचपन के कोच मनीष ओझा ने बताया धीरे-धीरे सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले रहे हैं, ऐसे में खाली जगह को भरने के लिए अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को तैयार करना बेहद जरुरी है। ऐसे में वैभव के लिए ये ट्रेनिंग उसी खाली जगह को भरने की प्रक्रिया का हिस्सा है। वैभव एक सप्ताह तक ये ट्रेनिंग करेंगे, इसके बाद वे अंडर-19 इंडिया कैंप से जुड़ जाएंगे।

**इंग्लैंड में किया था शानदार प्रदर्शन**

आईपीएल 2025 के बाद वैभव सूर्यवंशी का बल्ला इंग्लैंड में भी खूब चला। इंग्लैंड के साथ खेली गई यूथ वनडे सीरीज में बल्लेबाजी करते हुए वैभव ने 5 मैचों में 355 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से एक शानदार शतक भी देखने को मिला था। इस सीरीज में वैभव ने 52 गेंदों पर ही सेंचुरी लगा दी थी। जो यूथ वनडे सीरीज में किसी भी खिलाड़ी का सबसे तेज शतक था।

# भट्टी ने व्यापक सड़क विकास का वादा किया

## डिप्टी सीएम ने एचएएम सड़क निर्माण समिति की बैठक में भाग लिया




हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में पूरा मंत्रिमंडल राज्य में बड़े पैमाने पर सड़क विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य के लिए कड़ा संघर्ष करने वाली जनता की सरकार अब उन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनके लिए तेलंगाना का गठन किया गया था।

उन्होंने कहा, सड़कें सभ्यता का प्रतीक हैं, सड़क विकास से दूरदराज के इलाकों में उत्पादित वस्तुओं को आसानी से कहीं भी पहुंचाया जा सकेगा।

सड़क निर्माण से उद्योगों का विकास होगा, जिससे राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और आय का सृजन होगा। राज्य सरकार न केवल कल्याणकारी कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, बल्कि तेलंगाना के उत्थान के तहत बुनियादी ढांचे, उद्योगों, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को भी आगे बढ़ा रही है।

मंगलवार को हाईटेक्स में आयोजित एचएएम सड़क निर्माण समिति की बैठक में बोलते हुए, भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि पंचायत राज विभाग के अंतर्गत, राज्य सरकार ने 17 पैकेजों के माध्यम से 7,947 किलोमीटर सड़कों का विकास करने का निर्णय लिया है, और सड़क एवं भवन विभाग के अंतर्गत, 17 पैकेजों के माध्यम से 5,190 किलोमीटर सड़कों का विकास करने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द कैबिनेट द्वारा स्वीकृत सड़क परियोजनाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित करेगी और काम शुरू करेगी। ठेकेदारों को वित्तीय रूप से प्रोत्साहित करने के लिए, बैंकरों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ठेकेदारों की समस्याओं से अवगत है, और पिछली सरकारों ने 1.75 लाख करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लिए समझौते किए थे और 45,000 करोड़ रुपये के कार्यों के लिए टोकन जारी किए थे, लेकिन बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रही, जिससे वर्तमान सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ गया।

उन्होंने आश्वासन दिया, मुख्यमंत्री, मंत्रियों और सरकारी सचिवों द्वारा इस मामले पर ध्यान केंद्रित करने से वित्तीय स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है और सरकार ठेकेदारों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ठेकेदारों, उद्योगपतियों और निवेशकों को धन सृजन में भागीदार मानती है। यह मानवीय दृष्टिकोण से काम करती है। यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, राज्य में कुछ सड़कों को अभी भी चार-लेन सड़कों में परिवर्तित करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शीघ्र ही सूची तैयार करें, उसे मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत करें और अनुमोदन प्राप्त करें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एचएएम सड़कों के वित्तपोषण में 40 प्रतिशत का योगदान देगी और आवश्यक संसाधन जुटाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ठेकेदारों को भविष्य में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने दोहराया कि ठेकेदारों को तेलंगाना के उभरते हुए विकास में भागीदार होना चाहिए और छोटे ठेकेदारों को एचएएम सड़क निर्माण कार्यों में अवसर दिए जाएंगे।

## 17 अगस्त तक भारी बारिश की आशंका

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मौसम विभाग और शहर के स्वतंत्र मौसम विशेषज्ञों ने 17 अगस्त तक राज्य में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार और गुरुवार को हैदराबाद में भारी से बहुत भारी बारिश के साथ-साथ गरज के साथ छींटे और तेज हवाएं चलने की संभावना है। पूर्वानुमान में आदिलाबाद, कामारेड्डी, कुमुराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, जयशंकर भूपालपल्ली, मेदक, संगारेड्डी, विकाराबाद और निज़ामाबाद जिलों में 15-16 अगस्त को अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना भी बताई गई है। इस बीच, स्वतंत्र मौसम विशेषज्ञ टी बालाजी (तेलंगाना वेदरमैन) ने 12 से 16 अगस्त के बीच राज्य भर में व्यापक बारिश होने का संकेत दिया है।

# गट्टू वामन राव मामले में असली दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी एवं उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने गट्टू वामन राव दंपत्ति हत्याकांड की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का स्वागत किया है। मंगलवार को जारी एक बयान में, मंत्री ने कहा कि इस आदेश से न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास मजबूत हुआ है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि न्याय तभी होगा जब असली दोषियों और उन्हें शह देने वाले तत्कालीन सरकार के वरिष्ठ नेताओंको उचित सजा मिलेगी। श्रीधर बाबू ने मंथनी में दिनदहाड़े वकील वामन राव और उनकी



पत्नी की नृशंस हत्या के प्रति पूरी तरह उदासीन रहने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना की।

उन्होंने आरोप लगाया कि निष्पक्ष जांच करने के बजाय, उन्होंने असली अपराधियों को बचाया। श्रीधर बाबू ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उस सरकार के वरिष्ठ नेताओं (जिन्हें अपने बेटे और बहू को खोने वाले शोकाकुल माता-पिता को न्याय दिलाना चाहिए था) ने जांच को पटरी से उतार दिया और असली हत्यारों को संरक्षण दिया।

मंत्री ने आगे कहा कि नागरिक समाज संगठनों और कांग्रेस पार्टी द्वारा मामले को सीबीआई को सौंपने की बार-बार अपील के बावजूद, तत्कालीन सरकार ने इन मांगों को नजरअंदाज कर दिया। न्यायपालिका में अपने अटूट विश्वास को दोहराते हुए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला, "अंततः... न्याय की जीत होगी।"

# राजगोपाल रेड्डी ने विकास निधि आवंटन में निष्पक्षता का आह्वान किया

### कांग्रेस आलाकमान के मंत्री पद का आश्वासन पूरा करने का इंतजार

नलगोंडा, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुनुगोड़े से कांग्रेस विधायक कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने राज्य सरकार से अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए धनराशि आवंटित करने में भेदभाव न करने का आग्रह किया है। मंत्री पद न दिए जाने पर कांग्रेस पार्टी नेतृत्व के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए, राजगोपाल रेड्डी ने कहा, मैं अन्याय सह सकता हूं, लेकिन मुनुगोड़े के साथ किसी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के लिए धनराशि का समान आवंटन होना चाहिए। राजगोपाल रेड्डी ने मंगलवार को विधान पार्षद नेलिकंती सत्यम के साथ इलागालागुडेम गांव में 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित एक नए ग्राम पंचायत भवन का आधिकारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें मंत्री पद का आश्वासन दिया है, और वह पार्टी द्वारा अपना वादा



पूरा करने का इंतज़ार करने को तैयार हैं। कांग्रेस विधायक ने ज़ोर देकर कहा कि पार्टी आलाकमान ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने के दो वादे किए थे, लेकिन 18 महीने बीत जाने के बाद भी उन्होंने वह वादा पूरा नहीं किया। कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने सवाल किया, अब वे यह दावा क्यों कर रहे हैं कि व्यवस्थाएं ठीक नहीं हो रही हैं? मंत्री पद पर मेरी नियुक्ति में क्या बाधा है? इस प्रक्रिया में कौन बाधा डाल रहा है? उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पूर्ववर्ती खम्मम ज़िले से चुने गए नौ विधायकों में से तीन को कैबिनेट पद मिला था, और उन्होंने बताया कि नलगोंडा में 11 कांग्रेस विधायक हैं, जिससे संकेत मिलता है कि उनमें से तीन को भी मंत्रिमंडल में शामिल करना उचित होगा। उन्होंने सवाल किया कि खम्मम के लिए इस्तेमाल किया गया यही तर्क नलगोंडा पर क्यों लागू नहीं किया गया। मुनुगोड़े के विधायक ने इस बात पर ज़ोर दिया कि विधानसभा चुनावों से पहले, कांग्रेस आलाकमान ने कोमटिरेड्डी बंधुओं को कैबिनेट पद देने का वादा करते हुए उनकी राजनीतिक स्थिति को पूरी तरह से पहचाना था। उन्होंने सवाल किया, हम दोनों योग्य नेता हैं, और हमें मंत्री बनाए जाने को लेकर कोई चिंता नहीं होनी चाहिए। अगर खम्मम के लिए व्यवस्था की जा सकती है, तो नलगोंडा के लिए क्यों नहीं? क्या कोई इसका विरोध कर रहा है?

## केटीआर ने की केसीआर शासन की सराहना

### तेलंगाना के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में आयी थी क्रांति

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि बीआरएस सरकार ने ग्रामीण औद्योगीकरण को बहुप्रतीक्षित नीतिगत प्रोत्साहन दिया, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था मज़बूत हुई। उन्होंने तेलंगाना के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में क्रांति लाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का आभार व्यक्त किया।

सिरसिला में स्थापित अगस्त्य फ़ूड्स की सफलता की कहानी साझा करते हुए, रामा राव ने इसे भारत के सुदूर इलाकों में मौजूद अप्रयुक्त क्षमता का एक उदाहरण बताया। उन्होंने बताया कि कंपनी ने नर्मला गांव में एक विश्वस्तरीय खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित की है, जहां निर्यात-गुणवत्ता वाले सुपरफ़ूड का उत्पादन होता है। यह इकाई स्थानीय स्तर पर 130 लोगों को रोज़गार देती है और अपने उत्पादों को कई देशों में भेजती है। उन्होंने कहा, खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण भारत में विकास की अपार संभावनाओं वाला एक आशाजनक क्षेत्र है।

# भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष की नजरबंदी की निंदा की, आंदोलन शुरू करने की चेतावनी

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा ने आज सुबह तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एन रामचंदर राव की नजरबंदी की कड़ी निंदा की, जिससे उन्हें पार्टी द्वारा आयोजित "घर-घर तिरंगा" कार्यक्रम में भाग लेने से रोक दिया गया। राव को सिकंदराबाद और गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र में कार्यक्रम में भाग लेना था, तभी पुलिसकर्मियों का एक दल उनके तरनाका स्थित आवास पर पहुंच गया और उन्हें नजरबंद कर दिया।

राव की नजरबंदी की खबर सुनकर, दिल्ली में संसद सत्र में व्यस्त केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने इसकी निंदा की और कांग्रेस सरकार पर जुबली हिल्स उपचुनाव में एक विशेष समुदाय के वोटों के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। संजय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार एक समुदाय के वोटों के लिए हिंदुओं की भावनाओं के साथ राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि राव को नजरबंद कर दिया गया, जबकि उनका बंजारा हिल्स स्थित पेद्दम्मा मंदिर में हिंदू संगठनों द्वारा आयोजित कुमकुम-आर्चना समारोह में शामिल होने का कोई कार्यक्रम नहीं था। उन्होंने इस गिरफ़्तारी को राज्य सरकार का एक "मूर्खतापूर्ण" कृत्य बताया और सवाल किया कि हिंदुओं का पेद्दम्मा मंदिर जाना क्यों ग़लत है।

एक बयान में, राज्य पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी एन वी सुभाष ने कांग्रेस सरकार के कृत्य की आलोचना की और पार्टी प्रमुख की तत्काल रिहाई की मांग की। "घर-घर तिरंगा" में भाग लेने से रोकना लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

उन्होंने कहा कि पिछली बीआरएस सरकार के शासनकाल में भी हमने ऐसी कई घटनाएं देखी हैं और केसीआर सरकार ने विपक्ष को अवैध रूप से गिरफ़्तार करके उनकी आवाज़ दबाने की कोशिश की थी और कांग्रेस सरकार भी उसी रास्ते पर चल रही है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता ने बीआरएस को सबक सिखाया है और उस पार्टी को नकार दिया है और आने वाले दिनों में वे रेवंत रेड्डी सरकार को भी यही सबक सिखाएंगे।

# कमिश्नर ने नलगोंडा एक्स रोड-ओवैसी जंक्शन फ़्लाईओवर के शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के दृढ़ प्रयास में, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के आयुक्त आर.वी. कर्णन ने मंगलवार को मलकपेट विधायक अहमद बिन अब्दुल्ला बलाला, चारमीनार ज़ेडसी वेंकन्ना के साथ नलगोंडा एक्स रोड से ओवैसी जंक्शन तक 2.58 किलोमीटर लंबे चार-लेन द्वि-दिशात्मक फ़्लाईओवर का व्यापक निरीक्षण किया। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने और भूमि अधिग्रहण संबंधी बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया ताकि मार्च 2026 तक निर्माण कार्य पूरा होने की लक्षित तिथि को पूरा किया जा सके। रणनीतिक सड़क विकास कार्यक्रम (एसआरडीपी) का हिस्सा, यह महत्वपूर्ण गलियारा शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक पर यातायात की भीड़ को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। चंचलगुडा स्थित सरकारी प्रिंटिंग प्रेस से सैदाबाद और आईएस सदन होते हुए यादगिरी थिएटर तक फैली 620 करोड़ रुपये की इस परियोजना का उद्देश्य निर्बाध और संघर्ष-मुक्त यातायात प्रवाह बनाना है। निरीक्षण के दौरान, कर्णन ने कार्य निष्पादन में गति और गुणवत्ता दोनों बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर दिया। परियोजना इंजीनियरों ने मार्च 2026 की समय-सीमा तक फ़्लाईओवर पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। लंबित भूमि अधिग्रहण के कारण हो रही देरी को देखते हुए, आयुक्त ने नगर नियोजन अधिकारियों को आगे की बाधाओं को रोकने के लिए इन मुद्दों का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। दौरे के दौरान मौजूद मलकपेट के डीसी एमके आई अली, रखरखाव कार्यकारी अभियंता पीयरसिंग और परियोजना कार्यकारी अभियंता भूपाल ने पूर्ण सहयोग और समय-सीमा का पालन करने का आश्वासन दिया। इसके बाद, आयुक्त ने दबीरपुरा क्षेत्र में जल निकासी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में, नालों और नालियों से बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के बहना चाहिए और बाढ़ नहीं आनी चाहिए जिससे आसपास रहने वाले निवासियों को नुकसान हो। इस अवसर पर बोलते हुए, कर्णन ने कहा कि नलगोंडा एक्स रोड से ओवैसी जंक्शन फ़्लाईओवर यातायात की भीड़ को कम करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा, हम चुनौतियों से पार पाने और मार्च 2026 तक इस विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे को पूरा करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं।

## बीआरएस पार्टी की करीमनगर ज़िला पिछड़ा वर्ग जनसभा स्थगित

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी की करीमनगर में 14 अगस्त को प्रस्तावित पिछड़ा वर्ग जनसभा स्थगित कर दी गई है। अगले पांच दिनों तक लगातार बारिश की चेतावनी के मद्देनज़र यह निर्णय लिया गया है। पार्टी ने यह बैठक राज्य और केंद्र सरकारों से पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग के लिए आयोजित करने की योजना बनाई थी और बैठक की तैयारियां भी चल रही थीं। सरकारी मौसम विभाग के निर्देशों और सरकार की अग्रिम चेतावनियों के मद्देनजर कि इस महीने की 14, 15, 16 और 17 तारीख को तेलंगाना राज्य में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, हम गुरुवार को होने वाले बीसी कष्टना भेरी कार्यक्रम को स्थगित कर रहे हैं। बीआरएस विधायक और पूर्व मंत्री गंगुला कमलाकर ने एक बयान में कहा कि मौसम अनुकूल होने पर हम अगले कार्यक्रम की तारीख तय करने के लिए कदम उठाएंगे। इसलिए, मैं भारत राष्ट्र समिति के कार्यकर्ताओं और पार्टी प्रशंसकों से पार्टी के इस फैसले पर ध्यान देने का अनुरोध करता हूं।

# केटीआर ने फोन टैपिंग के आरोपों पर बंडी संजय को कानूनी नोटिस भेजा

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव (केटीआर) ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार को कथित फोन टैपिंग विवाद से जुड़ी उनकी "निराधार और अपमानजनक" टिप्पणियों के लिए कानूनी नोटिस जारी किया है। केटीआर के कानूनी सलाहकार के माध्यम से भेजे गए इस नोटिस में बंडी संजय द्वारा 8 अगस्त को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिए गए बयानों का ज़िक्र है, जो केटीआर के अनुसार, झूठे, गैर-ज़िम्मेदाराना और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से किए गए थे। वकीलों ने कहा कि बिना किसी सबूत के लगाए गए ऐसे आरोप एक केंद्रीय मंत्री और सांसद के लिए अनुचित हैं, और एक अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि की छवि को धूमिल करने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। मंगलवार को यहां एक बयान में, केटीआर की कानूनी टीम ने बंडी संजय पर विशुद्ध रूप से



राजनीतिक लाभ और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए बार-बार निराधार आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे बताया कि तेलंगाना के गठन के बाद से राज्य में विभिन्न मंत्री पदों पर रहे केटीआर का सार्वजनिक सेवा का बेदाग रिकॉर्ड रहा है और इस तरह के अपमानजनक प्रचार से उनकी प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। नोटिस में बंडी संजय से केटीआर और उनके परिवार से बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने और यह आश्वासन देने की मांग की गई है कि भविष्य में इस तरह का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष अपमानजनक बयान नहीं दिया जाएगा। इसमें चेतावनी दी गई है कि सात दिनों के भीतर ऐसा न करने पर दीवानी और फौजदारी दोनों तरह की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और बंडी संजय को हुए नुकसान के लिए पूरी तरह उत्तरदायी ठहराया जाएगा। वकील ने ज़ोर देकर कहा कि 8 अगस्त की प्रेस वार्ता में लगाए गए एक भी आरोप का कोई सबूत नहीं है और उन्होंने केंद्रीय मंत्री पर व्यक्तिगत हमले करने के लिए अपने पद का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे कोई भी "बेबुनियाद, झूठा और दुर्भावनापूर्ण" बयान कानून के तहत कड़े कानूनी परिणामों को आमंत्रित करेगा।




## ट्रैक्टर पलटने से 3 साल के बच्चे की मौत

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार शाम उपनगर याचारम के मेडिपल्ली में रेत ले जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली के कथित रूप से पलट जाने से 3 साल की एक बच्ची की कुचलकर मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब ट्रैक्टर पानी से भरी पुलिया को पार कर रहा था और उसका संतुलन बिगड़ गया।

ट्रैक्टर बीरपुर से मनासन रेत लेकर जा रहा था। अवंतिका नाम की लड़की अपने पिता के साथ ट्रैक्टर के आगे बैठी थी। जैसे ही ट्रैक्टर पुलिया पार कर रहा था, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। लड़की के सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत इब्राहिमपटनम सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। याचारम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# कनिष्ठ सहायक को छः हजार रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंचेरियल जिले के कोटापल्ली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अंगराजपल्ली के कनिष्ठ सहायक और प्रभारी, गडियाराम श्रीनिवासुलु को एसीबी अधिकारियों ने रंगे हाथों उस समय गिरफ्तार कर लिया जब उन्होंने शिकायतकर्ता से एक आधिकारिक उपकार करने के लिए 6,000 रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की, अर्थात शिकायतकर्ता से संबंधित दो डीए बकाया बिल तैयार करने और उन्हें कोटापल्ली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डीडीओ को जमा करने के लिए।

आरोपी अधिकारी के कब्जे से 6,000 रुपये की रिश्वत की राशि बरामद की गई, जिसने अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्यों का अनुचित और बेईमानी से पालन किया। अतः, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और विशेष पुलिस एवं एसीबी मामलों के विशेष न्यायाधीश, करीमनगर के समक्ष पेश किया गया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.